Impact Factor : 7.834

गीना देवी शोध संस्थान
द्वारा पटियाला, श्रीगंगानगर व नेपाल से प्रसारित
साहित्य, शिक्षा, संस्कृति एवं शोध का अंतर्राष्ट्रीय मासिक

ISSN : 2321-8037
July-August 2025
Volume 13, Issue 7-8

Gina Shodh SANGAM

AN INTERNATIONAL MULTI DISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 2018)

Editor :
Dr. Rekha Soni

Chief-Editor :
Dr. Naresh Sihag Adv.

संस्थापक सम्पादिका :
स्मृति शेष
डॉ. विश्वकीर्ति

संगम SANGAM

बहुभाषिक बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक

AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL

www.ginajournal.com

संस्थापक संरक्षक :
स्मृति शेष
श्री हरविन्द्र कमल चौधरी

वर्ष : 13 | अंक : 7–8 (3) | जुलाई – अगस्त : 2025 | आई एसएसएन : 2321–8037

सम्पादक :

डॉ. रेखा सोनी
शिक्षा विभाग, टांटिया वि.वि.,
श्रीगंगानगर – 3 3 5001 (राज.)

प्रधान सम्पादक :
डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट
सचिव, गीना देवी शोध संस्थान,
भिवानी (हरियाणा)

मार्गदर्शन :
डॉ. राजेन्द्र गोदारा
श्रीगंगानगर, राजस्थान।

डॉ. सुरजीत सिंह कस्वां
श्रीगंगानगर, राजस्थान।

डॉ. लक्ष्मी जोशी
त्रिभुवन वि.वि. काठमाण्डू।

डॉ. सृष्टि चौधरी
लेक्चरर, इलेक्ट्रानिक्स
एंड कम्युनिकेशन,
सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज फॉर
गर्ल्स, पटियाला, पंजाब।

श्री श्रेष्ठ चौधरी,
सीनियर मैनेजर,
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,
साहिबजादा अजित सिंह नगर,
मोहाली, पंजाब।

कानूनी सलाहकार :
डॉ. रामफल दलाल एडवोकेट,
श्रीमती रूपिन्द्र कौर, एडवोकेट

सलाहाकार समिति (Advisory Committee)

डॉ. सुलक्षणा अहलावत
अंग्रेजी प्रवक्ता, शिक्षा विभाग
नूंह (हरियाणा)

डॉ. अरूणा अंचल
बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय,
रोहतक (हरियाणा)

डॉ. सुशीला
चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी।

डॉ. अल्पना शर्मा
आईएएसई विश्वविद्यालय सरदारशहर

डॉ. विजय महादेव गाडे
बाबा साहेब चितले महाविद्यालय
भिलवडी (महाराष्ट्र)

डॉ. लता एस. पाटिल
राजीव गांधी बीएड कॉलेज
धारवाड़ (कर्नाटक)

डॉ. रीना कुमारी
दशमेश गर्ल्स कॉलेज,
अल्ला बक्श, मुकेरिया, पंजाब।

श्री राकेश शंकर भारती
यूक्रेन।

श्री हेमराज न्यौपाने
नेपाल।

डॉ. ममता तनेजा
अबोहर, पंजाब।

डॉ. प्रियंका खंडेलवाल
बराण, राजस्थान।

डॉ. संदीप
ओम विश्वविद्यालय, हिसार।

प्रो. मधुबाला
राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार।

डॉ. पीयूष कुमार द्विवेदी
जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग
विश्वविद्यालय, चित्रकूट, उत्तरप्रदेश

डॉ. हवासिंह ढाका
राजकीय महाविद्यालय, हिन्दुमलकोट,
श्रीगंगानगर (राजस्थान)

डॉ. मानसिंह दहिया
संस्कृत प्रवक्ता, शिक्षा विभाग हरियाणा

डॉ. राजेश शर्मा
टांटिया विश्वविद्यालय,
श्रीगंगानगर (राजस्थान)

डॉ. मोहिनी दहिया
माती जीतोजी कन्या महाविद्यालय,
सूरतगढ़ (राजस्थान)

डॉ. मुद्दस्सिर अहमद भट्ट
हिन्दी विभाग,
कश्मीर विश्वविद्यालय श्रीनगर, कश्मीर

डॉ. सीहेच वी. महालक्ष्मी
सीहेच एसडीएसटी थेरेसा महिला
महाविद्यालय, एलुरू, आंध्र प्रदेश

डॉ. मोरवे रोशन के.
यूनाईटिड किंगडम।

डॉ. अनुपमा, पूर्व प्रोफेसर,
अंकारा विश्वविधालय, अंकारा, टर्की

डॉ. आर.के विश्वास
अध्यक्ष होम्योपैथिक, टांटिया, वि.वि.

प्रकाशक, स्वामी एवं मुद्रक **डॉ. नरेश सिहाग,** एडवोकेट ने **मनभावन प्रिन्टर्ज,** पुराना बस स्टैण्ड रोड़, नया बाजार, भिवानी से छपवाकर 202, पुराना हाऊसिंग बोर्ड, भिवानी–127021 (हरियाणा) से जारी किया।

संगम SANGAM

बहुभाषिक बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक

AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL

(Journal of Literature, Arts, Science, Commerece, Culture, Humanities and Social Sciences)

सचिव :

डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट

202, पुराना हाऊसिंग बोर्ड,

भिवानी-127021 (हरियाणा)

Email : grngobwn@gmail.com

मो. 09466532152

संगम मासिक पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं/लेखों की मौलिकता का दायित्त्व स्वयं रचनाकारों/लेखकों का है। उससे सम्पादक व प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं। किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्यायक्षेत्र केवल भिवानी (हरियाणा) होगा।
सम्पादन और प्रबंधन के सभी पद पूर्ण रूप से अवैतनिक हैं।

Published by :

Gugan Ram Educational & Social Welfare Society (Regd.)

202, Old Housing Board,

Bhiwani-127021 (Haryana) INDIA

Email : grsbohal@gmail.com

Facebook.com/bohalshodhmanjusha

Website : www.bohalsm.blogspot.com

WhatsApp : 9466532152

All Right Reserved by Publisher & Editor

Price

Individual/Institutional : 1300/-

Disclaimer :

1. Printing, Editing, Selling and distribution of this Journal is absolutely honorary and non-commercial.
2. All the Cheque/Bank Draft/IPO should be sent in the name of Gugan Ram Educational & Social Welfare Society payable at Bhiwani.
3. Articles in this journal do not reflect the Views or Policies of the Editor's or the Publisher's. Respective authors are responsible for the originally of their views/opinions expressed in their articles.
4. All dispute will be Subject to Bhiwani, Hry. Jurisdication only.

Printed by : Manbhawan Printers, Old Bus Stand Road, Naya Bazar, Bhiwani (Hry.)

Impact Factor : 7.834

ISSN : 2321-8037

Gina Shodh SANGAM

Peer Reviewed & Refereed Research Journal

International Journal of Literature, Arts, Culture, Humanities and Social Sciences

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 2018)

Publisher : Gugan Ram Educational & Social Welfare Society (Regd.)

तालिका– 2

शैक्षणिक / शोध अंक की गणना हेतु विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए कार्यप्रणाली

(आकलन शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों पर आधारित होना चाहिए, जैसेः प्रकाशनों की प्रति, परियोजना स्वीकृति पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपयोग तथा पूर्णता प्रमाण पत्र, पेटेंट दर्ज कराने संबंधी अभिस्वीकृति और स्वीकृति पत्र, विद्यार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान किए जाने संबंधी पत्र इत्यादि।)

क्रम सं.	शैक्षणिक / शोध क्रियाकलाप	विज्ञान / अभियांत्रिकी / कृषि / चिकित्सा / पशु–चिकित्सा विज्ञान संकाय	भाषा / मानविकी / कला / सामाजिक विज्ञान / पुस्तकालय / शिक्षा / शारीरिक शिक्षा / वाणिज्य / प्रबंधन तथा अन्य संबंधित विधाएं
1	समकक्ष व्यक्ति समीक्षित अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सूचीबद्ध पत्रों में शोध पत्र	08 प्रति पत्र	10 प्रति पत्र
2	प्रकाशन (शोध पत्रों के अतिरिक्त)		
	(क) लिखी गई पुस्तकें, जिन्हें निम्नवत के द्वारा प्रकाशित किया गया :		
	अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशक	12	12
	राष्ट्रीय प्रकाशक	10	10
	संपादित पुस्तक में अध्याय	05	05
	अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशक द्वारा पुस्तक का संपादक	10	10
	राष्ट्रीय प्रकाशक द्वारा पुस्तक का संपादक	08	08
	(ख) योग्य संकाय द्वारा भारतीय और विदेशी भाषाओं में अनुवाद कार्य		
	अध्याय अथवा शोध पत्र	03	03
	पुस्तक	08	08
3	आईसीटी के माध्यम से शिक्षण ज्ञान– अर्जन, शिक्षण शास्त्र और विषयवस्तु का सृजन तथा नए और नवोन्मेषी पाठ्यक्रमों और पाठ्यचर्या का विकास		
	(क) नवोन्मेषी अध्यापन का विकास	05	05
	(ख) नई पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रमों को तैयार करना	02 प्रति पाठ्यचर्या / पाठ्यक्रम	02 प्रति पाठ्यचर्या / पाठ्यक्रम

202, Old Housing Board, Bhiwani, Haryana-127021

www.bohalsm.blogspot.com grsbohal@gmail.com 8708822674 9466532152

अनुक्रमाणिका

क्र.	विषय	लेखक	पृष्ठ
1.	सम्पादकीय	डॉ. रेखा सोनी	07–08
2.	वर्तमान समय में भारत के युवाओं की समस्याओं का एक अध्ययन	डॉ. चन्द्रशेखर सिंह	09–16
3.	मानव वन्य जीव सह-अस्तित्व एवं संघर्ष	डॉ. नीरज कारगवाल	17–20
4.	विविध समस्याओं का समाधान : एक परामर्श आधारित दृष्टिकोण	प्रो. बी. एल. जैन, डॉ. अमिता जैन	21–25
5.	క్రైస్తవ మిషనరీ – వైద్యరంగం	డా..జూరెడ్డి నిర్మల,	26–30
6.	ପରଜା ଆଦିବାସୀ ଲୋକଗୀତର ସାମାଜିକ-ସାଂସ୍କୃତିକ ଦିଗ (The Socio-Cultural Dimensions of Paraja Tribal Songs)	Dr. Prahallad Khilla	31-41
7.	मुगलकाल में महिलाओं का सामाजिक जीवन एवं स्त्रियों की स्थिति	आरती ओरिया	42–45
8.	समाज, संस्कृति और साहित्य का पारस्परिक संबंध	डॉ. प्रियंका कुमारी	46–52
9.	वैदिक काल में स्त्रियों की दशा : एक अवलोकन	सुनीता कुमारी	53–57
10.	विद्यालयी शिक्षा के साथ चित्रकला- सोने पे सुहागा	सितेंद्र रंजन सिंह	58–61
11.	EVOLUTION OF MADHUBANI ART : UNFOLDING THE PETALS	SABHYATA RANI SINGH	62-66
12.	टेराकोटा : आधुनिक दुनिया में एक प्राचीन सामग्री	समरेंद्र रंजन सिंह	67–70
13.	मधु कॉंकरिया के उपन्यास 'सेज पर संस्कृत' में चित्रित स्त्री चेतना	अनिता रानी, डॉ. मीनू	71–76
14.	नासिरा शर्मा के रचनाओं में स्त्री चेतना	रचना चौधरी, डॉ. तेलेम कमलावती देवी, डॉ. मो. मजीद मियाँ	77–81
15.	जीवनानुभवों के आरंभिक पक्ष को उभारती आत्मकथा 'आत्मस्वीकृति'	डॉ. सपना शर्मा, प्रीति शर्मा	82–86
16.	महिलाएं एवं आर्थिक निर्भरता (कुमाऊँ मण्डल के विशेष सन्दर्भ)	डॉ. श्वेता चनियाल	87–93
17.	PROPERTY RIGHTS OF MUSLIM WOMEN UNDER MUSLIM LAW	Tabassum Baig Dr. Farhat Khan	94-99
18.	महिला आत्मकथाकारों के आत्मकथा में स्त्री शोषित जीवन	प्रा. डॉ. गायके मुंजाजी मारोतराव	100–103

19.	**A.D.R. Mechanism in Resolving Matrimonial Dispute**	**Adv. Mrunal Ghate, Dr. Farhat Khan**	**104-116**
20.	**Transfer Pricing in India : Litigation Trends and Policy Recommendations for Dispute Resolution**	**Mamta Bhawanishanker Khandelwal**	**117-120**
21.	**Artificial Intelligence in Education : Transforming Teaching and Learning**	**Dr. Beena Sharma**	**121-125**
22.	विद्यालयों में ड्रॉप आउट के कारण और उपाय	राजीव प्रियदर्शनिम	126–130
23.	दक्षिण भारत की कोरागा जनजाति : एक अंतदृष्टि अध्ययन	नयना जैन, डॉ० सुमन कौशिक	131–135
24.	माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत दिव्यांग बालक-बालिकाओं की सांवेगिक बुद्धि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन	डॉ. राजपाल सिंह यादव, केदार सिंह	136–142
25.	आधुनिक परिप्रेक्ष्य में स्वामी विवेकानन्द के शैक्षिक दर्शन की प्रासंगिकता	ममता सुशील, डॉ. एकता भारद्वाज	143–147
26.	बक्सर जिला के दलसागर गांव में ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने में आधुनिक संचार तकनीक की भूमिका	नीतीश वर्धन	148–159
27.	डिजिटल मीडिया और युवा : सामाजिक संबंधों का बदलता स्वरूप	संदीप पारीक	160–163
28.	भारतीय दर्शन में कर्म सिद्धांत और आधुनिक समाज : एक दार्शनिक अध्ययन	डॉ. झंवर राम	164–166
29.	गया जी जिला के नेपा गांव के आधुनिक समय में बदलते हुए समाज का एक समाजशास्त्रियों अध्ययन	डॉ. संध्या कुमारी	167–174
30.	**Gandhi and Ahimsa : The Power of Truth and Love**	**Dr Ravi**	**175-180**
31.	**Impact of Digital Media on the Aspirations of Young Rural Women : A Study of Villages in Samastipur District, Bihar**	**Dr. Punam kumari**	**181-189**
32.	कोविड-19 महामारी का शिक्षा व्यवस्था पर प्रभाव - अवसर और चुनौतियाँ	**Dr. Praveen Sharma**	**190-195**
33.	उच्च शिक्षा में आयुर्वेद, योग और कल्याण	**Dr. Ravat Ram Pareek**	**196-203**

सम्पादक की कलम से.....

साहित्य और समाज : समय के संग संवाद

वर्तमान दौर में जब समाज बहुआयामी संकटों और संभावनाओं के द्वंद्व में फंसा हुआ है, साहित्य की भूमिका और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है। साहित्य केवल कल्पनाओं का ताना–बाना नहीं है, यह समाज की आत्मा का आईना है। 'गीना शोध संगम' के जुलाई–अगस्त अंक में हम इसी आत्मा की पड़ताल करने का विनम्र प्रयास कर रहे हैं – एक ऐसे विमर्श की ओर जो न केवल ज्ञानवर्धक हो, बल्कि संवेदनाओं को भी स्पर्श करे।

यह अंक साहित्य, समाज और संस्कृति की त्रिवेणी में डुबकी लगाने का आमंत्रण है, जहां विचार, संवेदना और विवेक के साथ विभिन्न लेखकों ने समसामयिक विषयों की पड़ताल की है। आज जब तकनीक ने सूचनाओं को तेजी से फैलाना शुरू कर दिया है, तब यह जरूरी हो गया है कि हम इस प्रवाह में मूल्य, मर्यादा और मौलिकता को बनाए रखें। गीना शोध संगम का यह विशेषांक उसी प्रयोजन की एक कड़ी है – जहाँ शोध, समीक्षा और सृजन के तीनों स्तरों को संतुलित दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है।

साहित्य : समय की चेतना :–

साहित्य महज अक्षरों का संकलन नहीं, बल्कि एक कालबद्ध चेतना है जो युगों को पार कर संवेदना की मशाल थामे चलती है। कबीर, तुलसी, मीरा से लेकर प्रेमचंद, अज्ञेय, नागार्जुन और समकालीन कवियों तक हर युग में साहित्य ने न केवल सामाजिक विसंगतियों को रेखांकित किया, बल्कि वैकल्पिक सोच को जन्म भी दिया। इस अंक में प्रकाशित शोध आलेखों और समीक्षाओं में यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि साहित्य आज भी मनुष्य को मनुष्यता की ओर लौटने का आमंत्रण देता है।

शोध की दृष्टि से सृजन की गहराई :–

पत्रिका के इस अंक में शामिल शोधार्थियों और लेखकों ने भारतीय साहित्य के विविध पक्षों – जैसे दलित विमर्श, नारी चेतना, ग्रामीण यथार्थ, शिक्षण में साहित्य की भूमिका, और वैश्विक साहित्य में भारतीयता पर अत्यंत गंभीर और संतुलित विवेचन किया है। उनकी यह विशेषता रही कि उन्होंने न केवल सैद्धांतिक विमर्श किया, बल्कि व्यावहारिक पहलुओं को भी सामने रखा। यह शोध न केवल विद्वानों के लिए उपयोगी हैं, बल्कि विद्यार्थियों और सामान्य पाठकों को भी दिशा देने में सक्षम हैं।

समाज और साहित्य : एक अविभाज्य रिश्ता :–

यह एक सर्वविदित तथ्य है कि साहित्य समाज से कटकर जीवित नहीं रह सकता और न ही समाज साहित्य से विमुख होकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ा रह सकता है। इस पत्रिका में प्रकाशित रचनाएँ इस तथ्य की पुष्टि करती हैं। चाहे वह ग्रामीण परिवेश की समस्याओं पर आधारित लघु कथाएँ हों या स्त्री–विमर्श पर केंद्रित आलोचनात्मक लेख, सभी में यह अनुभव किया जा सकता है कि साहित्यकार अपने समय की नब्ज को पहचान रहा है।

युवा कलम और नवोन्मेष :–

हमें यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि इस अंक में अनेक नवोदित लेखकों और शोधकर्ताओं की रचनाएँ भी शामिल की गई हैं। युवा पीढ़ी की यह कलम नई दृष्टि, नई संवेदना और नवीन सोच के साथ उभर रही

है। इनकी रचनाओं में आधुनिक जीवन की उलझनें, तकनीकी युग की जटिलताएँ और सामाजिक संरचनाओं की टूटन साफ दिखाई देती है। यह इस बात का संकेत है कि आने वाला समय साहित्यिक दृष्टि से और भी समृद्ध और सजग होगा।

शोध, सृजन और संवाद : तीन ध्रुवों की एकता :-

'गीना शोध संगम' का यह अंक केवल एक साहित्यिक संकलन नहीं, बल्कि एक संवाद है – शोध और सृजन के मध्य। यह संवाद न केवल पाठक और लेखक के बीच होता है, बल्कि समाज और विचार के मध्य भी एक सेतु का कार्य करता है। इस अंक की विशेषता यह भी है कि इसमें रचनात्मक साहित्य के साथ–साथ विश्लेषणात्मक और आलोचनात्मक दृष्टिकोण को भी समान महत्व दिया गया है।

सतत् यात्रा की एक और कड़ी :-

हर अंक हमारे लिए एक नए पड़ाव की तरह होता है। नयी चिंताओं, नए विमर्शों और नए उत्तरदायित्वों से भरपूर। यह अंक भी इसी क्रम की एक कड़ी है। हम यह स्वीकारते हैं कि साहित्यिक और शोध क्षेत्र की यह यात्रा कभी पूर्ण नहीं होती। यह एक सतत प्रयास है – समाज, शिक्षा, संस्कृति और चिंतन के बीच संतुलन स्थापित करने का।

अंत में, हम गीना शोध संगम के सभी लेखकों, शोधार्थियों, संपादन सहयोगियों और पाठकों का आभार प्रकट करते हैं, जिनकी सहभागिता इस अंक को समृद्ध बनाती है। हम आशा करते हैं कि यह अंक आपको न केवल विचारों में नवीनता देगा, बल्कि आपको आपके सामाजिक सरोकारों के प्रति भी और अधिक सजग करेगा।

साहित्य–संधान–संवाद की यह परंपरा यों ही चलती रहे। – इसी मंगलकामना के साथ...

संपादक

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 9-16

वर्तमान समय में भारत के युवाओं की समस्याओं का एक अध्ययन

डॉ. चन्द्रशेखर सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर, समाज कार्य विभाग
महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी।

परिचय (Introduction)

भारत एक युवा देश है, जहां की कुल जनसंख्या का लगभग 65% हिस्सा 35 वर्ष से कम आयु का है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश (Demographic Dividend) देश के विकास के लिए एक अपार संभावना प्रस्तुत करता है, लेकिन साथ ही यह युवाओं के सामने खड़ी अनेक चुनौतियों को भी उजागर करता है। वर्तमान समय में भारत के युवा एक ओर आधुनिकता, वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति और डिजिटल युग की सुविधाओं से जुड़े हैं, तो दूसरी ओर वे बेरोजगारी, मानसिक तनाव, शिक्षा की गुणवत्ता, सामाजिक असमानता, नशाखोरी, रिश्तों की अस्थिरता, और भविष्य की अनिश्चितताओं जैसी कई समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। युवाओं के जीवन की जटिलताएं केवल आर्थिक या शैक्षिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी गहराई से अनुभव की जा रही हैं। पारंपरिक मूल्यों और आधुनिक जीवनशैली के बीच टकराव, परिवार और समाज से अपेक्षाओं का दबाव, सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव, और कैरियर निर्माण की प्रतिस्पर्धा – ये सभी वर्तमान पीढ़ी के युवाओं को एक अनिश्चित मानसिक स्थिति में डाल रहे हैं। भारत विश्व का सबसे युवा देश माना जाता है, जहां की औसत आयु लगभग 29 वर्ष है। युवा जनसंख्या किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है जो देश के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास की दिशा तय करती है।

वर्तमान समय में भारत के युवा न केवल परंपरागत मूल्यों से जुड़े हैं, बल्कि वे वैश्विक सोच, डिजिटल युग, और नवाचार की ओर भी तेजी से अग्रसर हैं। इसके बावजूद, भारत के युवाओं को अनेक प्रकार की समस्याओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जो उनके सर्वांगीण विकास में बाधा उत्पन्न कर रही हैं।

1. बेरोजगारी और शिक्षा के बीच असंतुलन :-

युवाओं की सबसे बड़ी समस्या आज भी बेरोजगारी है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद रोजगार की कमी, या योग्यता के अनुरूप रोजगार न मिल पाना, युवाओं में निराशा का कारण बनता जा रहा है। शिक्षा प्रणाली और उद्योग जगत के बीच तालमेल की कमी, कौशल विकास की अपर्याप्तता और सरकारी योजनाओं का सीमित प्रभाव इस समस्या को और गहरा बना रहे हैं।

2. मानसिक स्वास्थ्य और तनाव :–

प्रतिस्पर्धा, असुरक्षा, और सामाजिक अपेक्षाओं के दबाव के कारण मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं युवाओं में तेजी से बढ़ रही हैं। अवसाद, चिंता, अकेलापन, आत्महत्या की प्रवृत्ति आदि अब सामान्य होते जा रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर चर्चा न होना और चिकित्सा सुविधाओं की कमी स्थिति को और गंभीर बना रही है।

3. नशे की लत और सामाजिक भटकाव :–

शहरी और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में युवाओं में नशाखोरी, ड्रग्स, शराब और तंबाकू के सेवन की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसके पीछे बेरोजगारी, मानसिक तनाव, अनुचित संगति और परिवार का कमजोर नियंत्रण जैसे कई कारण हैं। यह सामाजिक अपराधों की ओर भी युवाओं को आकर्षित कर रहा है।

4. डिजिटल डिवाइड और सोशल मीडिया का प्रभाव :–

हालांकि इंटरनेट और सोशल मीडिया ने युवाओं को वैश्विक स्तर पर जोड़ा है, लेकिन इसके दुष्प्रभाव भी उतने ही गंभीर हैं। स्क्रीन टाइम में अत्यधिक वृद्धि, सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में खो जाना, असत्यापित सूचनाओं का प्रभाव, और आत्म–सम्मान की हानि जैसी समस्याएं गहराई से जुड़ी हुई हैं।

5. सांस्कृतिक द्वंद्व और पहचान का संकट :–

युवाओं के सामने एक सांस्कृतिक संघर्ष भी है जहां वे पारंपरिक मूल्य और आधुनिक जीवनशैली के बीच संतुलन बनाने में संघर्ष कर रहे हैं। पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण, पारिवारिक संबंधों में दूरी, और विवाह–संतान जैसे परंपरागत विचारों से विमुखता, युवाओं में अस्मिता (Identity) के संकट को जन्म दे रही है।

6. राजनीतिक सहभागिता और वैचारिक भ्रम :–

जहाँ एक ओर युवा लोकतंत्र की दिशा तय कर सकते हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी राजनीतिक जागरूकता, वैचारिक स्थिरता और सहभागिता में कमी देखी जा रही है। सोशल मीडिया के प्रचार–प्रसार ने राजनीतिक सोच को विकृत भी किया है।

सैद्धांतिक पृष्ठभूमि (Theoretical Background) :–

किसी भी सामाजिक समस्या को समझने के लिए उसका विश्लेषण विभिन्न सामाजिक–सैद्धांतिक दृष्टिकोणों से किया जाना आवश्यक होता है। भारत के युवाओं की वर्तमान समस्याओं की गहराई में जाने के लिए हम समाजशास्त्र, मनोविज्ञान तथा विकास अध्ययन की प्रमुख सैद्धांतिक अवधारणाओं का उपयोग कर सकते हैं। नीचे कुछ प्रमुख सैद्धांतिक ढाँचों को प्रस्तुत किया गया है जो इस अध्ययन के आधार स्तंभ हैं :–

1. एरिक एरिक्सन का 'मनोसामाजिक विकास सिद्धांत' (Erikson's Psychosocial Development Theory) :–

एरिक्सन के अनुसार, युवा अवस्था (Adolescence to young adulthood) की प्रमुख चुनौती होती है : 'पहचान बनाम भ्रम' (Identity vs- Role Confusion)। इस चरण में व्यक्ति अपनी पहचान की खोज करता है – चाहे वह सामाजिक हो, सांस्कृतिक, या व्यक्तिगत। यदि यह खोज स्पष्ट न हो, तो युवा भ्रम, असुरक्षा और मानसिक तनाव का शिकार हो सकता है। भारत में वर्तमान युवा इसी द्वंद्व का अनुभव कर रहा है, जहाँ वह पारंपरिक मूल्यों और आधुनिकता के बीच उलझा है।

2. रॉबर्ट के. मर्टन का 'अवसर संरचना सिद्धांत' (Strain Theory) :–

मर्टन के अनुसार, जब समाज में स्वीकार्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समान अवसर उपलब्ध नहीं होते, तब सामाजिक तनाव उत्पन्न होता है, जिससे व्यक्ति अवांछनीय रास्ते अपनाने लगता है। भारत में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी रोजगार की कमी, अवसरों में असमानता, और सामाजिक न्याय की अनुपलब्धता, युवाओं में हताशा, आक्रोश और असंतोष को जन्म देती है।

3. युवावस्था का संक्रमण काल (Transition to Adulthood Theory) :–

यह सिद्धांत बताता है कि युवा एक ऐसे संक्रमण से गुजरते हैं जिसमें उन्हें शिक्षा, रोजगार, आत्मनिर्भरता, और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन स्थापित करना होता है। यदि यह संक्रमण सुचारु न हो, तो युवा अस्थिरता, असफलता और सामाजिक दूरी का अनुभव करता है। भारत में यह संक्रमण कई स्तरों पर अवरुद्ध है – जैसे शिक्षा से रोजगार की दूरी, आत्मनिर्भरता के लिए संसाधनों की कमी आदि।

4. एंथनी गिडेन्स का 'आधुनिकता का सिद्धांत' (Theory of Modernity and Reflexivity) :–

गिडेन्स ने आधुनिक समाज में आत्म–परावर्तन (self-reflexivity) की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। युवा अब अपने जीवन के निर्णयों को बार–बार मूल्यांकित करते हैं, जैसे : शादी करना या नहीं, कैरियर बदलना, प्रवासी जीवन अपनाना आदि। यह सतत आत्म–मूल्यांकन कई बार मानसिक उलझनों और पहचान संकट को जन्म देता है। यह प्रवृत्ति भारत के शहरी युवाओं में विशेष रूप से देखी जा रही है।

5. डिजिटल युग और 'नेट–जेनरेशन थ्योरी' (Net Generation Theory) :–

यह सिद्धांत बताता है कि आज का युवा डिजिटल रूप से जन्मा और पला है, जिसके सोचने, सीखने और संवाद करने के तरीके पारंपरिक पीढ़ियों से भिन्न हैं। हालांकि डिजिटल मीडिया ने उन्हें वैश्विक नागरिक बनाया है, परंतु साथ ही यह आभासीता, आत्म–तुलना, डिजिटल असुरक्षा और सतही संबंधों जैसी समस्याओं को भी जन्म दे रहा है।

6. भारतीय सामाजिक परिप्रेक्ष्य :–

भारतीय संदर्भ में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि जाति व्यवस्था, क्षेत्रीय विषमता, लिंग आधारित भेदभाव और संसाधनों की असमानता : सभी युवाओं के समक्ष विशेष समस्याएं उत्पन्न करते हैं। ग्रामीण–शहरी विभाजन, महिला और पुरुष युवाओं की समस्याओं में अंतर, तथा राज्यवार विकास असंतुलन : ये सभी भारत में युवा मुद्दों की विशिष्ट जटिलताएं हैं।

मुख्य शोध उद्देश्य (Main Research Objectives) :–

1. भारत के वर्तमान युवाओं की प्रमुख समस्याओं की पहचान करना।

–जैसे : बेरोजगारी, मानसिक तनाव, नशाखोरी, शिक्षा–अवसर असमानता, डिजिटल प्रभाव, सामाजिक अस्थिरता आदि।

2. इन समस्याओं के सामाजिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक कारणों का विश्लेषण करना।

–उदाहरण : पारिवारिक दबाव, असमान संसाधन वितरण, रोजगार बाजार की जटिलता, और तकनीकी परिवर्तन।

3. समाज, सरकार और परिवार की भूमिका का मूल्यांकन करना।

–युवाओं को सहयोग देने में इन संस्थाओं की भूमिका कितनी प्रभावी है?

4. शहरी एवं ग्रामीण युवाओं की समस्याओं की तुलना करना।
–अवसरों, संसाधनों, सोच एवं चुनौतियों में क्या भिन्नता है?

5. युवाओं के दृष्टिकोण, अपेक्षाओं और संघर्षों को समझना।
–वे क्या सोचते हैं? उनकी प्राथमिकताएं क्या हैं? वे अपने भविष्य को किस रूप में देखते हैं?

6. वर्तमान नीतियों और योजनाओं की प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
–जैसे : कौशल भारत योजना (Skill India), स्टार्टअप इंडिया, शिक्षा नीति आदि का प्रभाव।

7. समस्याओं के समाधान हेतु संभावित सुझाव और नीतिगत अनुशंसाएं देना।
–शिक्षा सुधार, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार नीति, डिजिटल साक्षरता आदि के संदर्भ में।

समीक्षा साहित्य (Review of Literature) :–

किसी भी सामाजिक अध्ययन की वैज्ञानिक वैधता और गहराई, पूर्व में किए गए शोधों और विद्वानों के विश्लेषण से मिलती है। भारत में युवाओं से संबंधित समस्याओं पर अनेक शोध, रिपोर्ट्स, नीतिगत दस्तावेज एवं सामाजिक चिंतकों द्वारा समय–समय पर कार्य किया गया है। इस खंड में उन प्रमुख अध्ययनों, सिद्धांतों और आंकड़ों का उल्लेख किया गया है जो वर्तमान अध्ययन को वैचारिक व पद्धतिगत आधार प्रदान करते हैं।

1. कोली, वी.आर. (2015) :

अपने शोध "Impact of Modernization on Family Values in Urban India" में कोली ने दर्शाया कि आधुनिकता ने पारिवारिक मूल्यों, विशेषतः बुजुर्गों और युवाओं के संबंधों में दरार पैदा की है। उन्होंने यह पाया कि शहरी युवा अधिक व्यक्तिगत स्वतंत्रता चाहते हैं और परंपरागत जिम्मेदारियों से बचने की प्रवृत्ति रखते हैं।

2. योजना आयोग एवं NITI Aayog रिपोर्ट्स (2010–2020) :

सरकारी योजनाओं जैसे Skill India, Digital India, Startup India आदि की विभिन्न रिपोर्टों में यह स्वीकार किया गया है कि युवाओं में बेरोजगारी, कौशल की कमी और डिजिटल साक्षरता की दर में असमानता देश की प्रमुख चुनौतियाँ हैं।

3. UNESCO Youth Report (2021) :

यह रिपोर्ट बताती है कि भारत में युवा शिक्षा तो प्राप्त कर रहे हैं, परंतु वह शिक्षा उन्हें वर्तमान आर्थिक आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगार प्राप्त नहीं करवा पा रही है। रिपोर्ट में मानसिक स्वास्थ्य, तकनीकी निर्भरता और सामाजिक अलगाव को भी युवाओं के लिए गंभीर समस्या माना गया।

4. डॉ. योगेंद्र यादव (CSDS, 2017) :

CSDS द्वारा किए गए "Lokniti – Youth Survey" में पाया गया कि 65 प्रतिशत युवा राजनीतिक व्यवस्था से निराश हैं और उनमें स्थायी करियर और आजीविका को लेकर चिंता प्रबल है। साथ ही, युवाओं में सामाजिक गतिशीलता की इच्छा तो है, परंतु अवसरों की असमानता उनके विकास में बाधा बनी हुई है।

5. अरोड़ा, सीमा (2018) :–

अपने शोध "Digital Impact on Urban Youth" में उन्होंने पाया कि सोशल मीडिया ने युवाओं के आत्म–विश्वास और संप्रेषण क्षमता को तो बढ़ाया है, पर साथ ही उनके मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव

डाला है, जैसे : अवसाद, तुलनात्मक भावना, और अकेलापन।

6. नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) :

एनसीआरबी के अनुसार 2020 और 2021 में युवाओं में आत्महत्या की दर में तीव्र वृद्धि दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण परीक्षा का दबाव, करियर की असफलता, प्रेम–संबंधों में तनाव और पारिवारिक दबाव था।

7. अंतरराष्ट्रीय सैद्धांतिक योगदान :

- Erikson (1968) के Psychosocial Theory के अनुसार युवाओं का "identity crisis" एक सामान्य परंतु संवेदनशील चरण है, जिसे अगर सामाजिक सहयोग न मिले तो यह गहरे मानसिक संकट में बदल सकता है।
- Robert K. Merton के Strain Theory के अनुसार जब सामाजिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए वैध साधनों की अनुपलब्धता होती है, तो युवा अक्सर विचलित हो जाते हैं।

निष्कर्ष :–

इस अध्ययन में विभिन्न साहित्य, आंकड़ों, सैद्धांतिक ढाँचों और प्रासंगिक रिपोर्ट्स के आधार पर भारत के युवाओं से संबंधित समस्याओं का समग्र विश्लेषण किया गया। विश्लेषण के आधार पर निम्नलिखित प्रमुख निष्कर्ष सामने आए हैं :–

1. बेरोजगारी युवाओं की सबसे बड़ी चिंता है :

अधिकांश युवा शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद रोजगार प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं, या जो अवसर हैं वे उनकी योग्यता और आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं हैं। इसके पीछे कारण हैं–कौशल प्रशिक्षण की कमी, उद्योगों की जरूरत से शिक्षा प्रणाली का तालमेल न होना, और अवसरों में क्षेत्रीय असमानता।

2. मानसिक स्वास्थ्य एक उभरती हुई गंभीर समस्या है :

प्रतियोगिता, पारिवारिक अपेक्षाएं, सोशल मीडिया प्रभाव, और आर्थिक असुरक्षा ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। अवसाद, चिंता, आत्महत्या की प्रवृत्ति और आत्म–अवमूल्यन जैसी समस्याएं विशेष रूप से शहरी युवाओं में देखी गई हैं।

3. शिक्षा और कौशल विकास में अंतराल :

हालांकि उच्च शिक्षा का प्रसार हुआ है, परंतु व्यावसायिक और व्यवहारिक कौशल की कमी युवाओं को रोजगार के लिए अयोग्य बना रही है। ग्रामीण युवाओं में यह अंतराल और भी अधिक है।

4. डिजिटल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हैं :

सोशल मीडिया और इंटरनेट ने युवाओं को अभिव्यक्ति, नेटवर्किंग और जानकारी के नए अवसर दिए हैं। लेकिन इसके अत्यधिक उपयोग से आत्म–संदेह, सतही संबंध, और ध्यान केंद्रित करने में समस्या जैसे प्रभाव भी सामने आए हैं।

5. पारंपरिक मूल्यों और आधुनिक जीवनशैली के बीच द्वंद्व :

युवा पीढ़ी पारंपरिक सांस्कृतिक मूल्यों और आधुनिक स्वतंत्र जीवनशैली के बीच संघर्ष कर रही है। विवाह, परिवार, करियर और सामाजिक भूमिका को लेकर उनकी सोच में तेजी से बदलाव आ रहा है, जो सामाजिक अस्थिरता का कारण बन सकता है।

6. युवतियों के समक्ष लिंग आधारित समस्याएं अधिक जटिल हैं :

महिला युवाओं को न केवल समान अवसरों की कमी, बल्कि सामाजिक बाधाओं, असुरक्षा, और पारिवारिक नियंत्रण का भी सामना करना पड़ता है। शिक्षा और रोजगार में उनकी भागीदारी अभी भी अपेक्षा से कम है।

7. युवाओं की राजनीतिक चेतना में वृद्धि, परंतु सहभागिता सीमित :

आज का युवा राजनीतिक मुद्दों के प्रति अधिक जागरूक है, परंतु सक्रिय भागीदारी, मतदान, या नेतृत्व में उनकी भागीदारी अभी भी सीमित है। यह सोशल मीडिया आधारित षविचार चेतनाष अधिक है, पर जमीनी सहभागिता कम है।

8. ग्रामीण एवं शहरी युवाओं की समस्याएं भिन्न हैं :

जहाँ शहरी युवा मानसिक स्वास्थ्य और प्रतिस्पर्धा से जूझ रहे हैं, वहीं ग्रामीण युवा शिक्षा, इंटरनेट सुविधा, और मूलभूत अवसरों की कमी से परेशान हैं। यह अंतर सामाजिक असमानता को और बढ़ा रहा है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए युवा वर्ग केवल जनसंख्या का हिस्सा नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। यह वर्ग राष्ट्र की दिशा और दशा को तय करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। किंतु वर्तमान अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि भारत के युवा आज जिस संक्रमण काल से गुजर रहे हैं, उसमें उन्हें कई प्रकार की जटिल, बहुआयामी और परस्पर जुड़ी हुई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सबसे प्रमुख समस्या बेरोजगारी है, जो केवल आर्थिक चिंता ही नहीं बल्कि आत्मविश्वास, सामाजिक संबंधों और मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डाल रही है। इसके अतिरिक्त शिक्षा प्रणाली और रोजगार के बीच की खाई, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी उपेक्षा, सामाजिक अपेक्षाओं का दबाव, और डिजिटल माध्यमों की भूमिका ने युवाओं के जीवन को जटिल बना दिया है। शहरी और ग्रामीण, पुरुष और महिला, संपन्न और वंचित – इन सभी वर्गों के युवाओं की समस्याएं अपने–अपने संदर्भ में अलग–अलग हैं, परंतु उनकी जड़ें एक समान सामाजिक–आर्थिक संरचनाओं में निहित हैं। सामाजिक परिवर्तन, पारिवारिक ढांचे में बदलाव और सांस्कृतिक गतिशीलता ने युवाओं की पहचान, मूल्यों और प्राथमिकताओं को प्रभावित किया है।

सुझाव (Recommendations) :-

भारत के युवा वर्ग को सशक्त, सक्षम और संतुलित बनाने के लिए केवल समस्या–विश्लेषण पर्याप्त नहीं है, बल्कि ठोस, व्यावहारिक और दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत करना भी अनिवार्य है। इस अध्ययन के आधार पर निम्नलिखित सुझाव दिए जा सकते हैं जो नीति–निर्माताओं, शिक्षण संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और स्वयं युवाओं के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं :

1. रोजगार और कौशल विकास को प्राथमिकता देना :

- स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएं।
- शिक्षा के साथ–साथ इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और उद्यमिता कौशल को भी बढ़ावा दिया जाए।
- Skill India, Startup India जैसी योजनाओं का सक्रिय और प्रभावी क्रियान्वयन हो।

2. मानसिक स्वास्थ्य के लिए संरचनात्मक प्रयास :

- विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में काउंसलिंग केंद्रों की स्थापना अनिवार्य हो।

- मानसिक स्वास्थ्य पर सामाजिक जागरूकता अभियान चलाए जाएं ताकि अवसाद, आत्महत्या जैसी समस्याएं कम हों।
- सोशल मीडिया और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग को नियंत्रित करने हेतु डिजिटल संतुलन पर शिक्षा दी जाए।

3. शिक्षा प्रणाली में सुधार और यथार्थ से जोड़ना :

- पाठ्यक्रमों को रोजगार उन्मुख, कौशल आधारित और जीवन–कौशल (life skills) के साथ जोड़ना आवश्यक है।
- शहरी और ग्रामीण विद्यालयों/कॉलेजों के बीच संसाधनों की समानता सुनिश्चित की जाए।
- डिजिटल साक्षरता और भाषा की बहुलता को बढ़ावा दिया जाए, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में।

4. युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों का विकास :

- युवा संगठनों, NSS, NCC, Scouts आदि के माध्यम से स्वयंसेवी कार्यों में भागीदारी को बढ़ाया जाए।
- विद्यालय स्तर पर नैतिक शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक अध्ययन को पाठ्यक्रम में स्थान दिया जाए।

5. महिला युवाओं के लिए विशेष रणनीतियाँ :

- लैंगिक समानता को सुनिश्चित करने हेतु सुरक्षित परिवेश, छात्रवृत्ति, नेतृत्व प्रशिक्षण आदि को बढ़ावा दिया जाए।
- ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

6. युवा नीति और भागीदारी आधारित शासन प्रणाली :

- युवाओं की समस्याओं के लिए राष्ट्रीय युवा आयोग जैसे निकाय को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।
- नीति निर्माण में युवाओं की भागीदारी को संस्थागत रूप दिया जाए : जैसे युवा संसद, युवा परामर्श समूह।
- क्षेत्रीय असमानता को देखते हुए राज्य–स्तरीय रणनीतियाँ तैयार की जाएं।

7. डिजिटल तकनीक का संतुलित उपयोग :

- डिजिटल शिक्षा के साथ–साथ मूल्य आधारित उपयोग, डिजिटल डिटॉक्स, और साइबर सुरक्षा की शिक्षा दी जाए।
- सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मक विचार, प्रेरणा, और नवाचारों को बढ़ावा दिया जाए।

संदर्भ सूची :-

Erikson, E. H. (1968). Identity : Youth and Crisis. New York : W. W. Norton & Company.

1. Merton, R. K. (1957). Social Theory and Social Structure. New York : Free Press.
2. Giddens, A. (1991). Modernity and Self-Identity : Self and Society in the Late Modern Age. Stanford University Press.
3. Koeli, V. R. (2015). Impact of Modernization on Family Values in Urban India. International

Journal of Social Sciences and Humanities Research, 3(4), 22–31.
4. Arora, S. (2018). Digital Impact on Urban Youth : A Sociological Study. Journal of Youth Studies, 6(2), 55–70.
5. UNESCO. (2021). Youth and the Future of Work : Insights from Around the World. United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization.
Retrieved from https://unesdoc.unesco.org
6. NITI Aayog. (2020). Strategy for New India @ 75. Government of India.
Retrieved from https://niti.gov.in
7. Lokniti–CSDS. (2017). Indian Youth and Democracy : Attitudes, Aspirations and Political Participation. New Delhi: Centre for the Study of Developing Societies.
Retrieved from https://www.lokniti.org
8. National Crime Records Bureau (NCRB). (2021). Accidental Deaths & Suicides in India 2020. Ministry of Home Affairs, Government of India.
Retrieved from https://ncrb.gov.in
9. Ministry of Skill Development and Entrepreneurship. (2021). Annual Report 2020–21. Government of India.
Retrieved from https://www.msde.gov.in

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 17–20

मानव वन्य जीव सह–अस्तित्व एवं संघर्ष

डॉ. नीरज कारगवाल
सह आचार्य भूगोल, राजकीय महाविद्यालय बीबीरानी, अलवर।

परिचय :–

पृथ्वी केवल मनुष्यों का ही घर नहीं है, बल्कि असंख्य जीव–जंतुओं और वनस्पतियों का भी निवास स्थान है। सदियों से मानव और वन्यजीव एक–दूसरे के साथ रहते आए हैं। यह संबंध कभी सामंजस्यपूर्ण रहा है तो कभी संघर्षपूर्ण। हाल के दशकों में, यह संघर्ष चिंताजनक रूप से बढ़ा है, जो न केवल मानव जीवन और आजीविका के लिए खतरा बन गया है, बल्कि वन्यजीवों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस जटिल मुद्दे को समझने और इसका समाधान खोजने के लिए मानव–वन्यजीव संघर्ष के कारणों, परिणामों और सह–अस्तित्व की संभावनाओं पर गहराई से विचार करना आवश्यक है। वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर के अनुसार, मानव–वन्यजीव संघर्ष को ''मनुष्यों और वन्यजीवों के बीच किसी भी तरह की अंतःक्रिया के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप मानव सामाजिक, आर्थिक या सांस्कृतिक जीवन, वन्यजीव आबादी के संरक्षण या पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है''। यह संघर्ष तब उत्पन्न होता है जब वन्यजीवों की उपस्थिति या उनका व्यवहार मानव हितों के लिए खतरा बन जाता है, जिससे लोगों, जानवरों, संसाधनों और आवासों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

मानव-वन्यजीव संघर्ष के बढ़ते कारण :–

मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते संघर्ष के पीछे कई जटिल और एक–दूसरे से जुड़े हुए कारण हैं। इनमें से प्रमुख कारण मानवीय गतिविधियों का विस्तार और प्राकृतिक संसाधनों का अनियंत्रित दोहन है।

- **प्राकृतिक आवासों का विनाश और विखंडन :** बढ़ती मानव जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कृषि, औद्योगीकरण, शहरीकरण और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं (जैसे सड़क, रेल नेटवर्क) का तेजी से विस्तार हो रहा है। इसके कारण वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है, जिससे वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास सिकुड़ रहे हैं और खंडित हो रहे हैं। आवास की हानि वन्यजीवों को भोजन और पानी की तलाश में मानव बस्तियों और कृषि क्षेत्रों की ओर आने के लिए मजबूर करती है, जिससे संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है। एक अनुमान के अनुसार, भारत में लगभग तीस प्रतिशत बाघों का क्षेत्र– संरक्षित क्षेत्रों से बाहर है।
- **वन्यजीव गलियारों का अवरुद्ध होना :** वन्यजीव गलियारे वे प्राकृतिक रास्ते होते हैं जिनका उपयोग जानवर एक जंगल से दूसरे जंगल में जाने के लिए करते हैं। सड़कों, रेलवे लाइनों, नहरों और अन्य विकास परियोजनाओं के निर्माण से ये गलियारे अवरुद्ध हो गए हैं। इससे जानवरों की आवाजाही बाधित होती है और

वे अक्सर मानव बस्तियों में भटक जाते हैं, जो संघर्ष का एक प्रमुख कारण बनता है।

- **वन्यजीवों की आबादी में वृद्धि :** संरक्षण के प्रयासों के परिणामस्वरूप, कुछ प्रजातियों, जैसे कि बाघ और हाथी, की आबादी में वृद्धि हुई है। जबकि यह एक सकारात्मक विकास है, यह सीमित और खंडित आवासों में संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ाता है, जिससे संघर्ष की घटनाएं बढ़ती हैं।
- **भूमि उपयोग पैटर्न में बदलाव :** फसल पैटर्न में बदलाव भी वन्यजीवों को आकर्षित कर सकता है। उदाहरण के लिए, गन्ने जैसी फसलें हाथियों और अन्य शाकाहारी जानवरों के लिए आकर्षक हो सकती हैं, जिससे फसलों को भारी नुकसान होता है।
- **मानवीय हस्तक्षेप :** वनों में अवैध शिकार, लकड़ी की कटाई और अन्य मानव निर्मित दबाव वन्यजीवों के व्यवहार को प्रभावित करते हैं और उन्हें अधिक आक्रामक बना सकते हैं।
- **जलवायु परिवर्तन :** जलवायु परिवर्तन भी पारिस्थितिक तंत्र को बदल रहा है और वन्यजीवों के व्यवहार, वितरण और भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर रहा है। इससे जानवरों की गतिविधियों में परिवर्तन हो सकता है, जिससे मानव के साथ उनके संपर्क की संभावना बढ़ जाती है।

संघर्ष के विविध रूप और उनके परिणाम :-

मानव–वन्यजीव संघर्ष के कई रूप हैं, जो स्थान और इसमें शामिल प्रजातियों के आधार पर भिन्न होते हैं।

- **फसल और संपत्ति का नुकसान :** हाथी, जंगली सूअर, नीलगाय और बंदर जैसे शाकाहारी जानवर अक्सर खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर देते हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होता है। हाथी घरों और अन्य संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- **पशुधन पर हमले :** बाघ, तेंदुए और भेड़िये जैसे मांसाहारी जानवर अक्सर मवेशियों, बकरियों और अन्य पालतू जानवरों का शिकार करते हैं, जिससे पशुपालकों की आजीविका प्रभावित होती है।
- **मानव जीवन को खतरा :** सबसे गंभीर परिणाम मानव जीवन की हानि है। हाथी, बाघ, तेंदुए और भालू जैसे बड़े जानवरों के हमलों में लोग घायल हो जाते हैं और कभी–कभी उनकी मृत्यु भी हो जाती है। आंकड़ों के अनुसार, 2018–19 और 2020–21 के बीच, हाथियों के हमलों में 1,500 से अधिक लोगों की जान गई। इसी अवधि में, बाघों के हमलों में सौ से अधिक लोगों की मौत हुई।
- **वन्यजीवों पर प्रतिशोध :** संघर्ष की घटनाओं के जवाब में, लोग अक्सर प्रतिशोध यानि बदले की भावना में वन्यजीवों को मार देते हैं। यह अवैध शिकार या जहर देने के रूप में हो सकता है, जो पहले से ही संकटग्रस्त प्रजातियों की आबादी को और कम कर देता है।
- **मनोवैज्ञानिक प्रभाव :** वन्यजीवों के साथ लगातार संघर्ष और मुठभेड़ों से प्रभावित समुदायों में भय, चिंता और तनाव का माहौल बन जाता है।
- **संरक्षण प्रयासों में बाधा :** मानव–वन्यजीव संघर्ष संरक्षण के प्रति स्थानीय समुदायों के समर्थन को कम कर सकता है, जिससे संरक्षण के प्रयास जटिल हो जाते हैं।

भारत में मानव-वन्यजीव संघर्ष : एक गंभीर चुनौती :-

भारत, अपनी विशाल जैव विविधता और घनी मानव आबादी के साथ, मानव–वन्यजीव संघर्ष के लिए एक

हॉटस्पॉट है। यहां हाथियों, बाघों, तेंदुओं, भालुओं, साँप और अन्य जानवरों के साथ संघर्ष की घटनाएं आम हैं।

- **मानव–हाथी संघर्ष :** यह भारत में संघर्ष का सबसे व्यापक और गंभीर रूप है। हाथी फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने और मानव मृत्यु के लिए जाने जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि कर्नाटक, असम, केरल, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में हाथियों के हमलों से सैकड़ों लोगों की मौत हुई है।
- **मानव–बाघ संघर्ष :** बाघों की आबादी बढ़ने के साथ, विशेष रूप से संरक्षित क्षेत्रों के बाहर, मानव–बाघ संघर्ष भी बढ़ा है। सुंदरबन, मध्य भारत और पश्चिमी घाट के कुछ हिस्सों में यह एक बड़ी चिंता का विषय है।
- **मानव–तेंदुआ संघर्ष :** तेंदुए अक्सर मानव बस्तियों के पास पाए जाते हैं, जिससे पालतू जानवरों और कभी–कभी मनुष्यों पर भी हमले होते हैं।

संघर्ष से सह–अस्तित्व की ओर : समाधान और रणनीतियाँ :–

मानव–वन्यजीव संघर्ष को पूरी तरह से समाप्त करना संभव नहीं हो सकता है, लेकिन इसे प्रबंधित करने और कम करने के लिए एक बहुआयामी और एकीकृत दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। लक्ष्य संघर्ष को कम करके सह–अस्तित्व की स्थिति को बढ़ावा देना होना चाहिए।

- **आवास संरक्षण और बहाली :** वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा करना और उन्हें बहाल करना सबसे महत्वपूर्ण कदम है। इसमें वनों की कटाई को रोकना, वनीकरण को बढ़ावा देना और खंडित आवासों को फिर से जोड़ना शामिल है।
- **वन्यजीव गलियारों का निर्माण और सुरक्षा :** जानवरों के सुरक्षित आवागमन के लिए वन्यजीव गलियारों की पहचान, निर्माण और सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। इससे जानवर मानव बस्तियों में प्रवेश किए बिना एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में जा सकेंगे।
- **प्रभावी मुआवजा योजनाएं :** सरकार द्वारा फसल और पशुधन के नुकसान के लिए त्वरित और पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने से प्रभावित लोगों को राहत मिलती है और प्रतिशोध में जानवरों को मारने की घटनाओं को कम करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के तहत फसल क्षति के लिए मुआवजे का प्रावधान एक सकारात्मक कदम है।
- **प्रौद्योगिकी का उपयोग :** आधुनिक तकनीक संघर्ष को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पूर्व चेतावनी प्रणाली, सैटेलाइट कॉलरिंग, ड्रोन निगरानी और कैमरे के जाल का उपयोग करके जानवरों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है और स्थानीय समुदायों को समय पर सचेत किया जा सकता है।
- **सामुदायिक भागीदारी :** संघर्ष के प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। संरक्षण प्रयासों में उन्हें शामिल करने, जागरूकता अभियान चलाने और उनकी पारंपरिक जानकारी का उपयोग करने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। छत्तीसगढ़ में 'हाथी मित्र' जैसी पहल सामुदायिक भागीदारी का एक सफल उदाहरण है, जो मानव–हाथी संघर्ष को कम करने में मदद कर रही है।
- **बाधाएं और निवारक उपाय :** खेतों के चारों ओर बाड़ लगाना, विशेष रूप से सौर ऊर्जा से चलने वाली बाड़, और मधुमक्खी के छत्ते जैसी बाड़ लगाना (क्योंकि हाथी मधुमक्खियों से डरते हैं) जैसे उपाय जानवरों को फसलों से दूर रखने में प्रभावी हो सकते हैं।

- **भूमि–उपयोग की योजना :** प्रभावी भूमि–उपयोग की योजना बनाकर यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि विकास परियोजनाएं वन्यजीवों के आवासों और गलियारों को न्यूनतम रूप से प्रभावित करें।
- **सरकारी नीतियां और कानून :** वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 जैसे कानूनों का सख्ती से कार्यान्वयन और मानव–वन्यजीव संघर्ष को संबोधित करने के लिए विशिष्ट नीतियों का निर्माण आवश्यक है। सरकार ने मानव–वन्यजीव संघर्ष के प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति के माध्यम से सलाह जारी की है, जिसमें ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने जैसे उपाय शामिल हैं।

निष्कर्ष :–

मानव–वन्यजीव संघर्ष एक जटिल और बढ़ती हुई चुनौती है जिसके गहरे सामाजिक, आर्थिक और पारिस्थितिक परिणाम हैं। यह केवल वन्यजीवों की समस्या नहीं है, बल्कि मानव विकास और पर्यावरण के बीच बिगड़ते संतुलन का प्रतिबिंब है। इस संघर्ष का समाधान केवल जानवरों को दोष देने या उन्हें खत्म करने में नहीं है, बल्कि एक ऐसे दृष्टिकोण को अपनाने में है जो मानव और वन्यजीव दोनों की जरूरतों को संतुलित करता हो।

सह–अस्तित्व की राह कठिन हो सकती है, लेकिन यह असंभव नहीं है। आवास संरक्षण, सामुदायिक भागीदारी, वैज्ञानिक प्रबंधन और सहानुभूतिपूर्ण नीतियों के माध्यम से, हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जहां मनुष्य और वन्यजीव शांतिपूर्वक सह–अस्तित्व में रह सकें। यह न केवल हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, बल्कि हमारे अपने अस्तित्व और इस ग्रह के स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि पृथ्वी पर जीवन का ताना–बाना इन सभी प्रजातियों के एक साथ रहने से ही बना है और किसी एक धागे के टूटने से पूरी संरचना कमजोर हो सकती है।

संदर्भ :–

1. MAN - ANIMAL CONFLICTS IN INDIA by C. SEKHAR, K. BARANIDHARAN
2. Resolving Human -Wildlife Conflicts by Michael R. Conover
3. Human–Wildlife Interactions (Turning Conflict into Coexistence) Edited by F. Beatrice
4. https%//wildlifedrones.net/preventing-human-wildlife-conflict/
5. https%//visionias.in/current-affairs/2024/environment/human-animal-conflict
6. https%//thefurbearers.com/our-work/living-with-wildlife/what-is-co-existence/
7. https%//www.hwctf.org/about
8. https%//en.wikipedia.org/wiki/Human%E2%80%93wildlife_conflict
9. https%//www.drishtiias.com/hindi/daily-news-analysis/human-wildlife-conflict-2

Email : neeraj.karagwal@gmail.com

मोबाइल – 9460132100

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 21-25

विविध समस्याओं का समाधान : एक परामर्श आधारित दृष्टिकोण

प्रो. बी. एल. जैन (विभागाध्यक्ष)
डॉ. अमिता जैन (सह आचार्य)
शिक्षा विभाग, जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं।

सारांश :-

परामर्शदाता, परामर्शप्रार्थी की इस प्रकार सहायता करता है कि परामर्शप्रार्थी स्वयं अपनी समस्या का निर्णय ले सके और अपनी समस्या का समाधान कर सके। जीवन में अनेक समस्याएं आती है, जैसे– किसी की शादी नहीं हो रही है, किसी की नौकरी नहीं लग रही है, किसी के बच्चे नहीं हो रहे हैं, किसी का बच्चे का पालन–पोषण नहीं हो रहा है, किसी के बुढ़ापे में बच्चे सेवा नहीं कर रहे हैं, किसी का बच्चा कहना नहीं मान रहा है, किसी बच्चे का पढ़ने में मन नहीं लगता है, किसी के बच्चे दिनभर टीवी या मोबाइल देख रहे है या घूमने आदि क्रिया में रत रहते हैं। इस स्थिति में परामर्शदाता उनकी समस्याओं के समाधान में सलाह देता है और वह व्यक्ति अपनी समस्याओं का समाधान अपनी विवेक से करना सीख जाता है।

मुख्य शब्दावली – परामर्शदाता, परामर्शप्रार्थी, समस्या का समाधान, समायोजन।

प्रस्तावना :-

जब व्यक्ति किसी समस्या से ग्रस्त हो जाता है या समस्या से घिर जाता है, उस समय वह अपनी समस्या के समाधान के लिए किसी दूसरे से सलाह लेता है, उसे परामर्श कहते हैं। परामर्श देने वाला परामर्शदाता व परामर्श लेने वाला परामर्शप्रार्थी कहलाता है। जब व्यक्ति अपनी समस्या के लिए दूसरों से सलाह लेता है, वह परामर्श कहलाता है। परामर्श बात करना, व्याख्यान देना नहीं है। परामर्श दो व्यक्तियों के मध्य व्यक्तिगत संपर्क से अलग है। दो व्यक्तियों में एक व्यक्ति बुद्धिमान या होशियार एवं अनुभवी भी होता है एवं दूसरा व्यक्ति प्रथम व्यक्ति के अनुभव से लाभ उठाता है। वह अपनी समस्या का समाधान ढूंढता है, जिसे परामर्श कहा जाता है। परामर्श वह प्रक्रिया है, जिसमें परामर्शदाता की समस्या के संबंध में सभी तत्व एकत्रित कर उसकी समस्या का विश्लेषण कर निर्देशनार्थी को उस समस्या का समाधान करने के लिए प्रत्यक्ष एवं व्यक्तिगत सहायता दी जाती है। परामर्श में समस्या का समाधान निर्देशनार्थी ही खोजता है। परामर्श में आदेश, उपदेश, संकेत, प्रलोभन नहीं होते हैं। आदेश, उपदेश एवं संकेत में निर्देशक स्वयं विचार कर अपनी समस्या का समाधान ढूंढता है, जैसे– किसी भवन में निर्देशनार्थी को आमंत्रित किया जाता है या स्वतंत्र रूप में निर्देशनार्थी के पास जाता हैं और अपनी

समस्या का समाधान पाने का प्रयत्न करते हैं, जैसे– रोगी औषधालय में बिना हिचक के उपचार हेतु जाता है। एक दूसरे के सहयोग से समस्या का समाधान पाता हैं। साक्षात्कार द्वारा परामर्श किया जा सकता है। निःसंकोच होकर अपनी बात बतावें, समस्या के सभी पहलुओं पर विचार–विमर्श करना चाहिए। शिक्षा में गुरु को मार्गदर्शक माना जाता है, उसी से परामर्श लिया जाता है।

परामर्श के सन्दर्भ में मनोवैज्ञानिकों के विचार अधोलिखित है :-

आर्बकल के अनुसार- परामर्श में तीन तत्त्वों का समावेश है :

1. परामर्श में दो व्यक्ति शामिल होते है।
2. इसका उद्देश्य छात्र अपनी–अपनी समस्याओं का स्वतंत्र समाधान कर सकें।
3. छात्रों को परामर्श एक प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा दिया जाना चाहिए।

क्रो एवं क्रो के अनुसार : "परामर्श सेवाओं का लक्ष्य सदैव एक शिशु, एक नवयुवक या एक वयस्क को अपने सामूहिक सम्बन्धों में अधिक सूक्ष्म आत्माभिव्यक्ति और अधिक रचनात्मक मूल्य प्राप्त करने में सहायता देता है।"

कैटल के अनुसार – परामर्श में पांच तत्त्वों का समावेश है :–

1. परामर्श में दो व्यक्तियों का पारस्परिक सम्बन्ध होता है।
2. परामर्श प्राप्तकर्ता के बीच विचार विनिमय के कई तरीके हो सकते है।
3. परामर्शदाता को अपने कार्य की जानकारी होती है।
4. आवश्यकता के अनुसार परामर्श में परिवर्तन किया जा सकता है।
5. परामर्श साक्षात्कार पर आधारित होता है।

परामर्श की मुख्य बातें :-

- परामर्श दो व्यक्तियों का सम्पर्क है।
- मदद करना या सहायता प्रदान करता है।
- अपने परिवेश के साथ समायोजन करना।
- पारस्परिक सम्बन्ध है।
- समस्याओं का हल है।
- परामर्श एक प्रशिक्षित व्यक्ति देता है।
- परामर्शदाता व परामर्शप्रार्थी दो व्यक्ति होते है।
- दो व्यक्ति के बीच विचार विनिमय है।
- आवश्यकता के अनुसार परामर्श में परिवर्तन किया जाता है।
- परामर्श साक्षत्कार पर आधारित होता है।
- यह निर्देशन का अभिन्न अंग है।
- यह व्यक्तिगत होता है।
- परामर्शप्रार्थी स्वयं समस्या का समाधान खोजता है।

विविध समस्यायें एवं समाधान :-

अध्ययन में अरूचि – गीता अपने साथियों के साथ असहज रहती है। उसे कक्षा की बातें बुरी लगती है। उसे पढ़ना बिल्कुल अच्छा नहीं लगता है। वह अन्य बालकों की तरह खेलकूद, सांस्कृतिक तथा साहित्यिक गतिविधियों में भाग नहीं लेती है। विद्यालय उस बालिका को कैसे सहज वातावरण में लावे? विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी तथा प्रबंधन उसके साथ कैसे जुड़े? वह अन्य छात्राओं की भांति शिक्षा से जुड़ सके।

यौन अपराध – कक्षा आठवीं की छात्रा समाज के किसी लड़के की घिनौनी हरकत से बलात्कार की शिकार हो जाती है। वह इस विषय में कुछ भी जानकारी नहीं रखने के बाद यौन अपराध का शिकार बन गई। लंबी अवधि से अस्पताल में रहकर घर आई है। उसके मानसिक आघात, तनाव, अवसाद को कैसे दूर करें? कि वह समझ में अपने आप को सहज महसूस कर सके। इस कार्य हेतु उसकी कौन मदद करेगा और किस प्रकार मदद करेगा?

अधिगम गतिमंद – दस वर्षीय पायल कठोर मेहनत और लगन से पढ़ने के बाद भी वैसा परिणाम नहीं दे पा रही है, जैसा उसकी सहेली दे रही है। अधिगम में उसकी गतिमंद है। सभी शिक्षक, अभिभावक उसकी आलोचना, भर्त्सना तथा डांट फटकार करते रहते हैं। वह अपने आप को हीनभावना से ग्रस्त बनाती जा रही है। ऐसी स्थिति में उसके साथ कैसे बर्ताव करें? कैसे ध्यान दें? कि वह कक्षा में उचित सफलता हासिल कर सके।

प्रेम प्रसंग में फंसना – रमा कक्षा 11 की छात्रा है वह अपने 12वीं के साथी के प्रेमप्रसंग में फंस गई। उसके इस प्रेमप्रसंग का पता शिक्षक, अभिभावक एवं पड़ोसियों को भी लग गया है। अब उसका मन पढ़ाई में बिल्कुल नहीं लगता है। हर व्यक्ति उसे दृष्टिहीन से देख रहा है। ऐसी स्थिति में वह परेशान हो रही है। वह कैसे वापसी करे, जिससे अपने जीवन को सही दिशा में ला सके?

समलिंगी विवाह – गीता एवं मीरा दोनों घनिष्ठ सहेली है। वह अपने आप को इतना प्रेम करती है कि दोनों विवाह करना चाहती हैं। उनके विवाह को समाज मान्यता नहीं देता है। अब वह क्या करें कि समलिंगी विवाह की उन्हें मान्यता मिले। अन्यथा वह आत्महत्या करने की सोचती है। ऐसी स्थिति में कौन उन्हें समझाएगा और कैसे समझाएगा?

तनावग्रस्त – कोई छात्रा अपने साथी के साथ अश्लील फोटो खींचवा लेती है। वह पुरुष साथी अपने मित्र को फोटो भेज देता है। वह उस फोटो को फेसबुक पर अपलोड कर देती है। जब उसे पता लगता है तो वह अवसाद/तनावग्रस्तता में आ जाती है। ऐसी घटनाओं से वह छात्रा अपने आपको कैसे बचाएं और किस प्रकार से मदद ली जानी चाहिए?

अनगिनत समस्याएं – जितने लोग उससे ज्यादा समस्याएं और हर व्यक्ति के साथ समस्याएं बनी रहती हैं। जितने विद्यार्थी और जितनी कक्षाएं उतनी ही अधिक समस्याएं आज देखने में आ रही है। जाति, लिंग, धर्म, प्रांत आदि की समस्याएं ने समाज को चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है। ऐसी समस्याओं में वह व्यक्ति, विद्यार्थी, प्रबंधक, प्राचार्य, शिक्षक, डॉक्टर, धर्मगुरु, परिजनमित्रों विशेषज्ञ से सहायता मांगता है। ये समस्या बहुत जटिल होती है। इनका जल्दी से समाधान नहीं हो पाता है तो व्यक्ति अधिक परेशान रहता है। कैसे जल्दी से जल्दी इन समस्याओं का समाधान हो सकता है?

1. डॉ. महेन्द्र खडगावत, फारसी फरमानों के प्रकाभा में मुगलकालीन भारत एवं राजपूत भासक, निदेभालय, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर, 2020
2. एल. पी. भार्मा, मध्यकालीन भारत, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल आगरा, 2022
3. विद्याधर महाजन, मुस्लिमकालीन भारत, एस. चन्द एण्ड कम्पनी लि. रामनगर नई दिल्ली, 1984
4. डॉ. एस. एल. वरे, भारतीय इतिहास में नारी, कैलाभा पुस्तक सदन हमीदिया मार्ग, भोपाल, 2009
5. हरिभचन्द्र वर्मा, मध्यकालीन भारत, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेभालय दिल्ली विभवविद्यालय, 1993
6. डॉ. विपिन बिहारी सिन्हा, मध्यकालीन भारत, ज्ञानदा प्रकाभान।
7. सौरभ चौबे, मध्यकालीन भारत, युनिवर्सल बुक्स, 2018
8. डॉ. आर. के. परूथी, मुगलकालीन भारत, अर्जुन पब्लिभिंग हाऊस, 2013
9. सत्केतु विद्यालंकार, भारतीय संस्कृति का विकास, श्री सरस्वती सदन नई दिल्ली, 2018

aartioriya543@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 46–52

समाज, संस्कृति और साहित्य का पारस्परिक संबंध

डॉ. प्रियंका कुमारी
कार्यरत S.A.K.N.D. Collage, Madhepura.

साहित्य और संस्कृति :–

साहित्य का संस्कृति से अटूट संबंध है। संस्कृति समाज के क्रियाकलाप रहन–सहन का हिमायती है। सामाजिक परिवर्तन में साहित्य और संस्कृति का बहुत बड़ा योगदान रहा है। साहित्यकार अपने साहित्य में सांस्कृतिक चिंता के द्वारा ज्ञान और सौंदर्य बोध को केंद्र में रखकर विचार इसलिए करता है क्योंकि यह संस्कृति के मौलिक मूल्य हैं और यही मूल्य किसी भी देश या जाति के संस्कार रुचि भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार ही स्वीकार्य हैं।

'संस्कृति शब्द सम् उपसर्ग के साथ संस्कृत की धातु से बनता है जिसका मूल अर्थ साफ या परिष्कृत करना है।'(1) वृहत् हिंदी कोष में 'शुद्धि, सुधार, परिष्कार, निर्माण, पवित्रकरण, आचरणगत परंपरा तथा सभ्यता को संस्कृति कहा गया है।'(2) अंग्रेजी में संस्कृति शब्द को कल्चर का पर्याय माना जाता है। व्यापक अर्थ में संस्कृति शब्द का प्रयोग विज्ञान के लिए किया जाता है जिसका अर्थ सभी प्रकार के सिखे हुए उस व्यवहार को संस्कृत कहते हैं, जो सामाजिक परंपरा से प्राप्त होता है। दूसरे अर्थ में संस्कृति प्रायरू उन गुणों को कहा जाता है– जो व्यक्ति को पुरस्कृत एवं समृद्ध करता है।

संस्कृति की परिभाषा को लेकर विद्वानों में मतभेद रहा है फिर भी इनकी मान्यताओं में संस्कृति के कुछ पहलुओं को बाधा जा सकता है। भारतीय विद्वान गुलाब राय के अनुसार 'जातीय संस्कारों को ही संस्कृति कहा जा सकता है।'(3) डॉक्टर सत्यकेतु विद्यालंकार के अनुसार 'मनुष्य अपनी बुद्धि का प्रयोग कर विचार और कर्म के क्षेत्र में जो सृजन करता है उसी को संस्कृति कहते हैं।'(4) पाश्चात्य विद्वान मैकावर तथा पेज ने अपने 'सोसाइटी' शीर्षक ग्रंथ में संस्कृति की परिभाषा देते हुए कहा है– 'कल्चर इज द रियल ऑफ स्टाइल ऑफ वैल्यू आफ इमोशनल अटैचमेंट आफ इंटेलेक्चुअल।' जॉन डेवी के अनुसार– "Culture means at least something cultivated] something ripened] it is opposed to raw and crude"(5) संस्कृति के संबंध में उप विद्वानों द्वारा दी गई कुछ परिभाषा में उसके विशेषताओं का विवेचन किया गया है तो कुछ में उसके उद्देश्य को विवृत किया गया है। निष्कर्ष रूप में हम यह कह सकते हैं कि संस्कृति से हम सुशिक्षा, सुनीति, सु–व्यवहार, सुरुचि, सुभाषा, सुप्रथा इत्यादि को ही समझते हैं।

संस्कृति का क्रमिक विकास होता रहता है। इसके रूप और प्रकृति सदा परिवर्तनशील है। संस्कृति का परिवर्तन भविष्य के लिए भी अनिवार्य है। संस्कृति के माध्यम से समाज में रहने वाले मनुष्यों का चाल–चलन

एक निर्दिष्ट पद्धति से चलता रहता है। सामाजिक क्षेत्र में उत्पन्न विभिन्न जटिल अवस्था का समाधान संस्कृति के द्वारा ही संभव होता है। कहाँ किस रूप में कब, क्या करना होगा या क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए इस बारे में व्यक्ति पहले से ही संस्कृति के द्वारा जानकारी प्राप्त कर सकता है और सही फैसला ले सकता है। इसके फलस्वरूप स्वच्छंद समाज जीवन का गठन होता है।

संस्कृति व्यक्ति को 'मनुष्य' बनाती है। संस्कृति हीन मनुष्य पशु समान होता है। संस्कृति मनुष्य को यथार्थ सामाजिक जीवन में परिणत करता है। यदि किसी व्यक्ति को समाज और संस्कृति से बाहर रख दिया जाए तो वह व्यक्ति एक मनुष्य नहीं बन सकता तथा मनुष्य के रूप में सामाजिक स्वीकृति पाने के लिए व्यक्ति को संस्कृति में निवास करना ही पड़ता है। संस्कृति ही व्यक्ति के सामने परिपूर्ण जीवन के लिए आदर्श नमूना या चित्र को उपस्थित कर देता है। पोशाक, खान–पान,आचरण, रहन–सहन, बोलचाल–इन सभी समाज जीवन के विभिन्न विषयों में व्यक्ति संस्कृति के माध्यम से ही शिक्षित होता है। मनुष्य के अचार–आचरण को संस्कृति ही नियंत्रण करता है एवं उसे गोष्ठी जीवन के लिए उपयुक्त भी बनाता है। वास्तव में किसी व्यक्ति को मनुष्य संस्कृति ही बनाती है। इसलिए किसी जाति की संस्कृति में उस जाति के विशिष्ट गुणों एवं आदर्शों की अभिव्यक्ति होती है। यही संस्कृति किसी भी देश या जाति की स्वच्छंद, स्वतंत्र, सत्ता को स्थिरता प्रदान कर वहाँ के निवासियों को एकता के सूत्र में पिरोकर गौरव प्रदान करती हैं। समाज और संस्कृति के संबंध अपने आप में सबसे महत्वपूर्ण है।

संस्कृति किसी विशेष व्यक्ति से संबंध नहीं भी रख सकता है परंतु यह परम आवश्यक है कि वह किसी जाति या समाज से अपना संबंध बनाए रखें कारण संस्कृति का विकास सामूहिक प्रयत्न के परिणाम स्वरूप ही होता है।

भौगोलिक वातावरण का प्रभाव संस्कृति पर पड़ता है। पृथ्वी के विभिन्न अंचल के प्राकृतिक उपादानों में विभिन्नता रहती है। इसी विभिन्नता के कारण लोगों का रहन–सहन, भाषा, रीति–रिवाज भी अलग–अलग होता है। अतः प्रत्येक जाति की संस्कृति और उसके मूल्य भी इसी कारण भिन्न होते हैं। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। इस नाते ही उसके संस्कृत होने की कोई आवश्यकता नहीं है। उसमें मूल्य होने के कारण वह सु–संस्कृत है ऐसा हम मान सकते हैं। मनुष्य का मनोस्थिति बदलता रहता है जिस कारण संस्कृति भी परिवर्तित होती रहती है। कालमार्क्स ने कहा था– 'मनुष्य परिवेश की उपज है।'

संस्कृति के विकास के लिए परस्पर में आदान–प्रदान होना आवश्यक है। यही आदान–प्रदान संस्कृति का विकास करता है। संस्कृति को सदियों से कायम रखने का कार्य पारस्परिक संपर्क कर सकता है। हमारी भारतीय संस्कृति इसका प्रमाण है। अंग्रेज प्रभुत्व भारत में स्थापित होने का मुख्य वजह भारतीयों की अयोग्य युद्ध प्रणाली और युद्ध सामग्रियों की जानकारी के अनुभव से अनभिज्ञ होना था। भारतीय समय के परिवर्तन के साथ–साथ ताल से ताल मिला कर चलने में असमर्थ रहे इसी कारण विदेशियों को मौका मिला और वे अपने नवीन सामग्री के आविष्कारों के साथ जीत हासिल करने में सफल होते रहे।

हजारी प्रसाद द्विवेदी तथा अन्य भारतीय विद्वानों ने रचनात्मक कोशिशों को महत्व देते हुए संस्कृति के स्वरूप को स्पष्ट किया है। कुछ विद्वानों ने संस्कृति के स्वरूप का यथार्थ चित्रण करते हुए उसे सभ्यता से माना है। परंतु इस अंतर भेद के प्रति उनमें आज तक मत ऐक्य नहीं है।

संस्कृति को मानव ही बनाता है। इसलिए संस्कृत व्यक्ति ही नवीन मूल्यों द्वारा समाज का विकास भी करता है। प्रत्येक देश की संस्कृति अलग–अलग होती है। इसलिए जो जिस देश का निवासी होता है उसमें उस देश की संस्कृति की झलक उसमें नजर आता हा है। जैसे– भारतीय विश्व के किसी भी कोने में क्यों न रहे उनकी वेशभूषा और रहन–सहन से ही कोई भी कह सकता है कि वे भारतीय हैं। प्रत्येक देश के लोगों की भाषा, रहन–सहन आचार–विचार, रीति–रिवाज कला, धर्म को ध्यान में रखकर ही साहित्य रचना संभव है। अतः साहित्य में सांस्कृतिक मूल्यों की उपेक्षा करने से साहित्य का कोई महत्व नहीं रहता है।

संस्कृति का कार्यक्षेत्र बहुत ही विस्तृत होता है। इसका संबंध मनुष्य के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, धार्मिक, दार्शनिक, साहित्य, कला, खेल आदि जीवन के विविध पहलुओं से रहता है। समाज के विकास के साथ–साथ संस्कृति का भी विभिन्न क्षेत्रों में विकास हुआ। यह सभी अंग संस्कृति के संस्कार से युक्त है जिन्हें संस्कृति के क्षेत्र के अंतर्गत समाविष्ट किया जा सकता है। अर्थात सभ्यताओं का विकास और विनाश हो सकता है पर संस्कृति का मौलिक रूप चिर स्थाई होता है। संस्कृति के विकास में ही देश की सभ्यता के प्रतिबिम्ब को देखा जा सकता है।

संस्कृति और सभ्यता :-

संस्कृति शब्द के साथ–साथ सभ्यता शब्द का प्रयोग भी होता है। लगभग ज्यादातर लोगों ने संस्कृति और सभ्यता शब्द का प्रयोग समान अर्थ में कर दिया करते हैं परंतु संस्कृति और सभ्यता में वाच्य अर्थ में भेद है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से 'सभायां साधुः' अर्थ में सभा पद से यत् प्रत्यय लगाकर सभ्य पद और सभ्य शब्द से तल् प्रत्यय करके स्त्रीलिंग में सभ्यता पद की रचना होती है। इस प्रकार सभ्यता शब्द का अर्थ है– व्यक्तियों का सामाजिक नियमों और व्यवहारों को जानना, उसका पालन करना, समाज के योग्य आचरण करना, अनुशासन में रहना।

वर्तमान समय में सभ्यता कहने से हम उस व्यक्ति या समाज को सभ्य कह सकते हैं जहाँ जीवन निर्वाह के लिए, शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अधिक से अधिक सुविधाओं और वैज्ञानिक तकनिकों का प्रयोग करते हैं।

हिंदी साहित्य कोश के अनुसार – 'सभ्यता से तात्पर्य उन आविष्कारों, उत्पादनों एवं सामाजिक, राजनीतिक संस्थाओं से है जिनके द्वारा मनुष्य की जीवन यात्रा सरल एवं स्वतंत्र होता है।'[6] वहीं दूसरी ओर इसके विपरीत 'संस्कृति का अर्थ चिंतन तथा कलात्मक सर्जन की क्रियाएँ होती है, जो मानव व्यक्तित्व और जीवन के लिए उपयोगी न होते हुए भी उसे समृद्ध करती है।'[7]

उपर्युक्त परिभाषा के आधार पर हम कह सकते हैं कि संस्कृति विश्व चेतना के रूप में मानव के मन में अंतर्निहित है तो सभ्यता का अस्तित्व प्रकृति के बाहरी उपादानों पर। हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में –'सभ्यता समाज की वाह्य व्यवस्थाओं का नाम है तो संस्कृति व्यक्ति के अंतर के विकास का।'[8] अर्थात सभ्यता चंचल है तो संस्कृति स्थायी। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि सभ्यता और संस्कृति में अंतर होते हुए भी संस्कृति का निर्माण सभ्यता के परिवेश में ही होता है।

सभ्यता से भी अधिक महत्व संस्कृति का है। यह उसी तरह आपस में मिली हुई है जैसे मनुष्य के हृदय में प्राण। संस्कृति के विकास के लिए सभ्यता बाहरी सुविधा प्रदान करती है लेकिन सभ्यता के विकास के

साथ–साथ संस्कृति का भी विकास हो यह असंभव है। सबसे अधिक भारतीय समाज में आर्थिक वातावरण का प्रभाव सभ्यता पर पड़ता है। इसलिए इसे अपनाने में कोई कठिनाई नहीं होती है। स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कथाकारों के अनुसार भारतीय सभ्यता उन्नत और विकसित है। उन्होंने अपनी कहानियों में मानव सभ्यता के पूरे चित्र को उभारा है।

मानव के विचार, भाव और व्यवहार संस्कृति के मूल उपकरण है। इन सभी उपकरणों के योग से मानवीय गुण का निर्माण होता है। ये गुण है– दया, प्रेम, परोपकार, उदारता, मैत्री, भावना, रीति–नीति, मूल्य बोध, दर्शन, विश्वास, सहिष्णुता, सदाचार, बलिदान, संयम इत्यादि। भारतीय संस्कृति में इन सभी गुणों का भंडार है। स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानियों में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति संवेदना को देखा जा सकता है। स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानियों के लेखको ने अपनी कथा साहित्य में चित्रित पात्रों के माध्यम से सांस्कृतिक मूल्य के प्रति संवेदना को जागृत कर तत्कालीन समाज में ह्रास होते सांस्कृतिक मूल्य को पुनः स्थापित करने का प्रयास किया है।

संस्कृति के तत्व :–

संस्कृति की अभिव्यक्ति के तत्व है– इतिहास, समाज संगठन, राजनीति, धर्म, दर्शन, शिक्षा, कला, तथा साहित्य। हिंदी साहित्यिक विधाओं में इन तत्वों का समावेश को देखा जा सकता है।

इतिहास :–

इतिहास किसी भी समाज के संस्कृति का मूल तत्व होता है। इतिहास के द्वारा विगत सभी घटनाओं और संस्कृति की जानकारी मिल जाती है। ऐतिहासिक घटनाओं में ही मानव संस्कृति का कोई न कोई प्रलक्षण का उत्सव छुपा हुआ रहता है। इसलिए ऐतिहासिक ओर से संस्कृति के विचार और विश्लेषण करना अति आवश्यक हो जाता है। इतिहास हमे बिते हुए समाज जीवन के प्रथाओं से परिचित करवाता है। प्रत्येक समाज जीवन का प्रथा एक दूसरे से अलग होता है प्रथा संस्कृति का ही अंग होता है। कभी–कभी किसी विशेष व्यक्ति या गोष्ठी के असतर्क आचरण से तो कभी–कभी प्रयोजन के लिए कोई व्यक्ति विशेष कोई कार्य कर सकता है। बाद में कुछ व्यक्ति उसी का अनुसरण करने लगते हैं। इस तरह वह कार्य प्रथा के रूप में परिणत हो जाता है। इस तरह के किसी विशेष ऐतिहासिक घटना में निहित रह सकता है किसी भी सांस्कृतिक प्रलक्षण का उत्सव। इस प्रकार इतिहास भूतकाल की सांस्कृतिक एवं समस्त घटनाओं का लेखा–जोखा व्यक्त करता है।

इतिहास वह माध्यम है जिसको आधार बनाकर मनुष्य और समाज उस पूर्णता के लिए संघर्ष कर रहा है जो मानव जीवन का परम लक्ष्य है। इतिहास तभी सजीव और संपन्न होगा जब उसमें मानव का मनोभाव, विचार, संस्थाएँ, उद्योग, रहन–सहन की पद्धतियाँ, उन्नति, अवनती के कारणों का विश्लेषण के सभी तत्व विद्यमान हो। इतिहास तभी सार्थक है जब उसमें दर्शन हो और दर्शन के साथ राष्ट्रीय संस्कृति का अटूट अंग बन जाए। अर्थात हम कह सकते हैं कि जीवन, दर्शन, इतिहास और राष्ट्रीयता सभी मिलकर सच्चे इतिहास की सृष्टि करते हैं। स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानीकारों ने इतिहास को जीवन के साथ जोड़कर प्राण युक्त कर दिया है।

समाज का संगठन :–

संस्कृति का विकास समाज में ही होता है। संस्कृति व्यक्ति को संस्कृत कर समाज में रहने लायक बनाता है। समाज से अलग रहकर संस्कृति का कोई अपना अस्तित्व नहीं है। समाज के सदस्य इसके भागीदार हैं। वही मनुष्य समाज का गठन करता है। अतः सांस्कृतिक जीवन–यापन के लिए समाज का संगठित होना अति

आवश्यक है। संस्कृति का विकास मनुष्य अपने वंस, कुल, गाँव तथा अन्य लोगों के साथ संपर्क करके ही कर सकता है। संस्कृति सामाजीकरण के माध्यम से ही परिवाहित होता है। संस्कृति का प्रवाह एक प्रजन्म से दूसरे प्रजन्म में समाजीकरण के माध्यम से ही स्वाभाविक रूप में चलता रहता है। इस प्रकार सामाजिक व्यवस्थाओं के कारण संस्कृति का उद्‌भव होता है और आदर्श समाज ही संस्कृति को बचाये रखने में मदद करता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है इसलिए समाज में रहने वाले दूसरे मनुष्य के हित के लिए सदा तत्पर रहना और उनके दुख के समय उनका साथ देना ही साहित्य में मानव धर्म है।

राजनीति :-

राजनीति संस्कृति को प्रभावित करता है। राजनीति के अंतर्गत अतीत से लेकर आज तक के शासकों जैसे –राजा, महाराजा या फिर राजनेता के अधिकार, जनता के प्रति कर्तव्य, उसके शासन का तरिका, शासन व्यवस्था का वर्णन होता है। सामंतवादी प्रथा, जागीरदारी प्रथा, जमींदारी या फिर भ्रष्ट राजनीतिक व्यवस्था जब भी देश की शक्ति को नष्ट करने के लिए षड्यंत्र रचती है या फिर विदेशी राज्य के हस्तक्षेप से हमारा देश पतन की ओर चला जाता है तब जनता को सही मार्ग दिखाने के लिए, उनमें चेतना को जागृत तरने के लिए साहित्यकार राजनीतिक संदर्भ से जुड़े साहित्य की रचना करता है। स्वातंर्त्योत्तर हिन्दी कहानियों में राजनीतिक परिवर्तन के कारण समाज में आए बदलाव और मूल्य–संक्रमण के कारणो को विवेचित किया गया है।

धर्म :-

धर्म को भारतीय संस्कृति का आत्मा कहा गया है। धर्म मनुष्य के चरित्र का निर्माण कर उसमें नीति और आदर्श को प्रतिष्ठित करता है। जेमस फ्रेजर के अनुसार– 'धर्म एक समुन्नत विशेष व्यक्ति में विश्वास करता है। यह विशेष व्यक्ति समाज और मनुष्य के जीवनधारा को नियंत्रित करता है।'[9] धर्म मनुष्य के आचरण में सत्यता एवं न्याय करने में एवं सामाजिक मूल्य बोध के प्रति श्रद्धा सील होने के लिए शिक्षा देता है। मनुष्य सत्य पथ पर चलता है तो धर्म ही उसे सही रास्ता दिखाता है। इसलिए धर्म और संस्कृति का सम्बंध एक दूसरे के साथ बंधा हुआ है। आस्था ही धर्म को जीवित रखता है। व्यक्ति, परिवार, समाज, लोक–धर्म आस्था के ही विभिन्न रूप है।

धर्म का पालन करके मनुष्य सुखी जीवन व्यतीत कर सकता है। धर्म मनुष्य के स्वभाव को नियंत्रित करता है, अगर ना करें तो मनुष्य और पशु में कोई भी अंतर न रहे। धर्म में ही संस्कार और संस्कार में आपसी विचारों की प्रधानता होती है। आपसी विचारों के बिना मनुष्य का कोई महत्व नहीं रहता और धर्म के बिना सत् विचार अस्थित हो जाते हैं।

नीति :-

धर्म यदि प्रीतिवर्धक है तो नीति मनुष्य को सही मार्ग दिखाता है। धर्म बौद्ध यदि नीति ज्ञान के ऊपर प्रतिष्ठित है तो नीति धर्म के माध्यम से सामाजिक रूप धारण करता है। एक स्वस्थ समाज के संगठन में सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक इत्यादि कई प्रकार की नीति की भूमिका होती है। स्वातंर्त्योत्तर हिंदी कहानियों में प्राय सभी प्रकार की नीतियों का विवेचन है जिसके द्वारा मानव को मोह–संक्रमण से बचने और पथ–भ्रष्ट से विचलित लोगों के उचित मार्ग दिखाया गया है।

मानव को कैसा व्यवहार करना है या नहीं करना है यह नीती ही सिखाता है। समाज के कुछ व्यक्ति क्रूर

होते हैं तो कुछ दयालू। दयालू व्यक्ति हमेशा यही चाहता है कि सभी व्यक्ति परोपकारी व सत्यवादी हो पर क्रूर व्यक्ति दूसरे को कष्ट देकर अपने आप को श्रेष्ट दिखाना ही अपना ध्येय समझता है। सत्यता, न्यायपरायणता, कर्तव्यनिष्ठा, शान्तिप्रियता, धर्मबोध इत्यादि के समाहार से नैतिकता का सृष्टि होता है। मनुष्य जब पारिवारिक जीवन में प्रवेश करता है तब उसे कर्तव्य का बोध होने लगता है, वह समस्याओं के जाल में उलझ जाता है। उसका जीवन दुर्लभ हो जाता है। इन सभी कमियों को दूर करने के लिए नीतियाँ अति आवश्यक है।

शिक्षा :–

संस्कृति के व्यवहारिक पक्ष से शिक्षा का संबंध होता है। जो शिक्षा व्यक्ति के आत्मिक प्रकृति के विकास में सहायता करता है वही शिक्षा संस्कृति के परिचायक के रूप में मान्य होता है प्रकृति के साथ इस प्रकार की शिक्षा का संजोग संपर्क अत्यंत गहराई तक होता है। यह मनुष्य के भावों और विचारों को परिष्कृत करता है।

साहित्य :–

साहित्य किसी भी देश का प्रतिबिंब होता है। जिसमें किसी भी समाज की संस्कृति का सुंदर इतिहास को देखा जा सकता है। साहित्य को संस्कृति का उत्थान मानते हुए डॉ. राजेंद्र यादव का कहना हैं– 'किसे देश का उत्थान तब तक नहीं हो सकता, जब तक वहाँ की जनता में उच्च विचार, उच्च आकांक्षस, उच्च अभिलाषा और सच्चा उत्साह न हो। इनका सूत्र–पात साहित्य द्वारा ही हो सकता है।'[10] साहित्य संस्कृति का एक ऐसा अंश है जो किसी रचना में लिखित या मुद्रित चिन्हों के द्वारा हमारे सामने उपलब्ध है। कुछ आलोचक ऐसे भी हैं जिन्होंने साहित्य को संस्कृति का विशेष अंश न मानकर केवल एक खंड मानते हैं।

कला :–

कला जीवन को रंगीन और प्रभावशाली बनाता है। लोकगीत, लोकनृत्य, लोकनाट्य का चित्रण बहुत से रचनाओं में मिलता है। इसके अलावा वास्तु कलाओं में सुन्दर भवनों, कुटीरों, राजभवनों का उल्लेख अधिकांश रचनाओं में कहीं ना कहीं मिल जाते हैं। कला के अंतर्गत खेल और पशुओं के प्रदर्शन की भी चर्चा की गई होती है। औद्योगीकरण के विकास के साथ–साथ आज का मानव अपनी संस्कृति से दूर जा रहे हैं। अतः सांस्कृतिक विकास में इन सब कलाओं का विकास आज के आधुनिक समाज में अत्यंत आवश्यक हो गया है।

दर्शन :–

दर्शन शब्द की उत्पत्ति 'फिलोस' और 'सोफिया' इन दो ग्रीक शब्दों के योग से हुआ है। फिलोस शब्द का अर्थ अनुराग और सोफिया का अर्थ ज्ञान है। व्यापक अर्थ में फिलॉसफी कहने से ज्ञान के प्रति अनुराग या जिज्ञासा को ही समझा जाता है। मनुष्य जगत और जीवन को जानना चाहता है। जगत और जीवन के स्वरूप को समझना चाहता है। संसार में घटने वाली प्रत्येक घटना उसके सामने रहस्यमय है। मनुष्य के इस बौद्धिक जिज्ञासा को दर्शन ही परितृप्त करता है। भारतीय दर्शन आध्यात्मिक होता है एवं हमेशा सत्य और सत्यता पर दृष्टि डालता है। संस्कृति को बनाए रखने के लिए दर्शन अनिवार्य है।

भाषा :–

भाषा संस्कृति की परिचायक एंव विशेष वाहक होता है। संस्कृति के विभिन्न उपादान और प्रलक्षण भाषा के माध्यम से एक युग से दूसरे युग में प्रवाहित होता रहता है। किसी युग के किसी भी समाज के आदर्श, आशा, अभिलाषा, सुख–दुख इत्यादि को दूसरे युग भाषा ही वाहक का कार्य करता है। वसतुतः सामाजिक जीवन में

अतीत, वर्तमान, और भविष्य में संयोग करने में भाषा की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उपर्युक्त विवेचन उपरांत यही कह सकते हैं कि समाज के बिना साहित्य और संस्कृति का कोई अस्तित्व नहीं है। साहित्यकार का एक ही लक्ष्य होता है समाज को विकसित करना। साहित्यकार एक सचेतन मनुष्य होने के नाते वह एक सचल संस्कृति से युक्त समाज का चित्रण करता है। सही मायने में साहित्यकार समाज और संस्कृति से अलग होकर नहीं रह सकता। वह अपने सरचनाओं के द्वारा समाज को ही चित्रित करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिन्दी साहित्य कोश : भाग एक, प्रधान संपादक–धीरेंद्र वर्मा, ज्ञान मंडल लिमिटेड–वाराणसी, संस्करण–2015, पृष्ठ संख्या 712
2. हिन्दी वृहत्त कोश– कालिका प्रसाद, ज्ञान मंडल लिमिटेड–बनारस, संस्करण–संवत् 2013, पृष्ठ संख्या– 1390
3. हिन्दी कहानी कला– डॉक्टर प्रताप नारायण टंडन, सम्मेलन मुद्रणालय–प्रयाग, संस्करण– प्रथम 1990 पृष्ठ संख्या–190
4. विषय समाज तत्व प्रत्यक्ष और प्रतिष्ठा अनाड़ी कुमार, महापात्र प्रकाश शास्त्री परिमल कुमार डेट कोलकाता, संस्करण तीर्थ या 2008 की संख्या 747
5. वही, पृष्ठ संख्या– 447
6. हिंदी साहित्य कोश : भाग–1, प्रधान संपादक–धीरेंद्र वर्मा, ज्ञानमंडल लिमिटेड–वाराणसी, संस्करण–2015, पृष्ठ संख्या–712
7. वही, पृष्ठ संख्या–712
8. विचार और वितर्क– हजारी प्रसाद द्विवेदी, सुषमा, साहित्य मंदिर–जबलपुर, संस्करण–संवत् 2002, पृष्ठ संख्या 181.
9. विषय समाज तत्व : प्रत्यक्ष और प्रतिष्ठा, अनादी कुमार महापात्र, प्रकाशक–श्री परिमल कुमार दत्त, कोलकाता, संस्करण–तृतीय 2008, पृष्ठ संख्या–814.
10. साहित्य शिक्षा और संस्कृति–राजेंद्र यादव, रामलाल पुरी–दिल्ली, वर्मा, ज्ञान मंडल, संस्करण–1952, पृष्ठ संख्या–25

M. 9029999589 Email : singhpriyanka786@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 53–57

वैदिक काल में स्त्रियों की दशा : एक अवलोकन

सुनीता कुमारी
शोध छात्रा, प्राचीन इतिहास विभाग, डॉ. प्रीति ग्लोबल विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश।

सारांश :–

भारतीय सभ्यता के प्राचीन इतिहास में वैदिक काल का विशेष स्थान है। यह काल न केवल धार्मिक और दार्शनिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण था, बल्कि सामाजिक संगठन और जीवन पद्धति का भी आधार था। विशेष रूप से स्त्रियों की स्थिति का अध्ययन हमें यह समझने का अवसर देता है कि किस प्रकार समाज में उनकी भूमिका समय के साथ बदलती रही। आदिमकाल को छोड़कर इतिहास की क्रमिक श्रंखला में प्रायः सभी देशों में पितृसत्तात्मक समाज रहा है किन्तु भारतीय संस्कृति के उदात्त स्वरूप को यदि हमें हृदयंगम करना है तो यहाँ नारी की स्थिति को जानना नितान्त आवश्यक है। वस्तुतः किसी भी देश की सभ्यता एवं संस्कृति को जानने के लिए उस देश में स्त्री के पद व स्थिति को जानना आवश्यक हो जाता है इसको जाने बिना हम संस्कृति का सही मूल्यांकन ही नही कर सकते।

प्रस्तुत शोध–पत्र में वैदिककालीन नारी की स्थिति को उजागर करते हुए वर्णित किया गया है कि वैदिक समाज यद्यपि पितृसत्तात्मक था, परन्तु फिर भी समाज में नारी को पुत्री, बहन, पत्नी और माता के रूप में सम्मानजनक स्थान प्राप्त था। पुत्री के रूप में जहां वह लड़कों के समान वैदिक साहित्य का अध्ययन करती हुई हर स्थान पर लड़कों के बराबर दिखाई देती हैं, वहीं पत्नी के रुप में वह पुरुष की अर्धांगिनी, सहधर्मिणी तथा गृहस्वामिनी थी और प्रत्येक धार्मिक कृत्य उसकी उपस्थिति के बिना अधूरा था। माता के रूप में वह पूजनीय थी। वैदिक समाज में कन्या वध, पर्दा प्रथा, बाल विवाह, सती प्रथा व दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाएं प्रचलित नहीं हुई थी। विधवा को भी पुनर्विववाह की अनुमति थी। वैदिक काल का अन्त होते–होते नारी की इस आदर्श स्थिति में बदलाव के संकेत दिखाई देने लगते हैं।

मुख्य शब्द :– ऋग्वेद, यजुर्वेद, समाज, संस्कृति, स्त्री, शिक्षा, उपनिषद आदि।

परिचय :–

भारतीय संस्कृति की निरन्तर प्रवाहित सुदीर्ध परम्परा में नारी की स्थिति, प्रतिष्ठा, शक्ति, योग्यता आदि कालक्रमेण निरन्तर परिवर्तित होती रहती है, एक समय में भारत के पारिवारिक, धार्मिक, सामान्य आदि सभी क्षेत्रों में नारी की सम्मानीय प्रतिष्ठा दृष्टिगोचर होती है तो दूसरे समय सर्वत्र ही नितान्त दुर्दशा परिलक्षित होती है। इसी परिप्रेक्ष्य में वैदिककालीन स्त्रियों की स्थिति का विश्लेषण किया जाये तो देखा जा सकता है कि आर्यो के प्रारम्भिक समाज में स्त्रियाँ स्वतंत्र थी। वे बिना किसी प्रतिबंध के सामाजिक गतिविधियों में सम्मिलित होती थी।

वस्तुतः वैदिक युग में स्त्री जितनी स्वतंत्र और मुक्त थी उतनी परवर्ती काल में नहीं। सभी दृष्टियों से यह पुरुषों के समान थी। शिक्षा ज्ञान, यज्ञ आदि विभिन्न क्षेत्रों में निर्विरोध स्वच्छंदतापूर्वक सम्मिलित होती और आदर प्राप्त करती थी। उस युग में ऐसी अनेक विदुषी स्त्रियाँ थी जिन्होंने ऋग्वेद और अन्य वेदों की अनेक ऋचाओं का प्रणयन किया था। लोपामुद्रा, विश्ववारा घोषा, सिक्ता आदि ऐसी ही पंडिता स्त्रियां थी। शिक्षा, ज्ञान और विद्वता के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि याज्ञिक कार्यों में भी वे अग्रणी थी। ब्रह्मयज्ञ में जिन ऋषियों की गणना की जाती है उनमें सुलभा, गार्गी, मैत्रेयी आदि विदुषियों जिनकी प्रतिष्ठा वैदिक ऋषियों के समान थी। विदेह के शासक जनक ने यज्ञ के अवसर पर जो धार्मिक शास्त्रार्थ आयोजित किया था उसमें गार्गी अपनी प्रतिभा, तर्कशक्ति मेधा से दुरूह प्रश्नों की पुच्छाएँ करके याज्ञवल्क्य ऋर्षि के दाँत खट्टे कर दिये। इन साक्ष्यों से यह विदित होता है कि उस युग में स्त्रियाँ बिना परदे के स्वतंत्रतापूर्वक पुरुषो के साथ विद्वत गोष्ठियों और दार्शनिक वाद–विवादों में सम्मिलित होती थी। उनके मान व सम्मान में किसी प्रकार की कमी नहीं थी। बिना उनके सहयोग के यज्ञ पूरा नहीं माना जाता था। वेदों में उल्लिखित कुछ मन्त्र इस बात को रेखांकित करते हैं कि कुमारियों के लिए शिक्षा अपरिहार्य एवं महत्वपूर्ण मानी जाती थी । स्त्रियों को लौकिक एवं आध्यात्मिक दोनों प्रकार की शिक्षाएँ दी जाती थी। गोभिल गृहसूत्र में कहा गया है कि अशिक्षित पत्नी यज्ञ करने में समर्थ नहीं होती थी। संगीत शिक्षा पर जोर दिया जाता था। इच्छा और योग्यता के अनुसार शिक्षा प्राप्ति के लिए श्रमणक्रमणिका में उल्लेखित प्राचीन परम्परा के अनुसार ऋग्वेद की रचना में 200 स्त्रियों का योगदान है। उत्तर वैदिककाल में परवर्ती युग से ही नारी की दशा अवनति की ओर अग्रसर होने लगी। उसके सामाजिक व धार्मिक अधिकार तो अवश्य बने रहे किन्तु उसके वैयक्तिक गुणों के प्रति संदेह व्यक्त किया गया, उसके लिए निन्दनीय शब्दों का प्रयोग होने लगा, उसे असत्यभाषी व शूद्र, श्वान की श्रेणी में रखा गया। उसे पुरुषों के साथ यज्ञ में सोम का भाग लेने से वंचित कर उसकी स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के प्रमाण मिलते हैं किन्तु फिर भी सामाजिक उत्सवों व धार्मिक पर्वों पर स्त्रियाँ उन्मुक्त होकर सम्मिलित हुआ करती थी।

वैदिकयुग में नारी शिक्षा पर विशेष बल दिया जाता था। ज्ञान व शिक्षा में वे किसी भी प्रकार पुरुषों से कम नहीं थी। अतः वैदिक युग में स्त्री शिक्षा अपनी उच्चतम सीमा पर थी। इस युग में पुत्र की तरह पुत्री का भी विद्यारम्भ से पूर्व उपनयन संस्कार सम्पन्न कराया जाता था और सह शिक्षा ग्रहण करती थी। वे ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए विभिन्न विषयों की शिक्षा ग्रहण करती थी। वैदिक युग में छात्राओं के दो वर्ग थे। पहली सद्योवधू जो विवाह के पूर्व तक मंत्रों और याज्ञिक प्रार्थनाओं का ज्ञान प्राप्त कर लेती थी तथा दूसरा वर्ग ब्रह्मवादिनी जो जीवनभर अध्ययनरत रहती थी। वे दर्शन, तर्क, मीमांसा, साहित्य आदि विभिन्न विषयों की पंडिता होती थी। काश–कृत्स्नी नामक स्त्री ने मीमांसा जैसे क्लिष्ट और गूढ़ विषय पर अत्यधिक बहुचर्चित पुस्तक का प्रणयन किया जो बाद में उसी के नाम पर विख्यात हुई। वैदिककाल में नारी शिक्षा के दो रूप थे पहला आध्यात्मिक दूसरा व्यवहारिक। आध्यात्मिक ज्ञान में घोषा भगिनी, विश्ववारा, एकपर्णा शतरूपा आदि कन्याओं का नाम जो ब्रह्मवादिनी का उल्लेख मिलता हैं जबकि व्यवहारिक ज्ञान के अन्तर्गत नृत्य, गान, चित्रकला गार्हस्थिक शिक्षा दी जाती थी। पूर्व वैदिक कालीन अपाला नामक कन्या अपने पिता के कृषि–कार्य में सहयोग प्रदान करती थी। स्त्रियाँ सूत कातना, सिलना भी जानती थी अतः ललित कलाओं में वे पूर्णतः निपुण होती थी। युद्ध में महिलाओं की भागीदारी और शस्त्र–कला में दक्षता– प्राचीन साहित्य से ज्ञात होता है कि महिलाएँ पुरुषों के साथ

युद्ध में भाग लेती थीं। वैदिक साहित्य में एक संदर्भ के अनुसार अपाला नाम की एक पुत्री ने अपने बीमार पिता की सेवा की थी। एक अन्य उदाहरण वासलिया नाम की एक महान महिला योद्धा का है, जिसका युद्ध में पैर कट गया था। स्त्रियों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर हिन्दू समाज में उनका सम्पत्ति विषयक अधिकार स्वीकर किया गया है तथा उन विशेष परिस्थितियों का भी विश्लेषण किया गया है जिनके कारण सम्पत्ति में वे हिस्सा प्राप्त करती थी। वैसे वैदिककालीन कुछ ऐसे विवरण है जो उसके उत्तराधिकार पर आक्षेप करते है किन्तु ये अपवाद ही हैं– सम्पत्ति में प्रायः उनका हिस्सा रहता था। परिवार में वह पुत्र से किसी प्रकार कम नहीं समझी जाती थी। दत्तक पुत्र से श्रेष्ठ पुत्री समझी जाती थी। पुत्र के न रहने पर पिता की सम्पत्ति की उत्तराधिकारिणी मानी जाती थी। अतः वैदिक युग सम्पत्ति का अधिकार स्वीकार किया जाता था किन्तु दूसरी शती ई०पू० तक आकर स्त्री शिक्षा पर प्रतिबंध लगने से स्त्री सम्पत्ति अधिकार क्षतिग्रस्त हुआ। विधवा सम्पत्ति अधिकार संदर्भ में संहिता व ब्राह्मणों ग्रंथों में पति की मृत्यु पर विधवा के अधिकार को समाज में स्वीकृति नहीं मिली परवर्ती काल में ही विधवा सम्पत्ति अधिकार मिला।

वैदिक युग में पहली सदी ई०पू० तक हिन्दू समाज में स्त्रियों के लिए पर्दा का प्रचलन नहीं था। सह शिक्षा का व्यवहार स्त्री–पुरुष दोनों का समान रूप से उन्मुक्त वातावरण प्रदान करता था। पूर्ववैदिक काल में वधू सभी आंगतो को दिखाई जाती थी। उस युग में स्त्रियाँ विदथ तथ समन (मेलों, उत्सव) में स्वच्छन्दतापूर्वक सम्मिलित होती थी। अतः स्पष्ट है कि परदा जैसे व्यवहार का स्पष्ट संकेत वैदिककाल में दिखाई नहीं पड़ता। वैदिक काल में स्त्रियों की स्थिति के सन्दर्भ में विवाह की चर्चा की जा सकती है इस समय समाज में 8 तरह के विवाह का प्रचलन था जिनमें नैतिक व धार्मिक मूल्य के ही विवाह समाज में प्रचलित थे किन्तु विवाह के प्रकार से यह अवश्य दर्शित होता है कि समाज में विभिन्न प्रकार के लोग थे जो परिस्थितियों के अनुरूप विवाह किया करते थे। वैदिककाल में एक पत्नी विवाह का प्रचलन था। वेदों मे अनेक स्थलों पर स्पष्ट है कि एक विवाह आदर्श विवाह है किन्तु बहुपत्नी साक्ष्य भी प्राप्त होते हैं किन्तु आदर्शमयी एक पत्नी विवाह ही था। वैदिक काल में पुनर्विवाह अथवा विधवा विवाह समाज में प्रचलित था। पति की मृत्यु पर स्त्री का पुनर्विवाह करने का पूर्ण अधिकार था। वैदिक काल में नियोग प्रथा का प्रचलन था जिसके सम्बन्ध में गौतम का कथन है पतिहीना स्त्री यदि पुत्र की कामना करती है तो उसे वह देवर से प्राप्त करें। इस प्रकार नियोग पुनर्विवाह से स्त्रियों की स्थिति संतोषजनक थी। वैदिककाल में कन्याओं का विवाह वयस्क होने पर ही किया जाता था। ऋग्वेद के इस श्लोक 'सोमो वधुयुरभवदश्विनास्तामुभावरा। सूर्या यत्पत्येशंसन्तीं मनसा सविता ददाता स्पष्ट है कि वैदिककाल में बाल विवाह का प्रचलन नहीं था। निर्धन लोगों में एक पत्नी प्रथा थी लेकिन धनी व राजसी घरानों में बहुविवाह प्रचलित थी एक से अधिक पुरुष के साथ एक स्त्री का विवाह का संकेत अथर्ववेद में प्राप्त होता है। अतः विवाह की उत्पत्ति इसी काल में हुई। उत्तरकालीन साहित्यों में इसका विकास एवं अन्तर दृष्टिगत होता है।

वैदिककाल में कन्या के विवाह के समय नाना प्रकार के वस्त्राभूषणों को दिया जाता था। ब्रह्म विवाह इसी श्रेणी में आता है। राज परिवार की वधुएं अपने साथ दहेज की 100 गाये लेकर वर के घर जाती थी। इस प्रकार अनेक प्रकार के वस्त्र आभूषण घोड़े हाथी आदि दहेज में अपनी स्वेच्छा से दिया जाता था। एक मंत्र अथर्ववेद से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिस स्त्री को नापसंद करते हो उसके लिए सबसे बुरे भाग्य की कामना यह की जा सकती थी कि वह कुंवरी कन्या के तौर पर अपने माता–पिता के घर रहने के लिए मजबूर हो,

सम्भवतः ऐसी दशा में पुत्री विवाह के समय दहेज देना आम रिवाज बन गया होगा। यही प्रथा निरन्तर बढ़ती चली गयी और समाज में इस प्रकार घर कर गई कि इसका टूट जाना असम्भव हो गया। किसी भी समाज अथवा राष्ट्र के सर्वतोमुखी अभ्युदय में स्त्री और पुरुष का समान महत्व रहा है पुरुष यदि घर से बाहर के कार्यों का सुचारूता एवं उन्नति का कर्तव्य वहन करता है तो स्त्री शुश्रुषा स्नेह आदि के सम्बलपूर्वक घर के विभिन्न कष्ट साध्य दायित्यों का निर्वाह करती हुई अपनी चरम उपयोगिता को सार्थक रूप में सिद्ध करती है– स्त्री के बिना पुरुष अपूर्ण है जीवनरथ के दो चक्रो–स्त्री व पुरुष के एक समान चलने पर ही जीवन आनन्दमय बनता है।

वासुदेवशरण अग्रवाल – स्त्री व पुरुष दोनों नदी के दो तटों की भांति सहयुक्त है वैदिक साहित्य में स्त्री और पुरुष दोनों की उपमा पृथिवी व द्युलोक से दी गयी है–द्यावा–पृथिवी एक ही संस्थन के परस्पर पूरक हैं यही स्थिति पत्नी–पति की है। स्त्री की सर्वाधिक गिरी हुई स्थिति मैत्रेयनी संहिता से प्राप्त होती है, जिसमें जुआ और शराब की भांति स्त्री को पुरूष का तीसरा मुख्य दोष बताया गया हैं। जबकि शतपथ ब्राह्मण में स्त्री को पुरूष का अर्धांगिनी कहा गया है। शतपथ ब्राह्मण में वाजपेय यज्ञ का यज्ञकर्ता इस बात को कहता है कि सर्वोच्च लाभ को प्राप्त करना चाहता हूँ। अतः अपनी अर्धागिनी पत्नी को मैं यज्ञ में सम्मिलित रखता हूँ।

अथर्ववेद में नव वधू को सम्बोधित करते हुए कहा गया है 'हे नववधू तू जिस नये घर में प्रवेश कर रही है उस घर की तू साम्राज्ञी है। यह राज्य तेरा है। तेरे श्वसुर,देवर, ननंद और सास तुझे साम्राज्ञी समझ आनन्दित रहें।' इस प्रकार स्पष्ट होता है कि वैदिक काल में पति के घर पर भी स्त्री को सम्पूर्ण सम्मान प्रदान किया जाता था। समग्र प्राचीनकाल में स्त्रियों की स्थिति को देखा जाय तो निःसंदेह रूप से वैदिककाल में स्त्री दशा के दृष्टिकोण से उत्तम था क्योंकि सामाजिक ढाचा अभी रूढ़िवादिता के तत्वों से परे थे। शायद इसीलिए स्त्रियों को इस युग में सभी प्रकार की स्वतंत्रता प्राप्त थी। वैदिक युग में जन्म से लेकर मृत्यु तक स्त्री को समाज एवं परिवार में सम्मानपूर्ण स्थिति प्राप्त थी। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र एवं उम्र के प्रत्येक पड़ाव पर उसे अनेक अधिकार एवं स्वतंत्रताएँ प्राप्त थी। किन्तु समय परिवर्तन के साथ हिन्दू शास्त्रकारों पुरुषों के अधिकार को स्वीकार करके एवम् स्त्रियों के अधिकार को अस्वीकर करके एकपक्षीय नियम बनाये जिससे उत्तरोत्तर स्त्रियों की दशा पुरुषों के समान नहीं रह सकी। अल्तेकर के अनुसार वैदिक युग भारतीय महिलाओं के दृष्टिकोण से 'स्वर्ण युग' था क्योंकि उन्हें विभिन्न क्षेत्रों की शिक्षा और ज्ञान प्राप्त हुआ था। लेकिन कई इतिहासकार इस परिकल्पना से सहमत नहीं हैं क्योंकि उनका मानना है कि स्वर्ण युग उच्च स्तर की महिलाओं के लिए रहा होगा, न कि सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए। इतिहासकारों का मानना है कि ऋग्वैदिक समाज पितृसत्तात्मक और पितृवंशीय था।

निष्कर्ष : अंत में हम कह सकते है कि वैदिककाल में महिलाओं को समान एवं महत्वपूर्ण सामाजिक स्थिति प्राप्त थी। महिलाओं को भी पुरूष के उत्तरदायित्वों एवं घरेलू कर्तव्यों में समान रूप से सहभागी माना जाता था। सार्वजनिक जीवन में भी महिलाएं महत्वपूर्ण रूप से भाग लिया करती थी। वे सभाओं में भाग लिया करती थी। महिलाओं की स्थिति सामान्यतः पुरुषों की स्थिति से अधिक भिन्न नहीं थी यानि वैदिक काल में महिलाओं की स्थिति पुरुषों के समान ही थी। इस अध्ययन से साबित होता है कि वैदिक कालीन समाज एक प्रगतिशील, आशावादी समाज था जहाँ पुरुष और महिला को समान दर्जा प्राप्त था। प्रगतिशील शिक्षा प्रणाली वैदिक युग की प्रगति के लिए जिम्मेदार थी। प्राचीन शिक्षा का उद्देश्य शिष्य का सर्वांगीण विकास करना, उसकी ज्ञान ज्योति को जगाना, उसे दृढ़ बनाना और उसके जीवन को पूरी तरह से भाग्यशाली बनाना था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वासुदेवशरण अग्रवाल : भारतीय संस्कृति, पृष्ठ 96 और पृष्ठ 98.
2. त्रिपाठी, कुसुम, महिलाओं की दशा और दिशा। कुरुक्षेत्र। अंक, मार्च 2010.
3. अल्तेकर, ए०एस०रू दि पोजीशन ऑफ वूमेन इन हिन्दू सिविलाइजेशन, मोतीलाल बनारसी दास पब्लिशर्स प्रा० लि० दिल्ली–2005.
4. मिश्र, डॉ० उर्मिला प्रकाश, प्राचीन भारत में नारी, मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल–2002.
5. विद्यालंकर–सत्यकेतु, प्राचीन भारत का ध०सा०आ० जीवन, सरस्वती सदन, नई दिल्ली,1996.
6. झा एवं श्रीमाली, प्राचीन भारत का इतिहास, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली, 2001.
7. पांडा प्रमोदिनी, वेद कालिन नारी शिक्षा, ओरिएंटल बुक सेंटर, दिल्ली।
8. द्विवेदी, कपिल देव, वैदिक साहित्य और संस्कृति।
9. भारतवर्ष का सामाजिक इतिहास, डॉ० विमल चन्द्र पाण्डेय पेज नं0 100–101.
10. ऋग्वेद, 10.89, 29–परा देहि शामुत्यं ब्रहाम्यो विमजा वसु।
11. अर्थर्ववेद, 10.85.33 सुमंगलरियं वधूरिया दस्वायाधास्वितं परेतन्।

बुद्ध विहार, कालिंदीपुरम, प्रयागराज, उत्तर–प्रदेश, 211011

Email id - Pandeysmita523@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 58-61

विद्यालयी शिक्षा के साथ चित्रकला– सोने पे सुहागा

सितेंद्र रंजन सिंह
शोधार्थी (ललित कला), सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड।

सारांश :–

कला की दुनिया बच्चों की मनपसंद दुनिया है। यह आजादी की दुनिया है और अपने मन मुताबिक कुछ भी कर दिखाने की दुनिया है। इस दुनिया में बच्चे बहुत आजादी महसूस करते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ रचना लोगों को समक्ष प्रस्तुत करते हैं। चित्रकला सीखने का अवसर देने वाली दुनिया है और संपूर्ण आनंद देने वाली दुनिया है। इसमें उमंग और उत्साह का महत्वपूर्ण स्थान है। यह बच्चों के स्वयं सीखने, जानने और आगे बढ़ाने की दुनिया है। नई शिक्षा नीति 2020 में चित्रकला को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। विद्यालय के छात्र हजारों चित्र और अपनी मनपसंद रचना बनाने में सक्षम है यदि उन्हें मौका दिया जाए तो। चित्रों के माध्यम से बालक अपने रंगों और रंगों के अवलोकनों, उनके संबंध में अपनी पसंद पसंद–नापसंद, अपनी रुचि और संस्कारिता स्पष्ट रूप से व्यक्त करते हैं। बच्चे अपनी सृजनात्मक वृत्ति को आगे बढ़ाते हुए कलाकार बनने के मार्ग पर चलने लगते हैं। चित्रकारी दृश्य जगत को रेखाओं व रंगों के माध्यम से प्रस्तुत करने का एक तरीका है। प्राथमिक शालाओं को चाहिए कि वह बच्चों को अपनी पसंद का चित्र बनाने दे भले ही वह विशेषज्ञ के नजर में टेढ़े–मेरे में हो, अनुपात हीन हो और बेढंगे हो पर वे चित्र बालक के अंतर्मन को समझने में मदद करेंगे।

बीज शब्द – चित्रकला, अभिव्यक्ति, सौंदर्यबोध, अधिगम, सृजनात्मक, रचनात्मकता।

परिचय :–

कला अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। यह छात्रों में छिपी हुई सौंदर्य बोध की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। सभी लोगों में कला के प्रति आकर्षण सहज भाव से मौजूद होता है। सामाजिक, सांस्कृतिक और शिक्षा के दृष्टिकोण से भी कला का विशेष महत्व होता है। इतिहास के भित्ति चित्रों, शिलालेखों, सिक्कों, मोहरों, पुस्तकों तथा अन्य साक्ष्यों को हम देखते हैं तो ऐसा कह सकते हैं कि मानव सभ्यता के विकास, संप्रेषण और सीखने की प्रक्रिया में कला का विशेष योगदान रहा है। व्यक्ति अपने विचारों,भावों एवं कल्पनाओं को अभिव्यक्त करने के लिए किसी न किसी कला का उपयोग करता रहा है। सौंदर्यबोध के विकास, व्यक्तित्व व प्रवृत्तियों और मूल्यों के विकास में कलाकार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसका उपयोग विद्यालय की प्रक्रियाओं को रोचक बनाने में किया जाता है। चित्रकला की शिक्षा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का उपयोग जरिया हो सकता है। शिक्षाशास्त्रीय उद्देश्य से कला का अनेक तरह से उपयोग किया जा सकता है। कला को संसाधन के रूप में, माध्यम के रूप में और कौशल के रूप में उपयोग किया जा सकता है। कलायें हमारे जीवन और अधिगम का

समृद्ध बनाते हैं। कला का उपयोग शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं को सरल रोचक सुगम और आनंददायी बनता है। शिक्षार्थियों को संरचनात्मक क्षमता के विकास में कला का अत्यधिक महत्व है। लंबे समय से चित्रकला को विद्यालयी शिक्षा के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया जा रहा है। विद्यार्थियों के सृजनात्मक क्षमता के विकास के लिए चित्रकला की महत्वपूर्ण भूमिका है। चित्रकला अन्य विषयों के ज्ञान को प्राप्त करने तथा उन्हें समझने में भी मदद करती है। चित्रकला के माध्यम से विद्यार्थी अपने विचारों एवं भावनाओं को व्यक्त करते हैं। चित्रकला न सिर्फ एक विषय के रूप में महत्वपूर्ण है बल्कि यह शिक्षण प्रक्रिया के रूप में भी महत्वपूर्ण है। सीखने के रूप में कला समेकित शिक्षा महत्वपूर्ण मध्यम है। यह विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक भावनात्मक एवं मानोगत्यात्मक विकास को भी आगे बढ़ती है। चित्रकला को शिक्षण का माध्यम बनाना बहुत प्रभावी सिद्ध होता है। आड़ी–तिरछी रेखाएं खींचना, किसी की नकल करना, कुछ नया बनाना, बच्चों की सहज भाव में शामिल है। चित्रकला हर स्तर पर सीखने की असीम संभावना उपलब्ध कराती है।

विश्लेषण :–

'कलाकार कोई विशिष्ट व्यक्ति नहीं होता मगर हर व्यक्ति एक विशिष्ट कलाकार होता है'।

–आनंद कुमार स्वामी

बचपन से बच्चों को कला से अधिक लगाव होता है। बच्चे चित्रकला संबंधी गतिविधियों में स्वाभाविक रूप से शामिल हो जाते हैं और आनंद का अनुभव करते हैं। बच्चों की दुनिया एक निराली दुनिया होती है। बच्चों द्वारा की जाने वाली कलात्मक गतिविधियों में सीखना अपने आप शामिल हो जाता है और सीखने की गतिविधियों में कला स्वतः ही शामिल हो जाता है। ये प्रक्रियायें बच्चों के विकासक्रम की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह बात विशेष रूप से ध्यान देने योग है कि बच्चे इसमें सहजता से क्यों शामिल हो जाते हैं और क्यों आनंद की प्राप्ति करते हैं। ये प्रक्रियाएं उनके विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। चित्रकला व्यक्तिगत विकास, सामाजिक विकास व मनोवैज्ञानिक विकास के लिए अवसर प्रदान करती है। शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में भी चित्रकला जैसे कला का समावेश दृष्टिगोचर होती है। जैसे भाषा अधिगम में कविता की लयबद्ध रूप से प्रस्तुति, सौंदर्यानुभूति, गणित में विभिन्न गणितीय अवधारणाएँ, प्रतिरूप, आकृतियाँ इत्यादि। चित्रकला संबंधी अनुभव का उपयोग कला शिक्षा तथा कला के माध्यम से शिक्षा हेतु किया जा सकता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से शिक्षा नीति संबंधित प्रपत्रों में शिक्षा को कला के दृष्टि से देखने का प्रयास किया गया है।

नई शिक्षा नीति 2020 में भी कला को एक बहुत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इसमें चित्रकला, संगीत, योग, शारीरिक शिक्षा, प्रदर्शन कला इत्यादि को भी अन्य विषयों के समान महत्व दिया गया है ताकि कला के महत्व को समझा जा सके और यदि कोई विद्यार्थी चित्रकला में निपुण है तो वह चित्रकला के क्षेत्र में भी अपना पेशा बना सके और जीवन में आगे बढ़ सके। नई शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट उल्लेख है कि ष्सभी प्रकार की भारतीय कलाओं को शिक्षा के सभी स्तरों पर स्थापित किया जाएष्। ऐसी स्थिति में चित्रकला विषय की शिक्षा के संबंध में गहन चिंतन की आवश्यकता महसूस होती है। हर इंसान कला का कुछ समझ रखता है। कला का संबंध सुंदरता, सौंदर्यबोध व रचनात्मकता से है। कलात्मक चीजों को हम अपने इंद्रियों से अनुभव कर सकते हैं अर्थात उसे छू सकते हैं, देख सकते हैं, सुन सकते हैं, चख सकते हैं, सूंघ सकते हैं। कला कल्पना के साथ–साथ निर्माण भी है। रूप, रंग, रेखा, तान पोत और अंतराल के साथ नए आयाम का निर्माण करती है।

इससे हमारी इंद्रियां परिष्कृत व बारीक बातों के प्रति संवेदनशील होती है।
यदि हम कला और शिक्षा के संबंध में बात करें तो दो बातें महत्वपूर्ण होती है :–

1. कला में शिक्षा या कला शिक्षा।
2. शिक्षा में कला या कला समेकित शिक्षा।

'कला में शिक्षा' का तात्पर्य है कि कला के किसी विधा में सिद्धांत, प्रक्रिया, तकनीक और नियमों की जानकारी प्राप्त करना। 'शिक्षा में कला' से तात्पर्य है कला शिक्षा के सभी पक्षों के साथ–साथ वह सभी तथ्य जो किसी व्यक्ति के वृद्धि और विकास में योगदान देते हैं। शिक्षा में कला ज्ञान के साथ–साथ कौशल संबंधित गुणों एवं अनुभवों का सर्वश्रेष्ठ रूप है।

कला शिक्षा सीखने व अभिव्यक्त करने की प्रक्रिया है और कला रचनात्मक प्रक्रिया का उत्पाद है जो के चित्रकला या अन्य कला के रूप में प्रस्तुत होता है। कला शिक्षा का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है कला शिक्षा हमारी संवेदना और सौंदर्यानुभूति को प्रस्तुत करते हैं। कला शिक्षा सूचना अन्वेषण को प्रोत्साहित करते हैं। यह अभिव्यक्ति के सृजन हेतु आधार प्रस्तुत करता है जिन्हें केवल शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। यह चित्रकला या अन्य कलाओं के माध्यम से और अशाब्दिक रूप में प्रस्तुत होता है। इसमें चित्रकला या दृश्य कला का महत्वपूर्ण योगदान होता है। दृश्य कला से तात्पर्य उन सभी विधाओं से होता है जिनकी कलात्मक अभिव्यक्ति को हम मूर्तरूप में देख सकते हैं जैसे चित्रकला, मूर्ति कला, डिजाइन, कॉलाज, मुद्रण, मुखौटा, पुतली कला इत्यादि आता है।

कला समेकित शिक्षा : अवधारणा एवं महत्व :–

कला समेकित शिक्षा सीखने सिखाने की वैसी प्रक्रिया है जिसमें कला का एक माध्यम के रूप में उपयोग किया जाता है। इसमें चित्रकला या अन्य कलाओं को विषयों के साथ जोड़कर बच्चों में आनंददायी वातावरण में विषयगत अवधारणाओं की समझ को और अधिक स्पष्ट किया जाता है। कला समेकित शिक्षा में शिक्षक को इतनी समझ होनी चाहिए जिससे वह कला की सराहना कर सके तथा उसके महत्व को जाने। उन्हें कला विषयों की इतनी समझ होनी चाहिए जिससे वे उसका समावेशन समझदारी से विभिन्न विषयों में कर सकें। कला समेकित शिक्षण तकनीक में बच्चों को अपनी अभिव्यक्ति की पूरी स्वतंत्रता होती है। इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि एक आनंददायी वातावरण का निर्माण हो और यह तभी संभव है जब बच्चा विद्यालय को अपनी मनपसंद जगह मान ले और स्वतंत्र रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। विद्यालय एक ऐसी जगह में तब्दील हो जाए जहां प्रवेश करते ही बच्चा आनंद से भरकर स्वत ही सीखने की प्रक्रिया में लग जाए।

कला के ज्ञान को संपन्न बनाने तथा सर्वश्रेष्ठ का चयन करने में जिसे प्राप्त करने के लिए स्वयं का अनुशासन, ठोस ज्ञान पर आधारित जानकारी, बौद्धिक जागृति तथा मानव जीवन के रचनात्मक और कल्पनाशील पहलुओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। चित्रकला विषय के विद्यार्थी अपने चाक्षुस ज्ञान के आधार पर जीवन से संबंधित विभिन्न क्रियाओं, वस्तुओं, जड़ चेतना और स्वरूपों को चित्रित कर अपनी क्षमताओं का विकास करते है। चित्रकला विद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के कार्य करते हैं जैसे रेखाओं द्वारा आलेख तैयार करना, रंगों का मिश्रण, रंगों की प्रकृति, रंगों द्वारा आलेखनों, अलंकरणों एवं विभिन्न प्रकार के आकारों एवं प्रकारों को बनाता है। कला में प्रयुक्त की जाने वाली विभिन्न सामग्रियों एवं उनकी विधियों को जानता है। क्षेत्रफलक की जानकारी

पोत, टेक्सचर, रंग रंगों का मनोविज्ञान, रेखा, लय व संतुलन इत्यादि के महत्व को जानता है। रंगों में बैठा व्यक्ति जिनके हाथ रंगे हों और कपड़े पर भी रंग लगे हो वह गंदगी जैसा लगता है लेकिन केवल उनके लिए जो कला के महत्व को नहीं जानते हैं लेकिन जो व्यक्ति कला के अन्वेषण को जानता है। वह उस खेल में शामिल होगा और उसे और प्रोत्साहित करेगा। कला के इस मंत्र मुग्ध कर देने वाली दुनिया में गोता लगाना बच्चों के विकास के लिए बेहद ज्ञानवर्धक और फलदायी साबित होगा। कला किसी व्यक्ति के अनुभूति के प्रतिक्रिया का एक सौंदर्य और रचनात्मक रूप है। इसमें चित्रकला, मूर्ति कला, मिश्रित मीडिया, कलाकृति सहित मानवीय गतिविधियों, रचनाओं और अभिव्यक्ति के अन्य तरीके शामिल हैं। कला शिक्षा किसी विषय के बारे में विभिन्न कला रूपों के उपयोग के माध्यम से सीखना है। छात्र अपना दृष्टिकोण भी बनाते हैं और समझते हैं कि कला के बारे में आलोचनात्मक या विश्लेषणात्मक रूप से कैसे लिखना है।

निष्कर्ष :-

कला शिक्षा संतुलित शिक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा है। कला शिक्षा के लिए अतिरिक्त निधि को बढ़ावा देने के साथ–साथ इस क्षेत्र के अधिक प्रसार के लिए समर्थन प्रदान करने की वकालत करने के प्रयास किए गए हैं। यह छात्रों को उनकी रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, कौशल और समस्या समाधान क्षमताओं को विकसित करने में मदद कर सकता है ताकि उन्हें अच्छी तरह से विकसित व्यक्ति बनाया जा सके और उन्हें आगे उज्जवल भविष्य के लिए तैयार किया जा सके।

संदर्भ :-

1. शिक्षा का वाहन कला, देवी प्रसाद, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया।
2. कला समेकित शिक्षा : डॉ. सविता शर्मा, 2020
3. कला शिक्षा और भावी परिप्रेक्ष्य : डॉ. सत्यवती शर्मा – डॉ. मधुभट्ट तैलंग, पंचशील प्रकाशन।
4. कला शिक्षा : डॉ. चित्रलेखा सिंह, पैरागन इंटरनेशनल पब्लिशर्स, 2015
5. कला शिक्षा : स्नेहलता चतुर्वेदी, अग्रवाल पब्लिकेशन, 2019

मोबाईल –9241956672,

E-Mail: sitendraranjansingh@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
SANGAM
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 62-66

EVOLUTION OF MADHUBANI ART : UNFOLDING THE PETALS

SABHYATA RANI SINGH
RESEARCH SCHOLAR, FINE ARTS
SONA DEVI UNIVERSITY, GHATSILA, JHARKHAND

ABSTRACT :

The globally recognized art form i.e Madhubani art has evolved from it's origin as a wall and floor decoration for auspicious occasions. Traditionally, this folk art was created on mud walls using natural pigments and natural tools like twigs and fingers. But this folk art got noticed in the 1960's when a severe drought led to the commercialization of the art, and this was the turning point. The simple women of the Mithila region started creating paintings on paper and canvas. Earlier the women artist used to decorate the walls and floors of their houses for the sake of their culture, but they began to earn by creating masterpieces which not only provided a livelihood but also introduced their art to a wider audience. They also established themselves as well- known Madhubani artists. Madhubani art has expanded to include diverse subjects and at the same time maintaining its traditional themes and styles. The Madhubani art is celebrated worldwide blending both traditional and modern techniques and materials. The Madhubani art form has been incorporated into various commercial products.

KEY WORDS - Madhubani, Wall, Culture, Theme, Traditional, Natural pigments, Techniques, Commercialization, Evolution.

INTRODUTION :

Madhubani art is a popular art style of folk painting. The Mithila region of Bihar and Nepal originated this art form. The women of the villages of Madhubani district used to portray their Mythological beliefs using vibrant colours and geometric patterns. The simple villagers used to create masterpieces by using natural colours derived from plants and minerals. They used rice paste and various flowers. Their themes include social events like wedding and festivals, symbols such as the sun, the moon, religious plants like tulsi and lotus. Their paintings depict their association with their surroundings and deities from the ancient epics. Madhubani art is dominated by female artists of the

region.

The evolution of the Madhubani painting provided a platform for women empowerment. The women artists used to explore new mediums to express their sentiments while preserving the rich cultural heritage of Mithila since many centuries.

ANCIENT ORIGINS :

Madhubani painting has a colourful and vibrant history which is believed to have originated during the Ramayana era. During the grand wedding of Devi Sita and Lord Rama, the king Janak ordered his court artists to capture the mesmerizing moments in the form of wall paintings. Overtime, Madhubani art began to be a household practice in the region by virtue of people's love and passion for this art form.

It evolved from ephemeral wall art to a recognized art form with diverse themes and styles. It is now produced on paper, canvas, and fabric.

JOURNEY FROM WALL TO PAPER :

Traditionally, Madhubani paintings were created on freshly plastered mud walls using natural pigments derived from plants, flowers, and minerals. The artists prepared wall surface by applying a coat of cow dung or white washing. Black colour was made from burnt barley seeds, yellow colour from turmeric, or chuna (lime) mixed with milk from banyan leaf, orange colour from palash flower, red colour from the juice of the Kusuma flower and green from bel leaves. Rice was mixed with water for white colour.

This exceptional art form was unnoticed and unpopular till 1930's. In 1934, a British colonial officer, W.G archer visited Bihar during his inspection of the disastrous earthquake. He was very much fascinated by seeing this unique art. He was the first one to pay attention to the mural paintings of the Mithila region. He termed it as 'Mithila painting'. He also wrote article in journals.

During the year 1966, the great famine of Bihar made it possible for this art to develop and grow. This was the second phase of evolution. During a severe drought, The All India Handicrafts Board encouraged women to paint on paper, canvas and fabric to generate income.

Now a days, artists use organic and mineral colours also. Sometimes they prefer synthetic colours due to lack of time.

VARIETY OF THEMES :

The Madhubani painting offers variety of theme to the artists. During ancient times, the art depicted religious deities, nature, and scenes from daily life, reflecting the cultural and social fabric of the region. The religious themes includes portraying mainly Goddess Durga and Kali. Apart from this, artist use motifs to depict flora , fauna, beauty of nature, Gods and Goddesses, various kinds of

animals, birds, plants and creatures. Symbols play a significant role in Madhubani painting. These symbols denote deep meanings. Sun and moon represent long life, lotus denotes good luck and bamboo represents masculine gender. Fishes symbolize fertility.

Modern artists have explored contemporary themes like social justice, environmental conservation and political issues. The artists have devoted their skill with full effort and perseverance to bring this art at global stage.

The beautiful subject matter and unique theme and various patterns are remarkable in the paintings of Madhubani art.

Madhubani art has gained international recognition , with exhibitions, galleries, and artists showcasing it world wide. The beautiful and lively art work captivates the mind and soul also.

The art form has faced many challenges related to mass production and commercialization. The commercialization has badly affected this art. The very essence and aesthetic beauty of this folk art is missing somewhere. The buyer-centric approach has affected the originality of the colour, design, motive, and sensitivity of this great art form.

Madhubani art has some other challenges also such as finding sustainable markets and preserving its cultural authenticity. There are some copyright issues also. The artists are compromising on traditional themes and compositions.

There is a need to provide them a well-organized market to minimize the influence of middle man.

During 1960's, the Madhubani artists participated in exhibitions like Expo-70 in Japan and Asia-72 also. The Madhubani painting tradition played a vital role to protect local trees in Bihar from being cut down. The painters of Madhubani art were employed to paint trees by Gram Vikas Parishad. The Madhubani artists painted gods and some religious and spiritual images on trees. They painted trees with the mixture of lime, glue and synthetic enamel.

Madhubani art is now recognized all over the world. It appears on various products like clothing, home décor, architecture, and even in railway station.

RENOWNED ARTISTS :

There are some well-known artists whose incredible contribution to this art brought it to the open world. Their dedication and perseverance helped Madhubani art to flourish on the world's stage. Several artists have received National awards and recognition including Sita Devi, Ganga Devi, Maha Sundari Devi. Baua Devi, Jagdamba Devi, Maha Sundari Devi and Sita Devi were honoured with Padmashree award.

There are some other artists also whose iconic paintings are globally famous. These artists

are Yamuna Devi, Shanti Devi, Chano Devi, Mudrika Devi, Phool Maya Devi etc.

Bharti Dayal is a famous Madhubani artist from Samastipur who won the National award.

ART ENTHUSIASTS :

Some scholars and art enthusiast played a vital role in documenting, promoting and exhibiting Madhubani art. Some remarkable scholars are Raymond Owens, Pupul Jayakar, David L-Szanton, Paula Richman, William G. Archer, Ajit Mukherjee, Suraj Prasad and Anjan Sen.

DISTINCTIVE STYLES :

The Madhubani art form has five distinctive styles -Bharni, Katchni, Tantric, Godna, Kohbar.

Bharni is known for its bold and vivid use of colour which focuses on religious themes and depiction of gods and goddesses.

Katchni is characterized by fine lines and intricate detailing.

Tantric style often features esoteric and spiritual themes.

Godna is inspired by traditional tattoo designs.

Kohbar typically depicts matrimonial and fertility symbols.

Initially these styles were practiced by women from the Brahmin and Kayastha communities. But now all types of artist freely try all these five styles.

UNIQUE COLOUR TECHNIQUES :

The process includes using natural materials and traditional techniques. The base is prepared with a mixture of cow dung and mud which is generally applied on hand made paper or cloth. The colours are derived from natural sources such as leaves and flowers. Artists apply the colours using bamboo sticks, twigs, and match sticks.

CONCLUSION :

Today, Madhubani painting stands as a treasured Indian art form. It has a rich historical background. It is not just a symbol of regional pride but a celebrated art form worldwide which reflects the timeless beauty and cultural legacy of India. Various platforms provided to the artists preserve and promote this heritage art. The incomparable beauty of this art continues its endless journey of artistic excellence. Day by day its popularity is growing and winning millions of hearts all over the world. We should preserve this ancient art form to honour millions of women artists of Mithila whose dedication and extra ordinary effort has made Madhubani painting a universal trademark.

It maintains its position as an important element of India's artistic legacy and has been shown in galleries all around the world. It captures social scenes from rural Indian life. The evolution of the Madhubani painting helped women artists to express their emotions and sentiments. They became financially independent. Since few decades, a large number of Madhubani artist have migrated to

metro cities and abroad to fulfil their desires and dreams.

This ancient art form flourished as murals has unfolded its bright petals to the whole world.

REFERENCE :

1. Madhubani Painting------ Anand M.R.(1984),---New Delhi Publications Division.
2. Maithil Painting-------Archer W.G.(1949),------Marg, A magazine of architecture and art, Bombay, Marg Publications.
3. Mithila Paintings : Past, Present and Future----- -DR. K. Mishra Kailash.
4. Vibrant Folk Art Of Mithila----Ghosh Soma.

MOB :7368034393

Email : sabhyataranisingh@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 67–70

टेराकोटा : आधुनिक दुनिया में एक प्राचीन सामग्री

समरेंद्र रंजन सिंह
शोधार्थी, ललित कला, सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, जमशेदपुर, झारखण्ड।

टेराकोटा, इतालवी शब्दों 'टेरा' (पृथ्वी और 'कोट्टा' (पकाया हुआ) से उत्पन्न है, यह पकी हुई मिट्टी का एक रूप है। जिसका उपयोग सहस्राब्दियों से किया जा रहा है। इस बहुमुखी, लाल–भूरे रंग की सामग्री ने मानव सभ्यता में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो उपयोगितावादी से लेकर कलात्मक तक के उद्देश्यों को पूरा करती है। मनुष्यों द्वारा ढाली और हेरफेर की गई सबसे प्रारंभिक सामग्रियों में से एक के रूप में, टेराकोटा कला, वास्तुकला और दैनिक जीवन के इतिहास में एक अद्वितीय स्थान रखता है। यह निबंध टेराकोटा की ऐतिहासिक उत्पत्ति, उत्पादन तकनीक, सांस्कृतिक महत्व और आधुनिक अनुप्रयोगों की खोज करता है, जो पारंपरिक और समकालीन दोनों संदर्भों में इसकी स्थायी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालता है।

ऐतिहासिक उत्पति और सांस्कृतिक महत्व :–

टेराकोटा के उपयोग का पता प्राचीन सभ्यताओं से लगाया जा सकता है, जिसमें मेसोपोटामिया, सिंधु घाटी, चीन, मिस्र, ग्रीस और रोम शामिल हैं। सबसे प्रतिष्ठित उदाहरणों में से एक चीन की टेराकोटा सेना है, जिसे लगभग 210 ईसा पूर्व में प्रथम सम्राट की किनशी हुआंग के शासनकाल के दौरान बनाया गया था। सैनिकों, घोडों और रथों की हजारों आदमकद मूर्तियों से युक्त, टेराकोटा सेना प्राचीन टेराकोटा कला के परिष्कार और पैमाने का उदाहरण है।

सिंधु घाटी सभ्यता (लगभग 3300–1300 ईसा पूर्व) में, टेराकोटा का व्यापक रूप से मूर्तियाँ, खिलौने, मिट्टी के बर्तन और घरेलू सामान बनाने के लिए उपयोग किया जाता था। ये कलाकृतियां शुरुआती समाजों के दैनिक जीवन, धार्मिक विश्वासों और कलात्मक अभिव्यक्तियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती हैं। इसी तरह, प्राचीन ग्रीस और रोम में, टेराकोटा का इस्तेमाल आमतौर पर वास्तुशिल्प सजावट, जैसे कि फ्रिज और टाइल, साथ ही देवताओं और पौराणिक दृश्यों के मूर्तिकला प्रतिनिधित्व के लिए किया जाता था। टेराकोटा का सांस्कृतिक महत्व महत्व इसकी पहुँच और अनुकूलनशीलता में निहित है। एक प्राकृतिक और प्रचुर संसाधन होने के कारण, मिट्टी दुनिया भर के समुदायों के लिये आसानी से उपलब्ध थी। इसे आकार देने में आसानी और कम तापमान पर पकाने की वजह से यह व्यापक उपयोग के लिए आदर्श बन गया, जबसे मामूली घरों में भी उपयोगिता और सुंदरता दोनों की वस्तुएं रखी जा सकती थीं।

उत्पादन तकनीक और गुण :–

टेराकोटा बनानेकी प्रकिया में कई चरण शामिल हैं, जो मिट्टी के चयन और तैयारी से शुरू होते हैं। हवा

के बुलबुले को हटाने और वांछित स्थिरता प्राप्त करने के लिए मिट्टी को गूंधा और मिलाया जाता है। फिर इसे हाथ से मॉडलिंग, मोल्डिंग या व्हील–थ्रोइंग जैसी विभिन्न तकनीकों का उपयोग करके आकार दिया जाता है। एक बार आकार देने के बाद, नमी को हटाने के लिए वस्तुओं को सुखाया जाता है और फिर 900 से 1000 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर भट्टी में जलाया जाता है। टेराकोटा का विशिष्ट लाल–भूरा रंग मिट्टी में मौजूद आयरन ऑक्साइड की उपस्थिति के कारण होता है, जो फायरिंग प्रकिया के दौरान प्रतिक्रिया करता है। मिट्टी की संरचना और फायरिंग की स्थिति के आधार पर, अंतिम उत्पाद रंग और बनावट में भिन्न हो सकता है। कुछ टेराकोटा वस्तुओं को बिना चमक के छोड़ दिया जाता है, जो सामग्री की प्राकृतिक सुंदरता को प्रदर्शित करता है, जबकि अन्य को आंतरिक सुरक्षा और सौंदर्य अपील लिए पेंट या लेपित किया जा सकता है। टेराकोटा की छिद्रता इसे कुछ कायों के लिये आदर्श बनाती है, जैसे एक पौधे के गमले, जो प्राकृतिक वातन और जल निकासी की अनुमति देते हैं। हालांकि, इसका यह भी मतलब है कि बिना चमक वाला टेराकोटा मौसम और नमी से होने वाले नुकसान के प्रति संवेदनशील है, खासकर ठंडे मौसम में। प्रौद्योगिकी में प्रगति में उत्पादन विधियों में सुधार किया है और अधिक टिकाऊ टेराकोटा वैरिएंट का विकास किया है।

कलात्मक और स्थापत्य अनप्रुयोग :–

पूरे इतिहास में, टेराकोटा कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक पसंदीदा माध्यम रहा है। इसकी लचीलापन जटिल विवरण के लिए अनुमति देता है, जो इसे आकृतियों, राहत और सजावटी तत्वों को गढ़ने के लिए उपयुक्त बनाता है। कई संस्कृतियों में, टेराकोटा मूर्तियों धार्मिक या औपचारिक उद्देश्यों के लिए बनाई जाती थीं जो अक्सर देवताओं, जानवरों या प्रतीकात्मक रूपांकनों का प्रतिनिधित्व करती थीं। वास्तकुला में, टेराकोटा का उपयोग सजावटी और संरचनात्मक उद्देश्यों के लिए बडे पैमाने पर किया गया है। प्राचीन काल में, यह मंदिरों, महलों और सार्वजनिक भवनों को सुशोभित करता था। 19वीं और 20वीं शताब्दी की शुरुआत में, टेराकोटा ने पश्चिमी वास्तुकला में, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप में पुर्नरुत्थान का अनभुव किया। इसे इसकी सौंदर्य अपील, अग्नि प्रतिरोध और बडे पैमाने पर उत्पादन में आसानी के लिए इमारतों के अग्रभाग में नियोजित किया गया था। प्रमुख उदाहरणों में शिकागो में रिगले बिल्डिंग और न्यूयॉर्क शहर में वूलवर्थ बिल्डिंग शामिल हैं, जिसमे से दोनों में विस्तृत टेराकोटा विवरण है। भारत में, पारंपरिक हवेलियों और मंदिरों में अक्सर टेराकोटा पैनल और मूर्तियाँ शामिल की जाती हैं, जो क्षेत्रीय शिल्प कौशल और कहानी कहने का प्रदर्शन करती हैं।

टेराकोटा मंदिर :–

टेराकोटा शब्द का अर्थ है लेपित या बिना लेपित पकी हुई मिट्टी जिसका उपयोग वास्तुकला में अपने बिना चमक वाले भूरे–लाल रंग के कारण किया जाता है। कला इतिहास में, इसका प्रयोग मूर्तियों को परिभाषित करने के लिए किया जाता है। यह विश्वास करना कठिन है कि टेराकोटा की मदद से एक पूरा शहर बसाया जा सकता है। फिर भी, बिष्णुपुर नाम का एक पूरा शहर ईंट और मिट्टी की मदद से बसा है। कोलकाता से 139 किलोमीटर दूर, बिष्णुपुर की स्थापना सबसे पहले मल्ल वंश ने की थी, जिसने पुरुलिया और बर्दवान के एक हिस्से पर शासन किया था। यह शहर अपने मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है, जो स्थानीय रूप से उपलब्ध टेराकोटा की ढलाई और उत्कीर्ण सजावट से बने हैं। ये टेराकोटा मंदिर गौड़ीय वैष्णव की आस्था से जुड़े हैं।

बंगाल के टेराकोटा मंदिर :–

भारत के पूर्वी क्षेत्र का एक शहर बिष्णुपुर, पश्चिम बंगाल के सबसे लोकप्रिय और महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है, जिसे आमतौर पर मंदिरों का शहर कहा जाता है। बिष्णुपुर प्राचीन इतिहास और संस्कृति से समृद्ध है। यहाँ कुल चार महत्वपूर्ण टेराकोटा मंदिर स्थित हैं। ये सभी टेराकोटा मंदिर वास्तुकला की दृष्टि से महत्वपूर्ण और गरिमामय हैं। इन टेराकोटा मंदिरों का निर्माण मल्ल वंश के राजाओं ने करवाया था। मल्ल वंश के शासक भगवान विष्णु के भक्त थे। मल्ल वंश के शासकों ने पश्चिम बंगाल में कई अद्भुत टेराकोटा मंदिर बनवाए। ये टेराकोटा मंदिर पूरे भारत के साथ–साथ दुनिया भर में लोकप्रिय हैं। विभिन्न देशों से बड़ी संख्या में पर्यटक इन मंदिरों की भव्यता से मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।

टेराकोटा मंदिरों के विषय :–

मंदिरों पर लगाई जाने वाली टेराकोटा की पट्टिकाओं में ऐतिहासिक, पौराणिक और सामाजिक–सांस्कृतिक विरासत से जुड़े महंगे तत्व शामिल होते हैं। टेराकोटा मंदिरों की विषयवस्तु मुख्यतः महाभारत और रामायण की पौराणिक कथाओं पर आधारित होती थी।

बिष्णुपुर के टेराकोटा मंदिरों की वास्तुकला :–

बिष्णुपुर पश्चिम बंगाल का एक हिस्सा है जिसमें बांकुड़ा, बर्दवान, बीरभूम, पुरुलिया और मुर्शिदाबाद के कुछ हिस्से शामिल हैं। यह हिस्सा अपनी लैटेराइट मिट्टी के लिए लोकप्रिय है। इन टेराकोटा मंदिरों की वास्तुकला लैटेराइट मिट्टी से बनी है जिसे लाल मिट्टी भी कहा जाता है। इन टेराकोटा मंदिरों की वास्तुकला को चार अलग–अलग प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है : चाला, दलान और रत्ना। चाला मंदिरों की विशेषता विभिन्न प्रकार की छत संरचनाएं हैं। चाला मंदिरों की छतें बाकी मंदिरों की तुलना में सपाट हैं। दूसरी ओर, रत्ना मंदिर की छत आकार में घुमावदार है और यह रत्ना नामक शिखर या मीनारों से सुसज्जित है। सरल रूप में केंद्र में स्थित एक मीनार होती है। ये रत्ना–शैली के टेराकोटा मंदिर 15–16वीं शताब्दी में बनाए गए थे बिष्णुपुर में आजकल रेखा और नागर शैली के टेराकोटा मंदिर मौजूद हैं। मल्ल वंश के दौरान, अधिकांश टेराकोटा मंदिरों का विकास शुरू हुआ, जिसके कारण बिष्णुपुर के मंदिरों का वर्तमान स्वरूप सामने आया। हालाँकि कुछ मंदिर पत्थरों और ईंटों से बने हुए भी पाए जाते हैं, फिर भी बिष्णुपुर शहर अपने टेराकोटा मंदिरों के लिए व्यापक रूप से लोकप्रिय है। इन सभी टेराकोटा मंदिरों में, रास–मंच सबसे लोकप्रिय है क्योंकि यह रत्न वास्तुकला का एक प्राचीन खंड है। मदन–मोहन मंदिर अपनी एनक्राट्नो वास्तुकला के कारण लोकप्रिय है। बिष्णुपुर शहर के अधिकांश टेराकोटा मंदिर एकरत्नो प्रकार के हैं।

आधुनिक उपयोग और संधारणीय अपील :–

समकालीन समय में, टेराकोटा को इसके सौंदयण और पर्यावरणीय लाभों के लिए महत्व दिया जाता है। आर्किटेक्ट और डिजाइनर इसके प्राकृतिक स्वरूप, तापीय गुणों और संधारणीय की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। टेराकोट क्लैडिंग सिस्टम का उपयोग अब आधुनिकतम इमारतों में इन्सुलेशन प्रदान करने, ऊर्जा की खपत को कम करने और दृश्य अपील को बढ़ाने के लिए किया जाता है। टेराकोटा इंटीरियर डिजाइन में भी लोकप्रिय हो रहा है, जहाँ इसका उपयोग फ्लोरिंग, दीवार टाइल और सजावटी वस्तुओं के लिए किया जाता है। इसके मिट्टी के रंग और देहाती बनावट रहने की जगहों में गर्मी और चरित्र जोड़ते हैं। इसके अलावा, एक

बायोडिग्रेडेबल और गैर–विषाक्त सामग्री के रूप में, टेराकोटा हरित भवन और पर्यावरण के प्रति जागरूक डिजाइन के सिद्धांतों के अनुरूप है। ग्रामीण और विकासशील क्षेत्रों में, टेराकोटा आवास और बुनियादी ढाँचे के लिए एक लागत प्रभावी समाधान बना हुआ है। स्थानीय कारीगर पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके टेराकोटा ईंटों, टाइलों और बर्तनों का उत्पादन जारी रखते हैं, व्यवहारिक जरूरतों को पूरा करते हुए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हैं।

चुनौतियां और नवाचार :-

इसके कई लाभों के बावजूद, टेराकोटा को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसकी नाजकुता, छिद्रण और मौसम के प्रति संवेदनशीलता कुछ वातावरणों में इसके अनुप्रयोगों को सीमित कर सकती है। इसके अतिरिक्त, मैन्यअुल उत्पादन प्रकिया श्रम–गहन और समय लेने वाली हो सकती है। इन मुद्दों को संबोधित करने के लिए, शोधकर्ता और निर्माता टेराकोटा की ताकत और स्थायित्व को बढ़ाने के लिए नवीन तकनीकों की खोज कर रहे हैं। इनमें एडीटीव्स का उपयोग, बेहतर फायरिंग विधियाँ और 3D प्रिंटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का एकीकरण शामिल है। इस तरह की प्रगति का उद्देश्य नवनिर्माण और डिजाइन में टेराकोटा की क्षमता का विस्तार करना है, जिसमें यह समकालीन सामग्रियों के साथ अधिक बहुमुखी और प्रतिस्पर्धी बन सके।

निष्कर्ष :-

टेराकोटा मानव सरलता और रचनात्मकता का एक वसीयतनामा है, जो प्राचीनता और आधुनिकता के बीच की खाई को पाटता है। साधारण घरेलू बर्तन से लेकर स्मारकीय मूर्तियाँ और अत्याधुनिक वास्तुकला तक, टेराकोटा ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और कालातीत अपील को साबित किया है। सांस्कृतियों और युगों में इसकी स्थायी उपस्थिति सिर्फ एक सामग्री से कहीं ज्यादा इसके महत्व को रेखांकित करती है– यह सांस्कृतिक पहचान, कलात्मक विरासत और संधारणीय नवाचार का प्रतीक है। जैसे–जैसे हम आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करते हैं, टेराकोटा हमारे अतीत से जुड़ाव और ज्यादा जमीनी और जिम्मेदार भविष्य की ओर एक रास्ता प्रदान करता है।

कुंजी शब्द – टेराकोट्टा, मिट्टी, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, मूर्तियाँ।

संदर्भ :–

1. इंडियन टेराकोट्टा आर्ट : ओ. सी. गांगुली।
2. टेराकोट्टा : हिम्मत शाह।
3. टेराकोटा आर्मी : जॉन मैन।
4. ब्रिटानिका – http://www.britanica.co

मोबाइल – 9798328626
Email : samruchi321@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 71-76

मधु काँकरिया के उपन्यास 'सेज पर संस्कृत' में चित्रित स्त्री चेतना

अनिता रानी, भोधार्थी
शोध निर्देशक : **डॉ. मीनू,** सहायक आचार्य
हिन्दी विभाग, श्री खु ाल दास वि वविद्यालय, पीलीबंगा, हनुमानगढ़, राजस्थान–335801

शोध सारांश :-

स्त्री प्रत्येक युग में समाज एवं साहित्य का अभिन्न अंग रही है। समाज और साहित्य से स्त्री को अलग करने की कल्पना ही नहीं की जा सकती। साहित्य, कला और दर्शन से स्त्री का इतना घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है कि उसके अभाव में सभ्यता की कल्पना संभव नही है। पुराणों और संस्कृत महाकाव्यों में स्त्री अत्यन्त गरिमामयी रूप में चित्रित हुई है। प्राचीन भारतीय ग्रन्थों में स्त्री को अत्यन्त गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है तथा उसे देवी के समान स्थान दिया गया है– 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।' अर्थात् जहाँ नारियों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है, वहाँ स्वयं ईश्वर का निवास होता है। आगे चलकर जैसे–जैसे परिस्थितियों में परिवर्तन आता गया, स्त्री के प्रति समाज के दृष्टिकोण में भी परिवर्तन आता गया। जहाँ वैदिक युग में स्त्री को अत्यन्त गौरवपूर्ण स्थान मिला था, वहीं उसके बाद स्त्री के गौरव का निरन्तर अवमूल्यन होता रहा। जो स्त्री देवी थी अब वह मानवी बनकर रह गई। धीरे–धीरे पुरुष–प्रधान समाज अपने प्राचीन आदर्शों को भूलने लगा। अब पुरुष के लिए स्त्री मात्र भोग्या रह गई। पुरुष अपनी स्वच्छन्दता का उपभोग करता रहा तथा स्त्री वर्जनाओं की परिधि में कैद रही।

मुख्य शब्द :- सभ्यता, स्त्री वर्जना, संघर्ष, असुरक्षा, स्त्री विमर्श।

प्रस्तावना :-

मधु काँकरिया के उपन्यास साहित्य में स्त्री–जीवन के संघर्ष का चित्रण किया गया है। इनका साहित्य जीवन की उस कड़वी सच्चाई का प्रतिबिम्ब है, जिससे वर्तमान समय में स्त्री का सामना हो रहा है। इनके द्वारा रचित 'सेज पर संस्कृत' उपन्यास में स्त्री विमर्श को अत्यन्त दृढ़ एवं सुव्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया गया है साथ ही जैन धर्म के मनुष्य विरोधी होते जाने का प्रामाणिक एवं तर्कपूर्ण विश्लेषण किया गया है। यह उपन्यास जैन धर्म में साध्वियों के जीवन की स्थिति तथा उनके संघर्ष का मर्मस्पर्शी चित्रण करता है। इस उपन्यास में निडर, संघर्षशील, धैर्यवान एवं अन्ततः विद्रोहिणी बन चुकी नारी की आंतरिक पीड़ा का मर्मस्पर्शी चित्रण किया गया है। भारत एक धर्मप्रधान देश है। ऐसे देश में एक नारी का जीवन कितना यातनामय एवं भयावह हो सकता है–इस उपन्यास में इसी यातना गाथा का चित्रण किया गया है।

'सेज पर संस्कृत' उपन्यास में एक ऐसे परिवार का चित्रण किया गया है, जिसके मुखिया और पुत्र ऋषि की असामयिक मृत्यु हो जाने के कारण माँ पूर्णिमा देवी पर सारे उत्तरदायित्व आ गये है। उसकी दो पुत्रियाँ हैं और घर में कोई पुरुष नहीं है, जो परिवार को सुरक्षा प्रदान कर सके। वह कहती है, 'अरे जिस समाज ने चार भुने हुए चने के लिए धर्मात्मा तुलसीदास को भी नहीं छोड़ा वह हमें क्या बख्शेगा?'[1] प्रसिद्ध फ्रांसीसी लेखिका सीमोन के अनुसार 'स्त्री पैदा नहीं होती, बनाई जाती है'। स्त्री को बचपन से ही मानसिक तौर पर उसके स्त्री होने का अहसास दिलाया जाता है। पितृ–सत्तात्मक समाज स्वयं की सत्ता को बनाये रखने के लिए स्त्री को जन्म से ही अनेक नियमों से घेर देता है। सीमोन लिखती हैं, 'औरत जन्म से ही औरत नहीं होती, बल्कि औरत बनाई जाती है। कोई भी जैविक, मनोवैज्ञानिक या आर्थिक नियति आधुनिक स्त्री के भाग्य की अकेली नियन्ता नहीं होती।'[2] जैसे–जैसे पश्चिमी चिन्तन तथा जीवन–शैली का प्रभाव भारतीय समाज पर पड़ा वैसे–वैसे स्त्री वर्जनाओं को तोड़ने में सक्षम होने लगी। शिक्षा, विज्ञान और सामाजिक व्यवस्था के परिवर्तनों से स्त्री की स्थिति में परिवर्तन आने लगा। आधुनिक शिक्षित स्त्री अपने अधिकारों के प्रति जागरुक हुई, जिससे वह प्राचीन रुढ़ियों से मुक्त होने का प्रयास करने लगी। आधुनिक युग में आर्थिक उदारीकरण, सूचना–प्रसारण की नई विधियों आदि ने साहित्य को पूर्णरूपेण परिवर्तित कर दिया। पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव तथा नवीन सांस्कृतिक बोध के कारण नवीन दृष्टि का जन्म हुआ। पुरुषों के वर्चस्व का खंडन हुआ तथा हाशिए पर धकेल दी गई स्त्री समाज में अपना खोया हुआ स्थान ढूँढ़ने लगी। यहीं से स्त्री विमर्श की शुरुआत होती है। मूलरूप से स्त्री–मुक्ति के आस–पास केंद्रित रहने वाला साहित्य स्त्री विमर्श माना गया है।

हिन्दी–साहित्य के स्त्री विमर्श के सम्बन्ध में कृष्णदत्त पालीवाल लिखते हैं, 'स्त्री की व्यथा पर आधुनिक काल के सभी रचनाकारों ने लेखनी उठाई है। ... लोक हृदय और लोक चिन्ता रचनाकर्ता की सच्ची पहचान है। ... साहित्य हमारे मानुष भाव की रक्षा का प्रयत्न है–जो हमें बेहतर मनुष्य बनाता है–भाव परिष्कार करता है और मनुष्यता की उच्च भूमि पर ले जाकर खड़ा कर देता है।'[3] उसका विश्वास है कि इस संसार में रोटी तो मिलेगी लेकिन उसकी कीमत बोटी देकर चुकानी पड़ेगी, 'घर में कोई मर्द होता तो क्या ऐसे बोलने की हिम्मत कर सकता था वह? यह आदमियों की दुनिया है जो रोटी तो देगी पर बोटी नोच लेगी। फटी चदरी–सा यह घर अब न तुम्हारे सँभले–सँभलेगा और न मेरे।'[4] आर्थिक समस्या के कारण माँ पुत्रियों को लेकर असुरक्षा की भावना से इस सीमा तक ग्रस्त हो जाती है कि वह अध्यात्म को ही अपनी पुत्रियों का मुक्तिमार्ग समझने लगती है। इसलिए वह साध्वी बन जाना चाहती है। वह चाहती है कि उसकी पुत्रियाँ संघमित्रा और छुटकी भी इसी मार्ग को अपना लें, जिससे उनका जीवन सुरक्षित रह सके एवं माँ को भी उसके उत्तरदायित्वों से सम्मानसहित मुक्ति प्राप्त हो जाए। संघमित्रा उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही है। वह विवाह को एक सामाजिक संस्कार मानती है और इस बात का समर्थन नहीं करती कि सारा परिवार दीक्षा ले ले। वह माँ को समझाने का प्रयास करती है, 'तुमने तो धर्म को, लोमड़ी की तरह चालाक बना दिया है। जीवन मुश्किल लगे तो धर्म का लबादा डाल लो। सोचो माँ, तुम्हारा डर और असुरक्षा बोध इस कारण है कि घर में कोई पुरुष नहीं। तुम्हें लगता है कि तुम अपने बूते हमारे लिए पति का जुगाड़ नहीं कर पाओगी तो इन्हें धर्मरूपी पति के हवाले कर दो। पर हमें न पति चाहिए न घर। हमें बस थोड़ा–सा भरोसा दो जिससे हमारे पंखों को मजबूती मिल जाए, फिर हम अपना आसमान खुद ढूंढ लेंगे। औरत होने के भय से तुम खुद भी मुक्त हो जाओ और हमें भी मुक्त कर दो।'[5]

संघमित्रा साध्वी जीवन एवं दीक्षा के विरुद्ध है। वह अपनी ग्यारह वर्षीया छोटी बहन को दीक्षा से बचाना चाहती है। उसके अनेक प्रयासों के बावजूद माँ का पलड़ा भारी पड़ जाता है। आक्रोश और हताशा में संघमित्रा कहती है, 'माँ तुम्हारा वैराग्य यदि जीवन के प्रति स्वाभाविक विरक्ति, किसी बड़ी रोशनी में आने की व्याकुलता, तत्त्व चिन्तन या परम की प्राप्ति के लिए होता तो मैं विरोध नहीं करती। मैं आगे बढ़कर खोल देती सारे दरवाजे–लो उड़ो, जितना ऊँचा उड़ सकती हो तुम। पर तुम्हारे ख्वाबों ने पटरी इस कारण बदली कि अंधेरा तुम्हारी आत्मा तक फैल गया है कि इस उजड़े घर में तीन खाने वाले और कमाने वाला कोई हाथ नहीं। तुम्हें संसार–असार तब जान पड़ने लगा, जब पाँच रुपयों की आमदनी के लिए तुम्हें दिन भर पापड़ बेलने पड़ गए। जब जिन्दगी तुम्हें डराने लगी तो तुमने धर्म की चादर ओढ़ ली।'[6]

संघमित्रा के समझाने का माँ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है और माँ घर पर रहकर ही साध्वी जीवन की शुरुआत कर देती है। घर में सूर्यास्त के पश्चात् आहार ग्रहण न करने का नियम लागू हो जाता है। छोटी पुत्री छुटकी पर माँ का प्रभाव बढ़ता चला जाता है। वह खेलने–कूदने की आयु में ही धर्मरूपी दलदल में फँसने लगती है। संघमित्रा लाख प्रयास करने के बाद भी छुटकी को माँ के प्रभाव से मुक्त नहीं कर पाती। माँ और छुटकी दीक्षा लेने के लिए कलकत्ता चले जाते हैं। संघमित्रा छुटकी की दीक्षा लेने का विरोध करना चाहती है। वह अपनी सहेली मालविका की सहायता लेती है, जिससे वे संघप्रमुख गुरुदेव श्री जीवसिद्धि से मिलकर इस दीक्षा को रुकवा सके। संघमित्रा उनसे कहती है–'गुरुदेव जैसे एक वीणावादक का सत्य उसकी वीणा में, नृत्यांगना का सत्य उनके घुँघरुओं में, कुम्हार का चाक में, पक्षी का उड़ान में, वैज्ञानिक का प्रयोगशाला में ... क्योंकि यहीं वे अपनी आत्मा का सर्वश्रेष्ठ उड़ेलकर ... अपना सर्वश्रेष्ठ मानवता को देकर मुक्त हो सकते हैं, मोक्ष पा सकते हैं वैसे ही एक ग्यारह वर्षीय बालिका का सत्य तो उसके खिलौने और उसकी पुस्तक ही हो सकता है। उसके सत्य पर किसी और सत्य का आरोपण करना क्या उसके सत्य के साथ बलात्कार नहीं होगा? जवानी के कपड़े बचपन में नहीं पहने जा सकते हैं गुरुदेव ! आपसे अपेक्षा है ... गुरुदेव कि आप छुटकी ... जी मेरा मतलब है राशि विनायिका की बाल दीक्षा की अनुमति वापस ले लें क्योंकि यह उनके हित के विरुद्ध होगा।'[7]

लेकिन अनेक प्रयास करने के बाद भी संघमित्रा को छुटकी की दीक्षा को रोकने में सफलता नहीं मिलती। दीक्षा के दिन छुटकी को साध्वी दिव्यप्रभा घोषित कर दिया जाता है और पूर्णिमा देवी को साध्वी मणिप्रभा। मुँह पर श्वेत पट्टी, नंगे पैर, केश लुंचन आदि प्रक्रियाओं से उन्हें गुजरना पड़ता है। संघमित्रा वापस आकर जीवन को पुनः जीने का प्रयास करती है लेकिन वह सुख से जी नहीं पाती। जीवन को नए सिरे से जीने के प्रयास में उसे कुछ कटु अनुभव प्राप्त होते हैं। वह एक सॉफ्टवेयर कम्पनी में नौकरी करने लगती है, जहाँ का मैनेजर मि. मेहता उससे अश्लील व्यवहार करता है। वह उसे सबक सिखाना चाहती है। वह अपने सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए लड़ाई लड़ती है। वह कम्पनी के एम.डी. से कहती है –'हाँ सर, इतनी ही सी तो बात है। एक अदना सी स्टाफ की अदना सी इज्जत। अपराध तो सिर्फ बलात्कारी और हत्यारे ही करते हैं। इन चमचमाते अफसरों की ये सूक्ष्म कमीनी हरकतें अपराध थोड़े ही हैं। ये इनका चारित्रिक पतन नहीं, हल्का–फुल्का दिल बहलाव है और हमें इसका आदी हो जाना चाहिए। इसलिए जिस अपमान ने मुझे हिला डाला, आपको एक हिचकी तक नहीं आई ... क्योंकि आधुनिकता की इस चकाचौंध ने आपको इतना मोटा देखने का अभ्यस्त बना डाला कि नारी स्वाभिमान और सम्मान की ये बारीक हरकतें आप लोगों को दिखलाई ही नहीं पड़ती। पर यदि मेरी जगह आपकी

बेटी होती ... तो भी क्या ...' ।[8]

आधुनिकता के वर्तमान दौर में स्त्री के सम्मान को ठेस पहुंचते हुए देखकर संघमित्रा स्वयं को आहत महसूस करती है। समाज से प्राप्त हुए कटु अनुभव के कारण वह स्त्री के सम्मान एवं व्यक्तित्व की रक्षा करने के लिए नारी शक्ति संघ की नींव रखती है। वह कहती है, 'बाबा, आपकी बात यही है कि कितनी नौकरियाँ बदलूँगी मैं। पर मैं अपनी आदत से मजबूर हूँ। अपमान की यह रोटी तो मुझसे नहीं निगली जाएगी। जब तक धरती का वह गन्दा धब्बा मुझसे माफी नहीं माँग लेता मैं यहाँ काम नहीं कर पाऊँगी ... न्याय का सूरज अगर उगाना होगा तो आसमान की ओर छलाँग मारने की चोट भी खानी ही पड़ेगी।'[9] बाद में मि. मेहता उससे लिखित माफी माँगकर वचन देते है कि जीवन में कभी किसी स्त्री के साथ ऐसा दुर्व्यवहार नहीं करेंगे। दूसरी ओर छुटकी अर्थात् साध्वी दिव्यप्रभा पाँच वर्षों तक संन्यासी जीवन में रहने के बाद अपनी बहन संघमित्रा की बातों का मर्म समझ पाती है। उसे साध्वी जीवन के खुरदुरेपन का अहसास होने लगता है, 'मन करता है इतना रोए, इतना रोए वह कि आँसुओं से धरती डूब जाए। पर उसकी भी इजाजत नही है। रोना इस दुनिया में निषिद्ध है। साध्वी रो नहीं सकती। जिसे दुनिया के दुःख छू लें, विचलित कर दें, जो रो पड़े, वह भला कैसी साध्वी? फाँसी खाई शशिप्रभा को देख वह चीख पड़ी थी और फफक–फफक कर रोने लगी थी। तब उसे दंड दिया गया था– तीन उपवास और दो एकासना (एक बेर आहार)।'[10] दिव्यप्रभा के मन में संसार के प्रति आकर्षण उत्पन्न होता है। वह परिव्रज्या अर्थात् विहार भ्रमण करके अपने जीवन को गतिशील बनाने का प्रयास करती है। उसी समय अन्तर्राष्ट्रीय धार्मिक सम्मेलन में उसे आठ दिनों के लिए बाहर भेजा जाता है। वहीं विजयेन्द्र मुनि और दिव्यप्रभा एक–दूसरे के प्रति आकर्षण में बँध जाते है। विजयेन्द्र मुनि कहते है, 'नहीं देवी, तुमने तो सिर्फ मुझे आईना दिखाया है ... तुमने तो सिर्फ यही सिद्ध किया है कि मैंने स्त्री को जिया नहीं वरन् इसे सिर्फ परे सरका दिया था और इसीलिए स्त्री के प्रथम संसर्ग ने ही मेरी आन्तरिक सत्ता को हिलाकर धर दिया। तुमने सिर्फ मुझे अपने अस्तित्व का नया और गहरा अर्थ महसूस कराया है। आज जान सका हूँ कि बिना स्त्री को जाने जीवन को सम्पूर्णता में नहीं जाना जा सकता है।'[11] वे दोनों सन्न्यासी जीवन को छोड़ने के लिए तत्पर हैं। विजयेन्द्र मुनि पलायन के स्थान पर संघ प्रमुख के नाम एक पत्र छोड़कर जाना चाहते हैं। इस कार्य के लिए विजयेन्द्र मुनि अपने गुरुभाई अभय मुनि की सहायता लेते हैं। अभय मुनि दिव्यप्रभा को निकालने में सफल हो जाते हैं लेकिन वे दिव्यप्रभा के साथ बलात्कार कर देते हैं और विजयेन्द्र मुनि को सन्देश देते हैं कि दिव्यप्रभा ने उनके साथ पलायन से मना कर दिया। धर्म के नाम पर अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित करने के बावजूद दिव्यप्रभा को बलात्कार जैसी घिनौनी स्थिति का सामना करना पड़ता है। दिव्यप्रभा गर्भवती हो जाती है और संसार की सबसे पापी औरत घोषित करके उसे संघ से निष्कासित कर दिया जाता है। पुत्री पर कलंक लगने से आहत माँ संथारा ग्रहण कर लेती है।

अठारह वर्षों के बाद दोनों बहनें पुनः मिलती हैं। अब संघमित्रा सामाजिक कार्यकर्ता बन चुकी है। वह नारी शक्ति संघ की स्थापना कर चुकी है और अब इस संस्था में दस हजार महिलाएँ हैं। संघमित्रा का परिचय ऋषिकन्या नामक लड़की से होता है, जो उसे अपने घर ले जाती है। उस लड़की की माँ दिव्यप्रभा है। दिव्यप्रभा बताती है कि संघ द्वारा उसे चाचा को सौंप दिया गया लेकिन चाचा ने भी उसे घर से निकाल दिया। चाचा का दरबान उसे नौकरी दिलवाने का लालच देकर कोठे पर बेच गया। अब उसे कैंसर हो चुका है और वह संघमित्रा

को ऋषिकन्या की जिम्मेदारी देकर मरना चाहती है। दिव्यप्रभा अपनी जिन्दगी का सच संघमित्रा को बताते हुए कहती है, 'और सच पूछो जीजी, तो यह दुनिया भी उतनी बुरी नहीं। यहाँ कम–से–कम कोई किसी को बदचलन तो नहीं कहता। उस तपोवन से भी अच्छी है यह दुनिया, जिसने आज तक जाने कितनी औरतों को सहारा दिया पर किसी को पापिन कहकर निकाला नहीं। मुझे गलत मत समझना जीजी, पर मुझे तुम्हारी पवित्र दुनियां से अब डर लगने लगा है। सोचो जीजी, कितनी कमजोर थी वह दुनिया, जिसकी नींव हिल गई एक अजन्मे गर्भ के चलते। कहीं अच्छी है यह दुनिया। यहाँ हम सब एक जैसी हैं। जैसी भीतर वैसी बाहर। न कोई पाखंड, न पवित्रता का झंझट, न धर्म की थानेदारी। हम सबके माथे पर चिपकी है हमारी हकीकत। हम सबका धर्म एक है– रोटी का धर्म। हम सबका सत्य एक है– ग्राहक। जो भी आ जाए हमारे आँगन, राजा, रंक, योगी, कोढ़ी. सबको समान भाव से स्वीकार करती हैं हम। वह दुनिया मेरे किस काम की जीजी, जो भेद करे इन्सान इन्सान में'[12] नारी शक्ति संघ को राष्ट्रीय संघ बनाने वाली और सम्पूर्ण स्त्री जाति की सहायता करने वाली संघमित्रा अपनी बहन की दशा देखकर बहुत दुखी होती है। संघमित्रा उन दोनों को अपने घर ले आती है। दिव्यप्रभा की मृत्यु हो जाती है। संघमित्रा बदले की आग में जल रही है। वह अभयमुनि को ढूँढ निकालती है और उसे अपने प्रेम के जाल में फँसाकर उसकी हत्या कर देती है। वह अभयमुनि से कहती है, 'नहीं मुनि, मुझे दुःख है कि मैं तुम्हें माफ नहीं कर सकती क्योंकि तुम सिर्फ मेरे नहीं, तुम पूरी मनुष्यता के गुनाहगार हो। एक धर्मगुरु होकर तुमने ऐसा किया ... इसलिए तुम्हारा अपराध अक्षम्य है मुनि। जो धोखा, जिल्लत और अकथनीय आँसू तुमने दूसरों को दिए, देखो, कैसे लौटकर वे आते हैं तुम्हारे पास। तुम धरती के धब्बे, पृथ्वी की गन्दगी... देखो, कैसे मिटाती हूँ मैं तुम्हें।'[13] अभयमुनि की हत्या करके संघमित्रा आत्मसमर्पण कर देती है। उसे आजीवन कारावास की सजा मिलती है।

अन्त में वह अदालत में स्त्री सशक्तीकरण एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का मुद्दा उठाते हुए कहती है, 'मी लॉर्ड, मैंने खुद को समाज सेवा में झोंक दिया था। अपने जीवन के स्वर्णिम समय को मैंने बसन्त देखने में नहीं वरन् औरतों को शिक्षित, स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर बनाने में लगाया क्योंकि मुझे लगा था कि मेरी माँ यदि आत्मनिर्भर होती और यदि अपनी ताकत को उन्होंने जाना होता तो सम्भवतः हमें ऐसा जीवन नहीं जीना पड़ता पर छुटकी के असामयिक अवसान के बाद यह पीड़ादायक सत्य मरे समक्ष उजागर हुआ कि मैं जो कर रही हूँ सिर्फ वही पर्याप्त नहीं है। मुझे समझ में आ गया कि गाँधी क्यों इस देश में असफल हुए। मी लॉर्ड, सुगन्ध फैलाने से कहीं ज्यादा जरूरी है दुर्गन्ध के स्रोतों का सफाया करना।

निष्कर्ष :-

'सेज पर संस्कृत' उपन्यास में स्त्री के दमन एवं शोषण की गाथा कही गई है। सदियों से स्त्री का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक शोषण होता आया है। स्त्री इस शोषण को मूक भाव से सहती आई है। आज की स्त्री भी इस शोषण–चक्र में पिसी जा रही है। कुछ नारी संगठन स्त्री को शक्ति प्रदान करके, उसे संगठित व एकजुट करके पुरुष की दमनकारी प्रवृत्ति के विरुद्ध उसे खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। स्त्रियाँ भी अपना अबलापन भूलकर नारी कल्याण संस्थाओं एवं संगठनों की छत्र–छाया में सबला बनने का प्रयास कर रही हैं और अपनी अस्मिता को ढूँढ़ने की कोशिश कर रही हैं। स्त्री–जीवन में आए इस परिवर्तन को एक स्त्री की दृष्टि से अनुभव करते हुए मधु काँकरिया ने इस उपन्यास की रचना की है।

संदर्भ सूची :-

1. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत, पृष्ठ 51
2. कृष्णदत्त पालीवाल, उत्तर आधुनिकता की ओर, पृष्ठ 139
3. सीमोन द बोउवार, अनुवादक – प्रभा खेतान, स्त्री उपेक्षिता, पृष्ठ 121
4. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत, राजकमल प्रका ान, प्रा.लि.दरियागंज, नई दिल्ली, 2010 पृ.सं. 50–51
5. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत, राजकमल प्रका ान प्रा.लि.दरियागंज, नई दिल्ली, 2010 पृ.सं. 51
6. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत, राजकमल प्रका ान, प्रा.लि.दरियागंज, नई दिल्ली, 2010 पृ.सं. 53
7. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत, राजकमल प्रका ान, प्रा.लि.दरियागंज, नई दिल्ली, 2010 पृ.सं. 117
8. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत, राजकमल प्रका ान, प्रा.लि.दरियागंज, नई दिल्ली, 2010 पृ.सं. 159
9. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत, राजकमल प्रका ान, प्रा.लि.दरियागंज, नई दिल्ली, 2010 पृ.सं. 158
10. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत, राजकमल प्रका ान, प्रा.लि.दरियागंज, नई दिल्ली, 2010 पृ.सं. 169
11. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत, राजकमल प्रका ान, प्रा.लि.दरियागंज, नई दिल्ली, 2010 पृ.सं. 184
12. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत, राजकमल प्रका ान, प्रा.लि.दरियागंज, नई दिल्ली, 2010 पृ.सं. 211
13. मधु कांकरिया, सेज पर संस्कृत, राजकमल प्रका ान, प्रा.लि.दरियागंज, नई दिल्ली, 2010 पृ.सं. 226

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 77–81

नासिरा शर्मा के रचनाओं में स्त्री चेतना

रचना चौधरी
शोधार्थी, हिंदी विभाग, मणिपुर इनटर्नेशनल विश्वविद्यालय।
डॉ. तेलेम कमलावती देवी, निर्देशक
प्रोफेसर एवम विभागाध्यक्ष भारतीय भाषा विभाग (हिंदी) मणिपुर इंटर्नेशनल विश्वविद्यालय।
डॉ. मो. मजीद मियाँ, सह निर्देशक
सहायक अध्यापक, हिंदी विभागाध्यक्ष, श्री अग्रसेन महाविद्यालय।

सारांश :–

स्त्री सचेत हो जाये तो ही रूढ़गत समाज, परम्पराएँ और दृष्टिकोण तभी परिवर्तित हो सकते हैं। लेखिका का मत है– 'वह दिन बहुत करीब है जब समाज स्त्री के प्रति अपने क्रूर व्यवहार को न केवल बदलेगा बल्कि उसके प्रति अपना नजरिया खुला रखने पर भी मजबूर होगा।'[10] अर्थात् नारी यदि सकल्प कर ले तो सब कुछ संभव है, वह सभी दशाओं और दिशाओं का रूख अपनी तरफ मोड़ सकती है, आवश्यकता है तो बस दृढ़ इच्छा शक्ति की। इतिहास गवाह है कि संघर्षों का प्रमाण परिवर्तन ही रहा है जो अवश्य ही होकर रहेगा। आज भी समाज में एक बहुत बड़ा जनभाग रूढ़ और रूग्ण सोच के साथ क्रियाशील हैं। स्त्रियों के सामने उनके अधिकारों की रक्षा एक मूल प्रश्न बनकर सामने खड़ी है। महिला मन में पनपते हुए असन्तोष को लेखिकाएँ अपने लेखन के माध्यम से उसे क्रियात्मक साँचे में ढालती नजर आ रही है। कथाकार नासिरा शर्मा ने अपने जीवन के अनुभवों तथा आस–पास के परिवेश से कथानक गढ़े है जिनका स्वर समसामयिक परिस्थितियों में बदलता गया है। इनके स्त्री पात्र तथा कथानक शोषण से शोषित भी हैं, उनके विरुद्ध भी हैं तथा अपने जीवन मूल्यों के प्रति जागरूक भी हैं।

कुट शब्द :– कहानि, अभिव्यक्त, स्त्री, रूढ़गत समाज, आधुनिक युग संक्रमण, शिक्षा।

प्रस्तावना :–

शिक्षा, बदलते परिवेश और नए विचारों ने वर्तमान पीढ़ी को प्राचीन रूढ़ियों और जड़ परम्पराओं से तोडकर एक नयी विचाराधारा की ओर मोड़ देने का कार्य किया है। ऐसी दशा में रचनाकार अपने लेखन के माध्यम से हमें युग विशेष की परिस्थितियों का अवबोध कराते हैं, जो बहुत कुछ उनके साहित्य के माध्यम से पूरा होता है। हिन्दी साहित्य में महिला कथाकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिनमें 'नासिरा शर्मा' का विशिष्ट स्थान है। इनका लेखन विविधताओं से परिपूर्ण है जिसकी सबसे बड़ी विशेषता है– राष्ट्रीय से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय पृष्ठभूमि को अपने रचनात्मक परिवेश में शामिल करना। साहित्य जगत में इनका आगमन कहानी कला के

माध्यम से ही होता है जिसके जरिए इन्होंने विभिन्न समस्याओं के प्रति समाज का ध्यान आकृष्ट किया है।

चूँकि एक महिला कथाकार होने के नाते लेखिका को स्त्री अनुभूतियों की विशेष पहचान है जिसे कथा–साहित्य के माध्यम से इन्होंने सामाजिक फलक पर प्रस्तुत करने का सहज प्रयास किया है। अपने कथा लेखन के विषय में इनका कथन है– 'मैं तो केवल दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आँख, एक दिल और दिमाग वाले इन्सान को पहचानती हूँ। वह जहाँ भी जिस सीमा, जिस परिधि में जीवन की सम्पूर्ण गरिमा के साथ मिल जाए, वही मेरी कहानी का जन्म होता है।'[1]

लेखिका के अब तक नौ कहानी संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं जिनमें 'शामी कागज', 'पत्थरगली', 'संगसार', 'इब्ने मरियम', 'सबीना के चालीस चोर', 'खुदा की वापसी', 'दूसरा ताजमहल', 'इन्सानी नरल' और 'बुतखाना' प्रमुख है। इन संकलित कहानियों में नासिरा शर्मा ने सभी सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक आदि मुद्दों के साथ–साथ स्त्रियों की यथार्थ दशा, उनकी मानसिक स्थिति तथा अन्तर्द्वन्द्व से भरे जीवन की यातनाओं का अति सूक्ष्म दृष्टि से विश्लेषण किया है। नारी पात्रों द्वारा समस्याओं की अभिव्यक्ति कर इन्होंने जड़ मानसिक प्रवृत्तियों पर प्रहार करते हुए भविष्य के तिमिर को मिटाने के लिए उनका उज्ज्वल समाधान ढूँढ़ने का भरसक प्रयास किया है। औरत के परिप्रेक्ष्य में लेखिका का अपना दृष्टिकोण है– 'औरत को लेकर जो संवेदना मेरे अन्दर उपजी थी उसका प्रभाव मुझे समय–समय पर अपने कहे लिखे शब्दों द्वारा होता था कि, औरत अधिक ईमानदार, निष्ठावान, कर्मठ, धैर्यवान और बलिदान करने वाली एक ऐसी जीव है जिसका मुकाबला दुनिया का दूसरा प्राणी नहीं कर सकता है।'[2]

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लेखन करने के कारण नासिरा जी के कहानी पात्रों का चयन देशी तथा विदेशी दोनों ही पृष्ठभूमि को अपनाकर चलता है। चूँकि नारी की संवेदनाओं, उसकी पीड़ा और व्यथा की कोई सरहद नहीं होती और न ही उसका कोई पैमाना है, इसलिए उनकी अनुभूतियाँ आपस में सदैव मेल खाती हैं जहाँ एक देश दूसरे देश से आक्रांत और भयभीत हैं वहीं सामाजिक दृष्टि से स्त्री की अस्मिता भी टूट कर खण्डों में विभक्त हो रही है। ये कहानियाँ और इनके पात्र इस विभाजित होती मानवता की जीवंत दस्तावेज हैं। इनके विषय में नासिरा शर्मा का वक्तव्य है– 'कहानी इंसान की होती है ओर वह पात्र जो मेरे लेखक मन को छू सके, उसकी चेतना को हिला सके अपनी कहानी लिखवाने का दम रखे ऐसे पात्र का देशी या विदेशी होना कोई फर्क नहीं रखता।'[3] महिलाओं की परेशानियों राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय दोनों ही सरोकारों से सम्बन्ध रखती हैं, इसलिए ये कहानियाँ राजनीतिक संज्ञान, समाजशास्त्रीय अध्ययन और मानवीय उत्तरदायित्व की उपज हैं। लेखिका का प्रथम कहानी संग्रह 'पत्थर गली' जो 1986 में प्रकाशित हुआ है। इस संग्रह की लगभग सभी कहानियाँ मुस्लिम परिवेश की रूढ़िवादी परंपराओं का चित्रण करती हैं। मुस्लिम महिलाओं की पीड़ा और उनके दर्द को संवेदनात्मक अनुभूति की कसौटी पर कसकर उन्हें प्रस्तुत किया गया है। इन्हें पढ़कर यह अनुभव होता है कि, मनुष्य की वास्तविक समस्या धर्म से बढ़कर उसके आपस में उलझे हुए रिश्ते हैं। धर्म–समप्रदाय में बँटकर तो मानवता खतरे में पड़ती है किन्तु रिश्तों में ही यदि मनुष्य बँट जाय तो वह अस्तित्व विहीन हो जाता है श्बावली कहानी की नायिका श्सलमाश का जीवन भी ऐसा ही है। दूसरों को सर्वस्व दे देने पर भी मातृत्व सुख न मिल पाने से वह रूढ़ समाज व परिवार की अवहेलना का शिकार होती है।

'ताबूत' कहानी में समाज की निम्न वर्ग के मुस्लिम परिवार की अविवाहित लड़कियों को अभावग्रस्त

जीवन की नियति के साथ कुत्सित मानसिक प्रवृत्ति के पारिवारिक शोषण का शिकार होना पड़ता है। 'पत्थर गली की कथा' इस संग्रह की उच्चकोटि की कहानी है, जहाँ सामंती परिवेश में स्त्रियाँ अपने जीवन की कुरबानी देती हैं। वेदों और पुराणों में नारी की महिमा का वर्णन है, उसके विविध रूपों का विवेचन है किन्तु 'सिक्का' कहानी हमें वास्तविक सामाजिक सोच से परिचित कराती है कि– नारी वेश्या का रूप तो ले सकती है किन्तु प्रेम करने का अधिकार उसे नहीं है, बल्कि इस रूप में उसका अस्तित्व उस सिक्के के समान है जो एक व्यक्ति से दूसरे के हाथ में जाता रहता है। इस संग्रह की समग्र कहानियों में समाज में पनपी जर्जर मान्यताओं को उकेरा गया है तथा स्त्री जीवन की जटिलताओं उसकी भावनाओं को भाषा का संस्कार दिया गया है। संग्रह के सम्बन्ध में 'डॉ० विजय कुमार राउत' का कथन है– 'एक रूढ़ग्रस्त समाज में नारी जाति की घुटन, बेबसी और उनकी मुक्ति की छटपटाहट का यथार्थ चित्रण इसमें मिलता है।'[4]

सामाजिक, धार्मिक व्यवस्थाओं और उनके ठेकेदारों से आजीज अबलाओं का चित्रण 'संगसार' कहानी संग्रह की कहानियों में मिलता है, जिसमें नायक 'अफजल' स्वेच्छाचारी तो हो सकता है किन्तु नायिका 'आसिया' को दोषी मानकर संगसार होने का दण्ड दिया जाता है। मनुष्य न चाहते हुए भी राजनैतिक और सामाजिक परिस्थितियों का दास होता है– 'दरवाज–ए–कजविन' कहानी की 'मरियम' को भी ऐसी ही परिस्थिति का सामना करते हुए अपनी इच्छा के विरुद्ध जाकर वेश्यावृत्ति का पेशा अपनाना पड़ता है और वह इसलिए क्योंकि औरत का मर्द के खिलाफ जाकर अपने अधिकार के लिए सड़क पर उतरना पुरुष कानून की किताब से बाहर का विषय बन जाता है और ऐसे में नारी जाति पुरुष समाज के हाथ की कठपुतली बनकर रह जाती है।

डॉ० सोनल नंदनूरवाले के शब्दों में– 'मरियम दरवाज–ए–कजविन (नारी मुक्ति केन्द्र) के दरवाजे पर दस्तक देती है।'[5] इस कहानी संग्रह की सभी कहानियाँ राजनीतिक, समाजिक और धार्मिक ठेकेदारों के कुकर्मों से उपजी यन्त्रणाओं का जीवन्त दस्तावेज हैं। भूख की पीड़ा और विस्थापन की मार झेलती महिलाओं की दुःख की कथा 'इब्नेमरियम' कहानी संग्रह की है। मानवीय संघर्षों में अबला जाति की संवेदनाओं का दखल स्वाभाविक है। 'तीसरा मोर्चा' कहानी इसका प्रमाण है। नायिका का कथन ही व्यवस्था के सन्दर्भ में यह प्रश्न करता है कि 'क्या वह हिन्दू है? या मुसलमान या सबसे पहले औरत या सिर्फ औरत ही तब उसे ही क्यों नफरत, घृणा, उन्माद के नाम पर रौंदा जाता है।"[6]

वैधव्य जीवन का निर्वाह तथा प्रेम–विवाह एवं अनमेल विवाह की कठिनाईयों का विवरण हमें 'शामी कागज' संग्रह की कहानी 'पतझड़ का फूल' में मिलता है। यह एक ऐसी कहानी है जो नारी जीवन को आत्मनिर्भर बनने और स्वस्थ मानसिक निर्णय लेने का संबल देती है। 'शामी कागज' की कथा भी एक ऐसा ही मार्ग आधुनिक नारी जीवन के लिए प्रशस्त करती है जिसके परिप्रेक्ष्य में नायिका 'पाशा' का उससे विवाह के लिए इच्छुक 'महमूद' के लिए कथन है कि 'मैं भी कोई शामी कागज थोड़े ही हूँ कि जब जरूरत पड़ी, उसे धोकर दूसरा फरमान लिख दिया।'[7] निश्चय ही यह कथन एक नया दृष्टिकोण पैदा करता है। जरूरी नहीं कि शादी के रंग धुल जाने के बाद अकेली स्त्री अपने जीवन में एकाकी होकर अपने निरर्थक जीवन को सार्थक मार्ग नहीं दे सकती।

एक स्त्री की दूसरी स्त्री संवेदनाओं के प्रति निष्ठुरता का परिचय देती है और जब उसे अपना स्वार्थ नजर आता है वह अपना रंग बदल लेती है ऐसी ही दास्तान को बयान करने वाली कहानी है 'ततईया'। नारी की

पवित्रता के विषय में दूसरी नारी दोहरा मानदण्ड क्यों अपनाती है? इस समस्या से यह कहानी हमें परिचित कराती है। स्त्री के आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी स्वरूप का परिचय हमें कहानी 'खुदा की वापसी' से मिलता है। पति–पत्नी के रिश्ते में ऐसी शर्त आ जाये जो उसके जीवन को नारकीय बना दे तो उचित है कि स्त्री भी इनका जवाब सकारात्मक शर्त के माध्यम से दे। नायिका 'फरजाना भी छल का जवाब चतुरता से देती है। 'खुदा की वापसी' संग्रह के विषय में लेखिका का मत है– 'दरअसल खुदा की वापसी की सभी कहानियाँ उन बुनियादी अधिकारों की माँग करती नजर आती है जो वास्तव में महिलाओं को मिले हुए हैं, मगर पुरुष समाज के धर्म पण्डित मौलवी मौलिक अधिकारों को भी देने के विरुद्ध हैं।'[8] नासिरा शर्मा जी ने नारी के अर्न्तद्वन्द्वों का चित्रण तो अपनी कहानियो में किया ही है इसके साथ–साथ समाज में फैले ज्वलन्त मुद्दों को भी अपनी लेखनी का प्रमुख विषय बनाया है। ऐसा ही एक विषय है– भ्रुण परीक्षण के माध्यम से लिंग भेद को बढ़ावा देना। 'अपनी कोख' कहानी का कथानक इस समस्या का चित्रण करता है नायिका 'साधना' पहले तो शादी के नाम पर अपने सपनों की कुरबानी देती है और उसके बाद लिंग भेद की समस्या का सामना करती है। अपने वात्सल्य को दो खेमों में न बाँटकर वह अपनी बेटियों के लिए अपने बच्चे (पुत्र) का गर्भपात करवा देती है। भ्रुण परीक्षण पर आधारित अनुमानतः यह प्रथम कहानी है।

आधुनिक युग की विदुपताओं और विसंगतियों से स्त्री जगत अछूता नहीं है बल्कि वह इनका शिकार होती जा रही है, अनैतिकता अपने चरम पर है जिसमें फँसकर नारी अपने पतन का कारण स्वयं बनती है। 'प्रोफेशन वाइफ', गली घूम गई, कहानियाँ ऐसी समस्याओं का इसका जीवन्त प्रमाण हैं। स्त्री चाहे तो अपनी अन्धी भावनाओं पर विवेक का अंकुश लगाये और अनर्थ के भँवरजाल से बाहर निकलकर अतीत को बिसरा कर वर्तमान में सुनहरे भविष्य का निर्माण करे। नारी उदारता की प्रतिमूर्ति है। मुस्लिम धर्म में बहुपत्नीत्व को वैधता दी गयी है। परिवार की खुशी और वंश की चाहत भी इसका कारण है जिसे स्त्रियाँ सह जाती हैं। वर्तमान युग में यह एक विसंगति है कि पति–पत्नी के मध्य तीसरी महिला का प्रवेश आम बात हो चुकी है। 'बुतखाना' कहानी संग्रह की कहानी 'नमकदान' एक ऐसी ही हृदय विदारक व्यथा है जिसकी नायिका की पीड़ा को देखकर डॉ० सोनल नंदनूरवाले का वक्तव्य है कि 'हालात को बदलते देख अपनी विवशता का ध्यान रख वह परिस्थिति से समझौता करने के लिए विवश हो जाती है।'[9]

इस प्रकार से नासिरा शर्मा के समग्र कहानियों का यदि हम अध्ययन करें तो यह पूर्णतया स्पष्ट होता है कि– इन्होंने समाज में प्रचलित सर्जनात्मक आन्दोलन से हटकर स्वस्थ और सामाजिक चेतना जागरित करने वाली जीवन विषयक दृष्टिकोण को अपनाया है जहाँ स्त्री चरित्रों की भी प्रधानता रही है। स्त्री जीवन कई प्रकार की यातनाओं से गुजर रहा है, उसकी प्रतिक्रिया में मानवता का धर्म क्या होना चाहिए, अपने अधिकारों के प्रति महिलाएँ कितनी सशक्त और सजग हैं और कितनी ही समस्याएँ ऐसी हैं जिनका समाधान उसे प्राप्त नहीं होता है, इन सभी दृष्टिकोणों को लेखिका ने अपने सृजन कार्य में स्थान दिया है। निश्चयपूर्वक यह कहा भी जा सकता है कि इनकी स्त्री–पात्र व्यवस्था का विरोध तो करती हैं किन्तु दायित्वों के निर्वहन के साथ न कि उनसे मुक्त होकर।

निष्कर्ष :-

स्वरूप यह सर्वविदित है कि रूढ़गत समाज, परम्पराएँ और दृष्टिकोण तभी परिवर्तित हो सकते हैं जब

स्त्री स्वयं इनके प्रति सचेत हो जाये। लेखिका का मत है– 'वह दिन बहुत करीब है जब समाज स्त्री के प्रति अपने क्रूर व्यवहार को न केवल बदलेगा बल्कि उसके प्रति अपना नजरिया खुला रखने पर भी मजबूर होगा।' अर्थात् नारी यदि संकल्प कर ले तो सब कुछ संभव है, वह सभी दशाओं और दिशाओं का रूख अपनी तरफ मोड़ सकती है, आवश्यकता है तो बस दृढ़ इच्छा शक्ति की। इतिहास गवाह है कि संघर्षों का प्रमाण परिवर्तन ही रहा है जो अवश्य ही होकर रहेगा। आज भी समाज में एक बहुत बड़ा जनभाग रूढ़ और रूग्ण सोच के साथ क्रियाशील हैं। स्त्रियों के सामने उनके अधिकारों की रक्षा एक मूल प्रश्न बनकर सामने खड़ी है। महिला मन में पनपते हुए असन्तोष को लेखिकाएँ अपने लेखन के माध्यम से उसे क्रियात्मक साँचे में ढालती नजर आ रही हैं। कथाकार नासिरा शर्मा ने अपने जीवन के अनुभवों तथा आस–पास के परिवेश से कथानक गढ़े हैं जिनका स्वर समसामयिक परिस्थितियों में बदलता गया है। इनके स्त्री पात्र तथा कथानक शोषण से शोषित भी हैं, उनके विरुद्ध भी हैं तथा अपने जीवन मूल्यों के प्रति जागरूक भी हैं।

संदर्भ :-

1. शामी कागज, नासिरा शर्मा, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण–2009, पृ० दो शब्द,
2. औरत के लिए औरत, नासिरा शर्मा, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण–2011, पृ० 6,
3. पत्रकार सदन, पृ० 20
4. कहानीकार नासिरा शर्मा, डॉ० विजय कुमार राउत, अमर प्रकाशन, कानपुर, संस्करण–2016, पृ० 21
5. नासिरा शर्मा की कहानियों में नारी विमर्श, डॉ० सोनल नंदनूरवाले, अन्नपूर्णा प्रकाशन, कानपुर, प्रथम संस्करण–2011, पृ० 168
6. इब्ने मरियम, नासिरा शर्मा, किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण–1994, पृ० 372
7. शामी कागज, नासिरा शर्मा, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण–2009, पृ० 97
8. खुदा की वापसी, नासिरा शर्मा, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, चतुर्थ संस्करण–2018, मूल पृष्ठ।
9. नासिरा शर्मा की कहानियों में नारी विमर्श, डॉ० सोनल नंदनूरवाले, अन्नपूर्णा प्रकाशन, कानपुर, प्रथम संस्करण–2011. पृ० 143

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 82-86

जीवनानुभवों के आरंभिक पक्ष को उभारती आत्मकथा 'आत्मस्वीकृति'

डॉ. सपना शर्मा, भोध निर्देि ाका, असिस्टेंट प्रोफेसर
प्रीति शर्मा, भोध–छात्रा,
हिन्दी–विभाग, गुरु नानक देव वि वविद्यालय, अमृतसर।

साहित्य के गद्य विधाओं में आत्मकथा अपना स्वतन्त्र अस्तित्व रखती हैं। यह आत्मकथा विधा जीवनी, संस्मरण से मेल खाती हुई भी अपना एक भिन्न अस्तित्व रखती हैं। गद्येत्तर साहित्य में आत्मकथा के साथ–साथ अनेक विधाएं है जो आधुनिक समय में बहुचर्चित एवं प्रसिद्धि लिये हुए हैं जिसमें जीवनी, संस्मरण, डायरी, रेखाचित्र इत्यादि विधाएं हैं।

''आत्मकथा विधा गद्येत्तर साहित्य के अन्तर्गत आती हैं। गद्येत्तर साहित्य में रेखाचित्र, संस्मरण, डायरी, आत्मकथा आदि विधाएं आती है।''[1]

आत्मकथा में आत्कथाकार स्वयं की जीवनी लिखता हैं और इसमें वह स्वयं के जीवन संबंधी अनुभवों, घटनाओं और अपने जीवन से संबंधित विचारों, बातों का एवं मनोभावों को व्यक्त करता है। लेखक आत्मकथा में सकारात्मक–नकारात्मक विचारों को ईमानदारी से व्यक्त करता है, क्योंकि यह कार्य अधिक कठिन होता है। आत्मकथा एक ऐसी विधा है, जो सच्चाई के आधार पर लिखी जाती है। इसमें लेखक का आत्मप्र ंसा मात्र करना ही एकमात्र कार्य नहीं होता, यद्यपि स्वयं त्रुटियों को भी निःसंकोच होकर पाठको के समक्ष प्रस्तुत करना पड़ता हैं।

Strategic Planning – Conduct needs assessments and pilot programs before scaling.

Professional Development – Train educators in technical, pedagogical, and ethical AI use.

Ethical Frameworks – Establish policies for privacy, bias mitigation, and accountability.

Equity Measures – Ensure universal access, inclusive design, and targeted support for disadvantaged students.

10. Conclusion :

AI in education offers powerful opportunities for personalization, efficiency, and improved outcomes. Case studies show measurable success, but challenges around privacy, bias, equity, and teacher adaptation must be addressed.

Future progress depends on balancing technological potential with human-centered values. Teachers remain central to emotional, social, and creative development. With ethical safeguards, equity initiatives, and collaborative stakeholder engagement, AI can create inclusive, effective, and inspiring learning environments that prepare students for a complex, technology-driven future.

References :

1. Ferguson, R. (2012). *Learning analytics: drivers, developments and challenges.* IJTEL, 4(5-6).
2. Kulik, J. A., & Fletcher, J. D. (2016). *Effectiveness of intelligent tutoring systems: a meta-analytic review.* RER, 86(1).
3. Ma, W., Adesope, O. O., Nesbit, J. C., & Liu, Q. (2014). *Intelligent tutoring systems and learning outcomes: A meta-analysis.* JEP, 106(4).
4. Murthy, S., & Iyer, S. (2018). *Role of AI in Engineering Education.* IIT Bombay.
5. NITI Aayog. (2018). *National Strategy for Artificial Intelligence.* Government of India.
6. Pant, M. M. (2019). *Learning in the Age of AI.*
7. Sharma, R. C. (2020). *ICT and AI in Indian Higher Education.* AIU Publications.
8. Siemens, G., & Long, P. (2011). *Penetrating the fog: Analytics in learning and education.* EDUCAUSE Review
9. Singh, A. K. (2022). *AI for Inclusive Education in India: Challenges and Opportunities.* BHU Journal.
10. VanLehn, K. (2011). *Effectiveness of human tutoring vs. ITS.* Educational Psychologist, 46(4).
11. Varghese, N. V. (2021). *AI and Indian Higher Education.* NIEPA.

डॉ. बीना शर्मा
सहायक प्रोफेसर, सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय।
ईमेल– binasonthalia05@gmail.com
फोन नंबर–9799660911

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 126–130

विद्यालयों में ड्रॉप आउट के कारण और उपाय

राजीव प्रियदर्शनम
शोधार्थी, (शिक्षा शास्त्र)
सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड।

सारांश :–

ड्रॉप आउट का तात्पर्य है कि कोई छात्र या व्यक्ति योग्यता पूरी करने के पहले ही विद्यालय महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय को छोड़ दें। शिक्षा के संदर्भ में ड्रॉप आउट वैसे छात्र जो अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम को पूरा करने से पहले ही अपना रजिस्ट्रेशन अथवा दाखिला रद्द कर देता है। भारत में स्कूल छोड़ने वालों का मुद्दा देश की शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण चुनौती बना हुआ है। शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के प्रयासों के बावजूद कई बच्चे अपनी पढ़ाई पूरी करने से पहले ही विद्यालय छोड़ देते हैं। यह समस्या व्यक्तिगत भविष्य को भी प्रभावित करती है और भारत के समग्र विकास में बाधा डालती है। शिक्षा के संदर्भ में ड्रॉप आउट एक छात्र होता है जो उनके पाठ्यक्रम को पूरा करने से पहले विद्यालय या महाविद्यालय से अपना रजिस्ट्रेशन या दाखिला रद्द कर देता है। यह आमतौर पर छात्र द्वारा विद्यालय या महाविद्यालय छोड़ने से पहले आता है। ड्रॉप आउट के कई कारण हो सकते हैं जैसे वित्तीय समस्याएं, शैक्षिक स्तर पर ध्यान नहीं देना सामाजिक या पारिवारिक दवा और अन्य व्यक्तिगत अथवा पेशेवर रुक सकता है,। ड्रॉप आउट छात्रों के लिए शैक्षिक योग्यता प्राप्त करने की संभावना काम हो जाता है, जो जो उनके भविष्य में कैरियर विकास के लिए एक बहुत बड़ी बाधा हो सकती है। संचालन अधिकारियों और शिक्षकों को छात्रों की समय–समय पर उपस्थित को बढ़ावा देने और उनकी सहायता करने की आवश्यकता प्रतीत होती है ताकि ड्रॉप आउट के दर को कम किया जा सके।

बीज शब्द :– ड्रॉप आउट, व्यक्तिगत शिक्षा, शैक्षिक कार्यक्रम, सर्व शिक्षा अभियान।

परिचय :–

शिक्षा एक समृद्ध और सशक्त समाज की नींव है। शिक्षक किसी भी राष्ट्र के विकास महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारतीय विद्यालयों में ड्रॉप आउट दर नीति निर्माता और शिक्षकों के लिए चिंता का एक प्रमुख कारण रही है। यह शब्द ड्रॉप आउट शब्द का इस्तेमाल उन छात्रों के लिए किया जाता है जो विद्यालय महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की पढ़ाई पूरी करने से पहले छोड़ देते हैं।शिक्षा एक मौलिक अधिकार है जो सामाजिक पूर्वाग्रह और असमानताओं का मुकाबला कर सकती है। जबकि भारत में सर्व शिक्षा अभियान जो अब समग्र शिक्षा के रूप में जानी जाती है उसमें शिक्षा का अधिकार अधिनियम जैसी पहलुओं के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा में लगभग सार्वभौमिक नामांकन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। देश की उन्नति असाधारण रूप से से

अपने नागरिकों के शिक्षा पर निर्भर करती है जो विश्वव्यापी परिप्रेक्ष्य का एक निर्माण सत्य है। शिक्षा एक व्यक्ति को एक उत्पादक नागरिक बनाने के लिए एक केंद्रीय भूमिका निभाती है और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक है। हालांकि विकासशील देशों में बच्चे विभिन्न कर्म से पढ़ाई छोड़कर अपने शिक्षा के अधिकार से वंचित हो गए हैं। पढ़ाई छोड़ने के जोखिम वाले छात्र को आमतौर पर SARDO के रूप में जाना जाता है। यह फिलीपींस के शिक्षा विभाग द्वारा गढ़ा गया एक शब्द है जिसे एक छात्र के रूप में परिभाषित किया जाता है जो पढ़ाई छोड़ने वाला विद्यार्थी उम्मीदवार बनने की संभावना रखता है। कॉलेज डिक्शनरी ड्रॉप आउट को विश्लेषण और संज्ञा के रूप में सूचीबद्ध करती है, जिसमें ड्रॉप आउट भी लिखा है। यदि आवृत्ति के अनुसार देखेंगे तो ड्राप आउट समकालीन अमेरिकी अंग्रेजी के कपास में ड्रॉप आउट की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक बार आता है।

समस्या की पहचान करना :-

अंतर्वस्तु, ड्रॉप का दर क्या है? ड्रॉप आउट ऑफ दर और निकास डर के बीच क्या अंतर है? ड्रॉप का दरो को मापने का महत्व। ड्रॉप का दर की गणना कैसे करें? ड्राप ऑफ दर उन उपयोगकर्ताओं का प्रतिशत है जो किसी विशिष्ट लक्ष्य को प्राप्त करने से पहले किसी प्रक्रिया या कार्यवाही को छोड़ देते हैं।

ड्रॉप आउट समस्या :-

1. आर्थिक पृष्ठभूमि
2. पारिवारिक दबाव।
3. शैक्षणिक स्तर पर ध्यान ना देना।
4. विद्यालय से जुड़े कारण
5. सामाजिक मानदंड।
6. अन्य कारण।

उद्देश्य एवं लक्ष्य :-

ड्रॉप आउट बच्चों से जुड़े उद्देश्य :

1. ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या को कम करना।
2. ड्रॉप आउट बच्चों की शैक्षणिक योग्यता हासिल करने में मदद करना।
3. ड्रॉप आउट बच्चों को फिर से विद्यालय में नामांकित करना।
4. ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना।
5. राजनीतिक इच्छा शक्ति और केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच उचित समन्वय स्थापित करना।
6. ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा के सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना।

धारणा या विचार :-

1. ड्रॉप आउट के कई कारण हो सकते हैं जैसे वित्तीय समस्या शैक्षिक स्तर पर ध्यान ना देना सामाजिक या पारिवारिक दबाव और अन्य व्यक्तिगत अथवा पेशेवर उत्सुकताएं।
2. समय प्रबंधन कौशल और ड्रॉप आउट इरादों के बीच संबंध पर विचार विमर्श करना।
3. ड्रॉप आउट इरादों और वास्तविक ड्रॉप आउट के बीच संबंध की जांच करें।
4. रुचि और ड्रॉप आउट के बीच संबंध पर विचार करना।

शिक्षा के संबंध में ड्रॉप आउट दर एक सुंदर एक सांख्यिकी माप है जो उन छात्रों के प्रतिशत को दर्शाता है जो अपना शैक्षिक कार्यक्रम पूरा करने से पहले आमतौर पर उच्च विद्यालय डिप्लोमा या समकक्ष प्रमाण पत्र प्राप्त करने से पहले ही छोड़ देते हैं।

उच्च ड्रॉप आउट दरो को व्यक्तियों और समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि वे भविष्य के शैक्षिक और रोजगार के अवसरों को सीमित कर सकते हैं।

शैक्षिक संस्थान और नीति निर्माता रुझान ऑन की पहचान करने और उन्हें कम करने के लिए राजनीति विकसित करने के लिए ड्रॉप आउट दलों की बारीकियां से निगरानी करते हैं। हस्तक्षेप में जोखिम वाले छात्रों को अतिरिक्त सहायता और संसाधन प्रदान करना, वैकल्पिक शिक्षा कार्यक्रम लागू करना और छात्रों के विघटन में योगदान देने वाले कारकों को संबोधित करना शामिल हो सकता है। शैक्षिक समानता को बढ़ावा देने और समग्र शैक्षिक परिणाम के में सुधार करने के प्रयासों में ड्रॉप आउट दर को कम करना एक प्रमुख प्राथमिकता है।

वर्तमान समय की समस्या की प्रासंगिकता :-

ड्रॉप आउट की समस्या का पता लगाना और उनका निराकरण करना। विद्यालय छोड़ने की समस्या आर्थिक रूप से वंचित बच्चों को मुख्य धारा के विकास पथ में लाने के लिए प्रयास करना।

कार्य की योजना :-

1. प्राथमिक कक्षाओं से ही बेहतर शिक्षा प्रदान करना।
2. सामुदायिक संगठनों और विद्यालयों का सहयोग।
3. परिवारों को शामिल करना।
4. छोटे विद्यालय बनाना।
5. प्रशिक्षण केंद्र खोलना।
6. छात्रों की सहभागिता बढ़ाना।

विद्यालय छोड़ने वालों पर साहित्य की आलोचनात्मक समीक्षा दिसंबर 2013 शैक्षिक अनुसंधान समीक्षा डी ओ आई 10, 1016/j, edurev2013, 05, 002[1]

यह पेपर समय से पहले स्कूल छोड़ने पर बढ़ते साहित्य की समीक्षा करता है। हम स्पष्ट करते हैं कि समय से पहले विद्यालय छोड़ने से क्या–क्या खतरनाक परिणाम होते हैं और साहित्य में उठाए गए अंतर निहित समस्याओं और पद्धतिगत मुद्दों पर बात करते हैं। यह पेपर उन स्तर, विधियों और मॉडल की जांच करता है। जिनके साथ विषय का अध्ययन किया गया है और उनमें से प्रत्येक के संभावित बिंदुओं पर चर्चा करता है।

विषय का विश्लेषण :-

सर्वेक्षण ड्रॉप आउट विश्लेषण के लिए शोधकर्ता को कम से कम दो पैरामीटर को ध्यान में रखना चाहिए।

1. प्रतिक्रिया दर :-

प्रतिक्रिया दर उन लोगों की संख्या है जिन्होंने अपने प्रतिक्रियाएं प्रस्तुत की है, जिन्हें कल नमूने से विभाजित किया गया है। यह देखा गया है की अधिकांश सर्वेक्षण के मामले में प्रतिक्रिया दर की औसत सीमा 10 : 15 प्रतिशत है।

2. पूर्णता दर :-

पूर्णता दर की गणना वास्तव में संपूर्ण सर्वेक्षण को पूरा करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या को सर्वेक्षण में शामिल होने वाले कुल उत्तरदाताओं की संख्या से विभाजित की जाती है।

एक शोध सर्वेक्षण ड्रॉप आउट विश्लेषण क्यों आयोजित किया जाना चाहिए?

1. शोधकर्ताओं के लिए प्रभावी सर्वेक्षण बनाना बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिसमें ड्रॉप आउट दर कम हो। सर्वेक्षण ड्रॉपआउट विश्लेषण करने से ऐसे कारकों के बारे में जानकारी मिलती है।
2. सर्वेक्षण ड्रॉप आउट विश्लेषण परिणाम के आधार पर ही प्रश्नों का प्रवाह तय किया जा सकता है।

ड्रॉप आउट विश्लेषण :–

क्लिनिकल ट्रायल से ड्रॉप आउट होना आम बात है और यह अध्ययन के नतीजे को प्रभावित कर सकता है। भले ही ट्रायल के अलग–अलग हिस्सों में ड्रॉप आउटडोर एक जैसी दिखे। ड्रॉप आउट सांख्यिकीय विश्लेषण विशिष्ट डेटा विश्लेषण वीडियो को संदर्भित करता है जिसका उपयोग या सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। इस विधि में हम अज्ञात समस्या को सरल भागों में विभाजित करते हैं और फिर अवलोकन करते हैं कि समाधान ज्ञात करने के लिए इन्हें कैसे पुनः संयोजित किया जा सकता है।

विश्लेषण की इकाई किसी शोध परियोजनाओं के लिए सबसे छोटा स्तर है। विश्लेषण की सही इकाई चुनना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपको अपने डेटा के बारे में अधिक सटीक निष्कर्ष निकालने में मदद करता है।

विश्लेषण की इकाई क्या है?

विश्लेषण की इकाई डाटा सेट में सबसे छोटा तत्व है जिसका उपयोग किसी घटना की पहचान करने और उसके वर्णन करने के लिए किया जा सकता है अथवा सबसे छोटी इकाई जिसका उपयोग किसी विषय के बारे में डाटा एकत्र करने के लिए किया जा सकता है। भारत में विद्यालय छोड़ने की दर को कैसे कम करें यह एक विचारणीय प्रश्न है। स्कूल के बुनियादी ढांचे में सुधार ड्रॉपआउट दरों को कम करने में महत्वपूर्ण है। कई बच्चे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण विद्यालय छोड़ देते हैं। समुदायों सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय कारकों के साथ–काम करके CRY सुनिश्चित करता है कि विद्यालयों में पर्याप्त कक्षाएं, स्वच्छ पानी और स्वच्छता उपलब्ध है कि नहीं। यू डी आई एस ई (UDISE) 2021–22 के मुताबिक भारत में स्कूलों में ड्रॉप आउटडोर 12.6% है। यह दर माध्यमिक स्तर (कक्षा 9–10) पर सबसे ज्यादा है। वहीं प्राथमिक स्तर (कक्षा 1–5) पर ड्रॉप आउट दर 1.5% और उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6–8) पर 3% है। UDISE के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में प्राथमिक स्तर पर विद्यालयों में कल ड्रॉप आउटदर 1.5% है। जो पिछले वर्ष की तुलना में कम है।

विद्यालय छोड़ने की दर को लेकर कुछ खास बातें :–

– शिक्षा के सभी स्तरों पर लड़कियों की तुलना में लड़कों के लिए ड्रॉपआउट दर ज्यादा है।
– ड्रॉपआउट दर सबसे ज्यादा भारतवर्ष में उड़ीसा जैसे राज्य में है जहां 27.3 प्रतिशत है।

भारत में स्कूल छोड़ने की समस्या को काम करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार माता–पिता और समुदायों के बीच जागरूकता पैदा करना जरूरतमंद छात्रों को वित्तीय सहायता देना और बाल श्रम से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देना होगा। विद्यालय छोड़ने के सबसे बड़े कर्म में घरेलू कामों में मदद, आर्थिक स्थिति और रुचि की कमी शामिल है। UDISE 21–22 के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में प्राथमिक स्तर पर विद्यालयों में कुल ड्रॉप आउट डर 1.5% है जो पिछले वर्ष से 1.8% की दर से काम है।

निष्कर्ष :-

विद्यालय छोड़ने की समस्या सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आम बात हो गई है। ड्रॉप आउट को कम करने के लिए माता–पिता की सहभागीता उनसे बातचीत खेलों में भागीदारी और रोल मॉडल होना मजदूर होता है। ड्रॉप आउट में वैसे बच्चों को ज्यादातर देखा गया है कि वह परिवार की मदद के लिए कहीं ना कहीं रोजगार में लिप्त रहते हैं। विद्यालय की गुणवत्ता भी ड्रॉप आउट के लिए कुछ हद तक जिम्मेदार होती है और इसकी रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता की काफी आवश्यकता है। सभी को सरकार के द्वारा प्रदत्त सारी योजनाओं को ग्रामीण के जमीनी स्तर तक बताना होगा और शिक्षा कितनी जरूरी है बाल्यावस्था से लेकर प्रौढ़ावस्था तक कितनी जरूरी होती है यह काफी आवश्यक है। शिक्षा मानव का बहू मुख्य विकास करता है और समाज को एक नई दिशा प्रदान करती है हमें राष्ट्र के नाम निर्माण में नौनिहालों को अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करना होगा ताकि हमारा राष्ट्र एक संबल विकसित सुदृढ़ और पूरे विश्व मे अग्रगामी बने।

संदर्भ :-

1. फार्मिंग ड्रॉप आउट नोटिस ओं थे पॉलिटिक्स ऑफ एन अर्बन हाई स्कूल (सनी सीरीज टीचर एंपावरमेंट एंड स्कूल रिफॉर्म), लेखक मिशेलफाइन, पब्लिकेशन स्टेट यूनिवर्सिटी का न्यूयॉर्क 5 मार्च 1991
2. लेसन फ्रॉम ए थर्ड ग्रेड ड्रॉप आउट में, लेखक ऋषि रिग्वे, प्रकाशक थॉमस नेल्सन 2017
3. डोंट ड्रॉपआउट ऑन यू, लेखक व्हिटनीडी स्मिथ और ड्वेन ग्राहम, प्रकाशक आउट स्कर्ट्सप्रेम 30 अप्रैल 2019
4. इंश्योरिंग दैट नो चाइल्डईस लेफ्टबिहाइंड, लेखक जे. डी. जॉन्स, पब्लिकेशन यूनिवर्स 1 अगस्त 2018

मोबाइल – 9934039915

E-mail : rajivnamrata2002@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 131-135

दक्षिण भारत की कोरागा जनजाति : एक अंतदृष्टि अध्ययन

नयना जैन, शोधार्थी
डॉ० सुमन कौशिक, मार्गदर्शिका
सी० एम० आर विश्वविद्यालय, बैंगलुरु।

'कोल किरात भील्ल, बनवासी मधु, सूचि सुंदर स्वादु सुधा सी।
भरि भरि परन पुती रचि रूरी, कंदमूल फल आखर जुरि।
सबहि देहि कर विनय प्रनामा, कहि कहि स्वाद भेद गुण नामा।
देहि लोग बहु मोल न लेंही, फेरत राम दोहाई देही।।'[1]

उक्त चौपाई तुलसीदास के रामचरितमानस के अयोध्याकांड से हैं। भगवान राम के वन गमन के समय निषादराज (श्रंगवेरपुर के आदिवासी राजा तथा राम के बाल सखा जिन्होंने केवटराज से कहकर राम को गंगा पार करवायी) की प्रजा जिसमें कोल, किरात, भील वनवासी भी शामिल थे। भगवान राम की खोज में निकले भरत तथा समस्त अयोध्यावासियों का उनके क्षेत्र में पहुंचने पर कंदमूल तथा फल से सबका स्वागत करते हैं। शबरी जिसने राम को अपना झूठा फल खिलाया वह भी एक आदिवासी ही थी। महाभारत में भी जनजातियों का उल्लेख मिलता है। एकलव्य नामक भील जिसने द्रोणाचार्य को गुरु दक्षिणा में अपना अंगूठा अर्पित कर दिया था जिसका दंतकथाओं में एक आदर्श शिष्य के रूप में चित्रण किया जाता है। मुंडाओं तथा नागाओं ने युद्ध के समय कौरवों की ओर से पांडवों के विरुद्ध लड़ने का दावा किया है। भीम का पुत्र घटोत्कच जिसने महाभारत युद्ध में असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया उसकी मां भी जनजाति से थी। अर्जुन ने भी एक नागा राजकुमारी चित्रांगदा से विवाह किया था।

प्राचीन काल से जनजातीय समुदाय के लिए वनवासी, गिरिवासी या अरण्यवासी शब्द का प्रयोग किया जाता रहा है क्योंकि जनजाति समुदाय प्रकृति प्रेमी होते हैं तथा वनों से उनका गहरा प्रेम होता है। ये लोग प्रकृति के उपासक होते हैं तथा उनकी आजीविका अधिकांशतरू वनों पर ही निर्भर होती है। इनका निवास स्थान मूलतः निर्जन स्थानों, पर्वतों तथा वनों के समीप पाया जाता है। आज इन्हें आदिवासी, आदिम जाति, जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति आदि नाम से संबोधित किया जाता है। इन्हें आदिवासी इसलिए कहा जाता है क्योंकि आदिकाल से यह भारत के निवासी माने जाते हैं। ये अपनी अनोखी सांस्कृतिक विरासत से भारतीय संस्कृति को विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं।

डॉ० श्रीनाथ शर्मा के मतानुसार, 'भारतीय समाज में प्रागैतिहासिक काल से लेकर आज तक आदि समूहों एवं वनवासियों का उल्लेख प्राप्त होता है। वैदिक एवं उत्तर वैदिक काल में जनजातियों के नाम भी उल्लेखित

है। जनजाति या आदिम जाति 'ट्राइब' Tribes शब्द का हिंदी रूपांतरण है।'[2]

सामाजिक मानवशास्त्री घुर्ये जनजाति समुदाय को पिछड़े हिंदू मानते हैं। यानि सामाजिक व सांस्कृतिक दृष्टि से यह हिंदू समाज के ही अंश हैं।

जनजाति समुदाय का इतिहास यशस्वी रहा है। इनका भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह समुदाय युद्ध कौशल में भी निपुण रहा है। सन 1832 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से पूर्व वीर बुधु भगत ने लरक्का संघर्ष नामक आंदोलन प्रारंभ किया । लरक्का संघर्ष जनजाति समुदाय को जमीन से बेदखल करने, अंग्रेजी शासन के विरुद्ध तत्कालीन राजाओं एवं जमींदारों के हाथ में देने और पेय पदार्थ पर आबकारी लागू करने व अत्याचार के विरोध में हुआ था । इसी प्रकार बिरसा मुंडा ने 23 वर्ष की अल्प आयु में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध ऐसा विद्रोह किया कि उसके विद्रोह की आग ब्रिटेन तक पहुंच गई थी। इसके अतिरिक्त संथाली विप्लव, भील विद्रोह, बस्तर विद्रोह, गोंड विद्रोह आदि भारत की जनजातियों में जागरूकता के कुछ प्रसिद्ध उदाहरण है।

भारत विविधताओं का देश है जहां जातीय सांस्कृतिक, भाषाई तथा भौगोलिक रूप से अनेक प्रकार की जनजातियां पाई जाती है। जनजातियों का जीवन प्रकृति से जुड़ा है और उनका अस्तित्व भी भौगोलिक परिवेश पर आधारित हैं। जनजातियां न केवल अपनी सांस्कृतिक विशेषताओं के लिए जानी जाती हैं, अपितु उनके भौगोलिक वितरण ने भी उनके जीवन शैली को प्रभावित किया है। बी. एस. गुहा ने भौगोलिक क्षेत्र को देखते हुए भारतीय जनजातियों को तीन मंडलों में वर्गीकृत किया है :–

1. उत्तरी पूर्वी तथा उत्तरी मंडल।
2. केंद्रीय अथवा मध्य मंडल।
3. दक्षिणी मंडल।

उत्तरी पूर्वी तथा उत्तरी मंडल में कुकी, लुशाई, खाली तथा गारो समेत अनेक जनजातियाँ निवास करती हैं। केंद्रीय तथा मध्य मंडल में मुंडा, संथाल, ओराँव, बिराहोर, भटकारी, कोल, भील, कोराकु, अगरिया, भाडिया, गोंड आदि जनजातियाँ पाई जाती हैं। दक्षिणी मंडल में कड़ार, इरुला, कोटा, टोड़ा, लंबाडी, कुरंबा, कोरागा, बढ़ागा, मालवादिन आदि जनजातियां जंगलों में बसती है। हम यहां दक्षिण भारत की कोरागा जनजाति पर चर्चा करेंगे।

दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य के तटीय जिलों विशेष रूप से दक्षिण कन्नड़, उडुपी और केरल के कासरगोड जिले में बसने वाली कोरागा जनजाति को परंपरागत रूप से समाज के निचले पायदान पर रखा गया है। कोरागा समुदाय सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से हाशिये पर होने के बावजूद अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं। यह जनजाति मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति (ST) के अंतर्गत आती है और भारत के संवैधानिक संरक्षण के तहत कई विशेषाधिकार प्राप्त करती हैं। वर्तमान में कर्नाटक में लगभग 14800 और केरल में 1600 के करीब कोरागा जनसंख्या है।

कोरागा जनजाति की उत्पत्ति के विषय में स्पष्ट ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है, किंतु कुछ विद्वान इन्हें प्राचीन दक्षिण भारतीय द्रविड़ जातीय समूहों से संबंधित मानते हैं। कोरागा शब्द की उत्पति 'कोरा' शब्द से हुई है, जिसका संबंध सूर्य भगवान से है, इसलिए कोरागा जाति सूर्य भगवान की पूजा–उपासना में अधिक

विश्वास रखते है। इन्हे 'कोरुवर' भी कहा जाता है जिसका अर्थ है 'पहाड़ी लोग'। डॉ. एल. के. अय्यपन के अनुसार, 'कोरागा दक्षिण भारत के आदिम निवासियों में से एक है जो द्रविड़ जातीय समूह से संबंधित हो सकते हैं।'[3] अन्य विद्वान इनकी उत्पत्ति प्रोटो–आस्ट्रलॉयड जातीय समूह से मानते हैं। कुछ लोक कथाओं में इन्हें प्रारंभिक वानर जातियों से जोड़ा जाता है, जो दक्षिण भारतीय वनों में निवास करते थे। कोरागा अनेक ब्रह्मगोत्रीय वंशो या संप्रदायों में विभाजित हैं। जो कोरागा समतल भूमि पर रहते है, उन्हे 'कुन्टु' कोरागा तथा जो कोरागा जंगल में रहते है, उन्हे 'सप्पू' कोरागा कहा जाता है। उनके वंश को 'बली' कहा जाता हैं। कोरागा समुदाय में 17 बली पाये जाते हैं।

इतिहासकारों का मानना है कि कोरागा कभी अपने क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से निवास करते थे, किंतु ब्राह्मणवादी सामाजिक संरचना के उभार के साथ–साथ इन्हें समाज के निम्नतम स्तर पर धकेल दिया गया। औपनिवेशिक काल में इन पर 'जनजातीय असभ्यता' की मोहर लगा दी गई और यह 'आदिवासी श्रमिक वर्ग' में परिवर्तित हो गए।

कोरागा जनजाति की भाषा 'कोरागी' कहलाती है, जो द्रविड़ भाषा परिवार से संबंधित हैं। आधुनिक युग में अधिकांश कोरागा लोग कन्नड़, तुलु और मलयालम जैसी स्थानीय भाषाओं का प्रयोग अपने दैनिक जीवन में करते हैं, किंतु कोरागी भाषा का प्रयोग पारंपरिक रीति–रिवाजों गीतों और अनुष्ठानों में आज भी किया जाता है। भाषा संरक्षण की दृष्टि से कोरागी भाषा अब लुप्त होने के कगार पर है।

कोरागा जनजाति के धार्मिक विश्वास मुख्य रूप से प्रकृति पूजा, पूर्वज पूजा और स्थानीय देवी–देवताओं की पूजा पर आधारित है। इन्होंने हिंदू धर्म के कई देवी–देवताओं को भी अपने विश्वास में शामिल कर लिया है, किंतु 'कोरगज्जा' और 'मरगज्जा' उनके पारंपरिक देवता के रूप में विशेष पूजनीय है, जिसे वे अपना रक्षक देवता मानते हैं। 'कोरगज्जा काना' उत्सव विशेष रूप से प्रसिद्ध है जिसमें कोरागा जनजाति के लोग मिलकर देवता की आराधना करते हैं।

'भूत कोला' भी इनका एक प्रकार का पारंपरिक नृत्य अनुष्ठान है, जिसमे भूतों और आत्माओं (पंजुरली, कल्लुर्ती, कोरथी, गुलिगा आदि) को प्रसन्न करने के लिए रंग–बिरंगे परिधान पहनकर नृत्य किया जाता है। कोरागा अन्य तुलु भाषी समुदायों के त्योहारों में भी भाग लेते हैं। कोरागा समुदाय का 'पडनन' लोकगीत और 'ढोलू' और 'वूटे' (ढ़ोल और बांसुरी) वाद्य यंत्र के साथ किया जाने वाला नृत्य अत्यंत प्रसिद्ध है। इनके गीतों में जीवन संघर्ष, प्रकृति पूजा और सामाजिक जीवन की कहानियाँ परिलक्षित होती है।

कोरागा समाज में वरिष्ठों का सम्मान, सामूहिक निर्णय प्रक्रिया और पारंपरिक सहयोग की भावना वर्तमान युग में भी विद्यमान है। कोरागा समुदाय में परंपरागत रूप से 'गुरु' अथवा 'पाटेल' नामक व्यक्ति समाज का प्रमुख होता है, जो जनजातीय परंपराओं का संरक्षण करता है और सामाजिक विवादों का निपटारा करता है। कोरागा समुदाय के लोग आज भी अपनी पारंपरिक बस्तियों में सामूहिक रूप से निवास करते हैं। कोरागा जनजाति में पारंपरिक रूप से मातृसत्तात्मक व्यवस्था प्रचलित है। इसका तात्पर्य यह है कि परिवार की वंश परंपरा और संपत्ति का उत्तराधिकार महिलाओं के आधार पर चलता है। परिवार में महिलाओं का स्थान उच्च होता है और वह सामाजिक निर्णय में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कोरागा परिवार में पुत्र तथा पुत्री में संपत्ति का बंटवारा बराबर भाग से किया जाता है। कोरागा समाज में संयुक्त परिवार प्रणाली देखने को मिलती है, जहां कई पीढ़ियां

एक साथ रहती है। परिवार का प्रधान 'कुडुम्बा' कहलाता है। कोरागा समाज में विवाह सरल और सामुदायिक परंपराओं के अनुसार होता है। विवाह के समय गोत्र और कुल पर विशेष ध्यान दिया जाता है। विवाह संबंध पारिवारिक सहमति से तय किए जाते हैं। विवाह सामान्यतः समुदाय के भीतर ही होते हैं और इनमें दहेज जैसी कुप्रथा नहीं पाई जाती है। विवाह समारोह में धार्मिक अनुष्ठानों, लोकगीतों और सामूहिक भोज का आयोजन किया जाता है।

पारंपरिक रूप से कोरागा जनजाति वनों पर निर्भर रहती थी। वे पत्तों से बनी झोपड़ियों (कोप्पु) में रहते थे और पत्तों के कपड़े पहनते थे। जंगलों से लकड़ी, शहद और औषधीय जड़ी–बूटियां इकट्ठा कर यह जीवन यापन करते थे। किंतु अब इनका जीवन मुख्यतः श्रम पर आधारित है। यह लोग कृषि मजदूरी, निर्माण श्रमिक, बाँस तथा लकड़ी के हस्तशिल्प निर्माण और घरेलू सहायकों के रूप में कार्य करते हैं। कुछ कोरागा समुदाय के लोग नगरपालिकाओं में सफाई कर्मी, दिहाड़ी मजदूर, होटल उद्योग में छोटे कर्मचारियों के रूप में कार्य कर रहे हैं। हालांकि हाल ही के कुछ वर्षों में सरकारी योजनाओं के तहत कुछ लोग शिक्षा पाकर सरकारी नौकरियां तथा सामाजिक कार्यों में भी प्रवेश कर रहे हैं।

कोरागा जनजाति अनुसूचित जनजातियों के अंतर्गत आरक्षित हैं फिर भी इनकी साक्षरता दर बहुत कम है। सामाजिक अर्थशास्त्रीय अध्ययन के अनुसार कोरागा समुदाय के केवल 22.9% लोग ही प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर पाए हैं तथा केवल 2.2% जन ने हीं उच्च माध्यमिक शिक्षा पूर्ण की है। सन 2011 के सरकारी सर्वे के अनुसार कोरागा जनजाति की साक्षरता दर लगभग 72.7% थी जो की अन्य जनजातियों की औसत साक्षरता (62.1%) से बेहतर है। एक क्षेत्रीय सर्वेक्षण (उडुपी जिला) में वास्तविक जीवन के अनुभव अधिक चिंताजनक हैं, विशेषकर ग्रामीण और वंचित समूहों में बच्चों का स्कूल छोड़ना, शिक्षा तक पहुंच की समस्या अभी भी गहरी है। 40.7% लोग आज भी इस समुदाय के अशिक्षित हैं।

कर्नाटक सरकार ने कोरागा जनजाति के कल्याण के लिए कोरागा कल्याण विकास बोर्ड की स्थापना की है, जो शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में योजनाएं लागू कर रहा है। कोरागा समुदाय को अनुसूचित जनजाति (ST) और विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (PVTG) के तहत आरक्षण का लाभ शिक्षा, सरकारी नौकरियों और राजनीतिक क्षेत्र में प्राप्त हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही 'जनजातीय आवास योजना', 'जनजातीय छात्रवृत्ति योजना' और 'कौशल विकास कार्यक्रम' उनके उत्थान में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। सन 2024 में केरल के कासरगोड जिले में 530 कोरागा परिवारों को भूमि प्रदान की गई, जो उनके जीवन स्तर में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कोरागा जनजाति दक्षिण भारत की सांस्कृतिक विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनकी विशिष्ट सामाजिक संरचना, मातृवंशी व्यवस्था और पारंपरिक आजीविका उन्हें अन्य जनजातियों से अलग बनाती है। 'अजालु प्रथा' एक अमानवीय और अपमानजनक परंपरा है, जिसके अंतर्गत कोरागा जनजाति के लोगों को उच्च जातियों के लोगों के लिए 'शुद्धिकरण' की रस्में करने के लिए मजबूर किया जाता था। इस प्रथा के अंतर्गतः कोरागा समुदाय के लोगों को मनुष्य के बाल, नाखून और अन्य अपवित्र माने जाने वाले चीजें एकत्र करनी होती थीं। उन्हें इन चीजों को अपने शरीर पर मलकर शुद्धिकरण संस्कार करना होता था। यह काम सामाजिक या धार्मिक आयोजनों के समय करवाया जाता था, जिसमें उन्हें अपमानजनक वस्त्र पहनाए जाते और अपमान सहना

पड़ता। यह प्रथा जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता का चरम उदाहरण है। इसमें कोरगा समुदाय को निम्न, अशुद्ध और अछूत समझा जाता था। यह उनकी मानव गरिमा का हनन करती थी और उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से उत्पीड़ित करती थी। भारत सरकार और राज्य सरकारों ने इस प्रथा को गैरकानूनी घोषित कर दिया है। मानव अधिकार संगठनों और न्यायालयों के हस्तक्षेप से इस प्रथा पर काफी हद तक रोक लगी है। लेकिन कुछ क्षेत्रों में यह अब भी अंधविश्वास या सामाजिक दबाव के चलते गुप्त रूप से चलती रहती है।

अजालु प्रथा भारतीय समाज की उन कुरीतियों में से एक है जिसे मिटाना आवश्यक है। यह केवल कोरागा समुदाय का नहीं, बल्कि मानवता का अपमान है। कोरागा जनजाति का इतिहास संघर्ष और उपेक्षा से भरा है, लेकिन उनकी संस्कृति और सामाजिक संगठन उनकी शक्ति का प्रमाण है। वर्तमान में सामाजिक समरसता, शिक्षा और आर्थिक विकास के साथ कोरागा समाज भी मुख्य धारा में सम्मिलित हो रहा है। हालांकि सामाजिक बहिष्कार, आर्थिक पिछड़ापन, शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, भाषा और संस्कृति के क्षरण जैसी चुनौतियां उनके अस्तित्व और विकास के लिए गंभीर खतरा है। यदि सरकार, समाज और स्वयं कोरागा समुदाय एकजुट होकर प्रयास करें तो इनका भविष्य उज्ज्वल और सशक्त हो सकता है।

संदर्भ सूची :-

1. तुलसीदास गोस्वामी, श्रीरामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड।
2. डॉ. श्रीनाथ शर्मा, जनजातीय समाज, पृ. 11
3. डॉ. एल. के. अय्यपन, साउथ इंडियन ट्राइब्स एंड कास्ट।

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 136–142

माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत दिव्यांग बालक–बालिकाओं की सांवेगिक बुद्धि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

डॉ. राजपाल सिंह यादव
सहायक आचार्य (शिक्षा विभाग), सिंघानिया यूनिवर्सिटी, पचेरी बड़ी, झुंझुनू (राज.)
केदार सिंह
शोधार्थी (शिक्षा विभाग), सिंघानिया यूनिवर्सिटी, पचेरी बड़ी, झुंझुनू (राज.)

सारांश :–

भौक्षिक उपलब्धि विद्यार्थियों द्वारा किये जाने वाले कक्षा–कक्षों की क्रिया होती है, जो विद्यार्थियों द्वारा सम्पूर्ण सत्र में अधिगम की जाती है जो कि विभिन्न परीक्षाओं द्वारा ज्ञात की जाती है। भौक्षिक उपलब्धि, कक्षाकक्ष का वातावरण, पारिवारिक वातावरण, सृजनात्मकता, बुद्विलब्धि, माता–पिता का अपने बच्चों के प्रति व्यवहार, कि ोरावस्था एवं बाल्यावस्था आदि घटकों से प्रभावित होती है। दिव्यांगता से तात्पर्य किसी स्थायी शारीरिक दोष से युक्त बालकों से है, शारीरिक दोष के कारण यह बालक सामान्य बालकों की भांति सामान्य क्रियाओं में भाग लेने से वंचित हो जाते हैं। शारीरिक और मानसिक बाधित बालक को विशिष्ट बालकों की श्रेणी में रखा जाता है। समावेशी शिक्षा का अर्थ दिव्यांग (विशिष्ट) बच्चों को सामान्य विद्यालयों के साथ जोड़ने की प्रक्रिया है उन बच्चों के अन्दर छुपी प्रतिभाओं को समाज के सामने लाने के लिए यह शिक्षा का अभिनव प्रयास है जिससे वह खुद को समाज से अलग नहीं समझे। शिक्षा के क्षेत्र में देखा जाए तो संवेगात्मक बुद्धि का शिक्षण प्रक्रिया से सीधा सम्बन्ध है। हम जानते हैं कि शिक्षा का कार्य बालक तथा बालिकाओं का सर्वांगीण विकास करना है। संवेगात्मक बुद्धि किसी भी व्यक्ति के जीवन की प्रत्येक अवस्था में अहम भूमिका अदा करती है। विद्यार्थी की किशोरावस्था में तो संवेगात्मक बुद्धि उनके व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

बीज शब्द :– माध्यमिक स्तर, दिव्यांग, सांवेगिक बुद्धि, शैक्षिक उपलब्धि।

प्रस्तावना :–

ि ाक्षा व्यक्ति की दक्षता बढ़ाने का साधन मात्र नहीं है बल्कि लोकतंत्र में सक्रिय भागेदारी एवं सामाजिक जीवन स्तर के सुधार के लिए भी आव यक है। बालक ही दे ा का भविश्य होते हैं। अतः बालकों को ि ाक्षा प्रदान कराना किसी भी राश्ट्र का प्रथम कर्तव्य होता है। इन बालकों में एक बड़ी संख्या निः ाक्त बालकों की है जिनकी ि ाक्षा के लिए भारत सरकार एवं स्वयंसेवी संगठनों ने कई कार्यक्रम भुरू किये। समावे ाी ि ाक्षा एक ऐसी

अवधारणा है जिसमें दिव्यांग विद्यार्थियों को समान विद्यार्थियों के साथ समान रूप से सभी भौक्षिक गतिविधियों में सम्मिलित करके भौक्षिक अवसर व सुविधायें उपलब्ध कराना है। इन दिव्यांग वर्ग के बच्चों की ि ाक्षा के लिए भारत सरकार ने समावे ाी ि ाक्षा लागू की।

भारत में समावे ाी ि ाक्षा की द ाा और दि ाा में समावे ाी ि ाक्षा की वर्तमान स्थिति एवं उसके विकास में आने वाली बाधाओं को द ार्शाया है। ि ाक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। भारत सरकार ने भी निः ाक्त व्यक्तियों के समान अधिकार तथा ि ाक्षा और समावे ाीकरण हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं परिवार कल्याण एवं श्रम मंत्रालय के अधीन अनेक योजनाओं एवं नीतियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जैसे 1974 में समेकित बाल विकास योजना, 1986 राश्ट्रीय ि ाक्षा नीति, 1994 में जिला प्राथमिक ि ाक्षा कार्यक्रम में सुनि ित किया गया कि 14 वर्श तक के सभी बच्चों को गुणवत्तायुक्त निः ाुल्क एवं अनिवार्य ि ाक्षा प्रदान की जायेगी। 1995 में दिव्यांग जन कानून, 1999 में राश्ट्रीय न्यास अधिनियम, दिव्यांगों की ि ाक्षा के लिए प्रारम्भ किये गये।

ि ाक्षक ि ाक्षा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण अंग होता जिसके संरक्षण एवं निर्दे ान में छात्रों की ि ाक्षा सम्पन्न होती है। बच्चे ि ाक्षक को अपने आद ार्श रूप में देखते हैं किन्तु यदि ि ाक्षक बच्चे के समाज, संस्कृति परिवे ा के प्रति संवेदन ाील नहीं हैं, बच्चे के नजरिये का सम्मान नहीं करता है, समूह वि ोश के प्रति हेय दृश्टिकोण रखता है तो बच्चे का अपने समाज, संस्कृति, परिवे ा के प्रति नजरिया बदल जाता है और बहुधा वह स्वयं को हीन–दीन समझने लगता है। वंचित वर्ग एवं वि ोश आव यकता वाले बच्चों के साथ अक्सर ऐसा देखने में आता है। अतः यह बच्चे धीरे–धीरे विद्यालय से दूरी बना लेते हैं। साथ ही साथ विद्यालयी पाठ्यचर्या की खामिया तथा दोशपूर्ण मूल्यांकन प्रणाली भी समावे ाी ि ाक्षा प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करती है।

भारत में समावे ाी ि ाक्षा को सफल बनाने के लिए कुछ बिन्दुओं पर प्रका ा डाला है जिसमें यह नि ित करना कि 18 वर्श की उम्र तक के दिव्यांग बच्चों को भौक्षिक वातावरण उपलब्ध कराकर निः ाुल्क ि ाक्षा प्रदान की जाए एवं दिव्यांग बच्चों को सामान्य विद्यालयों में समेकित किया जाये। सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों का क्रियान्वयन भाहरी क्षेत्रों तक हीं सीमित रह जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका क्रियान्वयन उचित रूप से नहीं हो पाता है। माध्यमिक स्तर पर छात्र एवं छात्राओं में समायोजन सम्बन्धी समस्या अधिक पायी जाती है। इस स्तर पर किशोरों में संवेगात्मक अस्थिरता व रूचि सम्बन्धी परिवर्तनों के फलस्वरूप समायोजन सम्बन्धी समस्यायें अधिक विधमान रहती हैं। इस स्तर पर विद्यार्थी कभी अपने को बालक समझता है और अपने से बड़ों के साथ समायोजन नहीं स्थापित कर पाता है और कभी स्वयं को प्रौढ़ समझता है और बालकों के साथ समायोजन नहीं स्थापित कर पाता है। इस समय वे भिन्न–भिन्न समाज के सदस्य होते हैं, इन भिन्न–भिन्न समाज के व्यवहारों व मानदण्डों में बड़ी भिन्नता होती है। जिसके कारण उनके सामने समायोजन की समस्या विकराल रूप में उपस्थित होती है। समायोजन से तात्पर्य वास्तविकता के धरातल पर विभिन्न परिस्थितियों में स्वयं को ढालने की प्रक्रिया है। समायोजन एक अनवरत् चलने वाली प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति अपने अन्दर उपस्थित गुणों को संगठित कर अपने जीवन मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करता है। जो व्यक्ति स्वयं को परिस्थितियों के अनुसार ढाल कर सामंजस्य स्थापित कर लेता है, वह व्यक्ति अपनी योग्यता व उपलब्धि का सही प्रदर्शन कर पाता है।

अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व :-

उपलब्धि से तात्पर्य किसी भी क्षेत्र में अर्जित ज्ञान से नहीं हैं। सामान्यतः हम उपलब्धि को भौक्षिक क्षेत्र में ही देखते हैं। लेकिन यह जीवन के सभी क्षेत्रों से सम्बन्धित होती हैं। अतः उपलब्धि का तात्पर्य विद्यार्थियों द्वारा कक्षा में विभिन्न विशयों में प्राप्त अंकों से नहीं अर्थात् उपलब्धि विद्यालय में बालक के अध्ययन विशय के अर्जित ज्ञान से है। ि ाक्षा भाब्दकोश के अनुसार कु ालतापेक्षी क्षेत्र या ज्ञान के किसी क्षेत्र में प्राप्त दक्षता का स्तर जिसे साधारणतः विद्यालयी परीक्षा द्वारा प्राप्त किया जाता है।

अन्य अर्थ में भौक्षिक उपलब्धि का प्रमुख आ ाय ि ाक्षा के क्षेत्र में प्राप्त परिणाम से है। भौक्षिक उपलब्धि विद्यार्थियों द्वारा किये जाने वाले कक्षा–कक्षों की क्रिया होती है, जो विद्यार्थियों द्वारा सम्पूर्ण सत्र में अधिगम की जाती है जो कि विभिन्न परीक्षाओं द्वारा ज्ञात की जाती है। भौक्षिक उपलब्धि, कक्षाकक्ष का वातावरण, पारिवारिक वातावरण, सृजनात्मकता, बुद्विलब्धि, माता–पिता का अपने बच्चों के प्रति व्यवहार, कि ाोरावस्था एवं बाल्यावस्था आदि घटकों से प्रभावित होती है। स्पश्ट रूप में भौक्षिक उपलब्धि विद्यार्थियों की सभी उपलब्धियों को प्रभावित करती है तथा स्वयं भी अन्य गतिविधियों व उपलब्धियों से प्रभावित होती है।

दिव्यांगता से तात्पर्य किसी स्थायी शारीरिक दोष से युक्त बालकों से है, शारीरिक दोष के कारण यह बालक सामान्य बालकों की भांति सामान्य क्रियाओं में भाग लेने से वंचित हो जाते हैं। शारीरिक और मानसिक बाधित बालक को विशिष्ट बालकों की श्रेणी में रखा जाता है।

कुछ बालक ऐसे होते हैं जिनमें भिन्न प्रकार के शारीरिक व मानसिक बाधिता होती है। है। बहरा–अन्धा बालक, मानसिक पक्षाघात और मेरूदण्ड में वक्र से पीड़ित बालक, गूँगा–बहरा, अन्धा बालक, मिर्गी और अपंगता से पीड़ित बालक, मेरूदण्डीय द्वि ााखी और गूँगेपन से पीड़ित बालक, माँसपे ाीय डायसट्रोकीज पाँवफिरा–वाक् दोश से पीड़ित बालक, बहरा, एक आँख वाला, हथकटा, वाक् दोश से पीड़ित बालक आदि भाारीरिक रूप से बाधित बालक होतें हैं।

वै ि वक स्तर पर देखा जाये तो प्रत्येक 20वाँ व्यक्ति किसी न किसी दिव्यांगता से ग्रस्त है। भारत में दिव्यांगता की समस्या न सिर्फ अधिक है बल्कि धीरे–धीरे बढ़ भी रही है। वर्श 2011 की जनगणना के आँकड़ों से पता चलता है कि भारत में दिव्यांगों की कुल जनसंख्या वर्श 2001 के 21.9 मिलियन से बढ़कर वर्श 2011 में 26.8 मिलियन हो गई है। दिव्यांग जनसंख्या में बढ़ोत्तरी होने के साथ–साथ ि ाक्षा ाास्त्रियों के मानस पटल पर दिव्यांगों के ि ाक्षण अधिगम की जटिल समस्या अभी बनी हुई है। यद्यपि भारत का संविधान अपने सभी नागरिकों के लिए समानता, स्वतंत्रता, न्याय व गरिमा सुनि ि चत करता है और स्पश्ट रूप से यह दिव्यांग व्यक्तियों सहित एक संयुक्त समाज बनाने पर जोर डालता है। हाल के वर्शों में दिव्यांगों के प्रति समाज का नजरिया तेजी से बदला है। यह माना जाता है कि दिव्यांग बालक दे ा के लिए मूल्यवान मानव संसाधन होते हैं। यदि इन्हें समान अवसर, इनके अधिकारों की सुरक्षा तथा समाज में पूर्ण भागीदारी के अवसर मिले तो नि ि चत ही गुणवत्तापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकते हैं। भारत में समावेशी विकास की अवधारणा कोई नई नहीं है। प्राचीन धर्मग्रन्थों का यह भी अवलोकन करें तो उनमें भी सभी लोगों को साथ लेकर चलने का भाव निहित है सर्वे भवन्तु सुखिनः।

समावेशी शिक्षा का आशय दिव्यांग विद्यार्थियों को सामान्य बच्चों के साथ बैठाकर सामान्य रूप से पढ़ाना

है, ताकि सामान्य व विशिष्ट आवश्यकताओं वाले बच्चों में कोई भेदभाव न रहे तथा दोनों तरह के विद्यार्थी एक दूसरे को ठीक ढंग से समझते हुए आसानी से सहयोग से पठन–पाठन के कार्य को कर सकें। समावेशी शिक्षा का एक व्यापक लक्ष्य यह भी प्रतीत होता है कि एक साथ शिक्षित होने पर भविष्य में समाज के अन्दर विशिष्ट आवश्यकता वाले व्यक्तियों के सरोकारों को आम लोग बेहतर ढंग से समझ सकें तथा उनमें उनके प्रति आपेक्षित संवेदनशीलता का विकास हो सके। समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करने का अपना एक राजनीतिक अर्थशास्त्र भी है। जो भूमण्डलीय या उदारीकरण की प्रक्रियाओं से प्रेरित है यह राजनीतिक अर्थशास्त्र इस मान्यता पर आधारित है कि सरकार को जन–कल्याण, सामाजिक तथा गैर उत्पादक कार्यों पर कम से कम खर्च करना चाहिए। विशिष्ट आवश्यकता बच्चों के लिए विशेष विद्यालय चलाना मंहगा सौदा है (वह भी दिव्यांगों की कम से कम पाँच श्रेणियों के लिए) इसलिए समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

समावेशी शिक्षा का अर्थ दिव्यांग (विशिष्ट) बच्चों को सामान्य विद्यालयों के साथ जोड़ने की प्रक्रिया है उन बच्चों के अन्दर छुपी प्रतिभाओं को समाज के सामने लाने के लिए यह शिक्षा का अभिनव प्रयास है जिससे वह खुद को समाज से अलग नहीं समझे।

वर्तमान में विशिष्ट शैक्षिक आवश्यकताओं वाले बालकों के लिए शिक्षा की दो प्रकार की व्यवस्थाएं है। एक वह जिन्हें हम विशेष विद्यालय कहते है, जो ज्यादातर शहरों मे स्थित आवासीय है, जिनका उदेद्श्य केवल एक प्रकार के विशिष्ट बालकों की विशिष्ट शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करना होता है, और दूसरा तरीका है कि उन्हें अन्य सभी बालकों के साथ आस–पड़ोस के सामान्य विद्यालय में भेजा जाये और वही उनकी विशिष्ट शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने की व्यवस्था की जायें। यदि बालक इस प्रकार के विद्यालय में जाता है तो वह अपने अन्य भाई–बहनों के समान अपने माँ बाप के साथ रह सकता है। दूसरा इस प्रकार के विद्यालयों में सभी बालक एक दूसरे से मिलजुल कर एक दूसरे से सीख सकते है। इसके अलावा बालक को बाद में अपने आपको दुनिया में समायोजित करने में सहायता मिलती है क्योंकि आखिरकार उसको रहना तो उसको उसी समाज में है जिसका वो हिस्सा होता है इसलिए क्यों न बालक को प्रारम्भ से ही उस माहौल में रखा जाये। जहाँ उसे विद्यालय की शिक्षा समाप्त करने के पश्चात् रहना है। इसलिए अच्छा है कि आरम्भ से बालक को मुख्यधारा वाले ऐसे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजा जाये जहाँ अन्य सामान्य बालक भी जाते है। इस अवधारणा के साथ समावेशी शिक्षा व्यवस्था प्रणाली का आरम्भ हुआ। समावेशी शिक्षा से तात्पर्य ऐसी शिक्षा प्रणाली से है जिसमें प्रत्येक बालक को चाहे वो विशिष्ट हो या सामान्य बिना किसी भेदभाव के, एक साथ, एक ही विद्यालय में, सभी आवश्यक तकनीकों व सामग्रियों के साथ, उनकी सीखने सिखाने के जरूरतों को पूरा किया जायें।

प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण :–

सांवेगिक बुद्धि – सीधे तौर पर संवेगात्मक बुद्धि का तात्पर्य मानसिक स्वास्थ्य से है, जिसका आशय व्यक्ति के द्वारा दैनिक जीवन में भावनाओं, इच्छाओं, आदर्शों, महात्वाकांक्षाओं तथा संवेगों में सन्तुलन बनाए रखने की योग्यता है। जिसके द्वारा वह जीवन की कठिनाईयों का पूर्णरूप से सामना कर सके तथा उनको स्वीकार करके उनमें आवश्यकतानुसार उपर्युक्त सुधार कर सके।

शैक्षिक उपलब्धि – शिक्षा प्रक्रिया को संचालित करने वाले व्यक्ति विभिन्न स्तरों के छात्रों के लिए शिक्षण उद्देश्य निर्धारित करते हैं तथा इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए शिक्षण अधिगम क्रियाओं का आयोजन करते है।

शैक्षिक उपलब्धि से तात्पर्य इन शिक्षण उद्देश्यों की प्राप्ति से है। विद्यार्थियों ने शैक्षिक उद्देश्यों को किस सीमा तक प्राप्त किया है यही उनकी शैक्षिक उपलब्धि को बताता है।

अध्ययन के उद्देश्य :-

माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत दिव्यांग बालक–बालिकाओं की सांवेगिक बुद्धि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

परिकल्पना :-

– माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत दिव्यांग बालक–बालिकाओं की सांवेगिक बुद्धि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक अन्तर नहीं है।

प्रस्तुत शोध न्यादर्श :-

प्रस्तुत अध्ययन में सम्भाव्य न्यादर्श विधि का चयन किया है। सम्भाव्य न्यादर्श के अर्न्तगत आने वाली यादृच्छिक प्रतिचयन (RANDOM SAMPLING) लाटरी विधि का प्रयोग किया है। अतः जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा मण्डल के कार्यालय से प्राप्त सूची के आधार पर लाटरी विधि द्वारा शोधकर्ता ने माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया है।

प्रस्तुत अध्ययन में आगरा मण्डल के माध्यमिक स्तर के सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं निजी विद्यालयों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 15 विद्यालयों से 200 दिव्यांग बालक–बालिकाओं का चयन किया गया।

शोध विधि :-

अध्ययन की प्रकृति को देखते हुए शोध विधि के रूप में सर्वेक्षण विधि का चयन किया गया है।

अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण :-

प्रस्तुत अध्ययन में डेनिमल द्वारा निर्मित संवेगात्मक बुद्धि परीक्षण का प्रयोग द्वारा निर्मित की गई मानकीकृत सांवेगिक बुद्धि सूची (Emotional Intelligence Scale) (EIS) का प्रयोग किया है।

प्रयुक्त सांख्यिकीय विधियाँ :-

– मध्यमान (Mean)
– मानक विचलन (Standard Deviation)
– मानक त्रुटि (D)
– क्रान्तिक अनुपात (C.R.)

विश्लेषण एवं व्याख्या :-

परिकल्पना – माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत दिव्यांग बालक–बालिकाओं की सांवेगिक बुद्धि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक अन्तर नहीं है।

तालिका

विद्यार्थी	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	मानक त्रुटि	क्रान्तिक अनुपात (t)	Df	सार्थकता स्तर
दिव्यांग बालक	100	40.40	6.453	0.911	1.09	198	0.05 पर सार्थक अन्तर नहीं है।
दिव्यांग बालिकायें	100	40.58	6.403				

उपरोक्त तालिका द्वारा माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत दिव्यांग बालक–बालिकाओं की सांवेगिक बुद्धि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत दिव्यांग बालकों की शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान 40.40 तथा मानक विचलन 6.453 है। माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत दिव्यांग बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि का मध्यमान 40.58 तथा मानक विचलन 6.403 है। उपरोक्त सारणी में मानक त्रुटि 0.911 है। अन्तर की सार्थकता ज्ञात करने के लिए टी का मान ज्ञात किया गया है। उपरोक्त सारणी में टी का मान 1.09 तथा Df 198 है। 0.05 सार्थकता स्तर पर प्राप्त मान सार्थक नहीं है। अतः दोनों समूह के अंतर सार्थक नहीं है, अर्थात शून्य परिकल्पना स्वीकृत होती है।

अतः कहा जा सकता है कि माध्यमिक स्तर पर माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत दिव्यांग बालक–बालिकाओं की सांवेगिक बुद्धि का उनकी शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक अन्तर नहीं है।

शैक्षिक निहितार्थ :–

शिक्षा के क्षेत्र में देखा जाए तो संवेगात्मक बुद्धि का शिक्षण प्रक्रिया से सीधा सम्बन्ध है। हम जानते हैं कि शिक्षा का कार्य बालक तथा बालिकाओं का सर्वांगीण विकास करना है। संवेगात्मक बुद्धि किसी भी व्यक्ति के जीवन की प्रत्येक अवस्था में अहम भूमिका अदा करती है। विद्यार्थी की किशोरावस्था में तो संवेगात्मक बुद्धि उनके व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् सभी छात्र एवं छात्राएँ अपने जीवन की किशोरावस्था में होता है। किशोरावस्था को मानव जीवन की सबसे संवेदनशील (Sensitive) अवस्था माना जाता है। इस अवस्था में विद्यार्थियों के संवेगों में पल–पल पर बदलाव आता रहता है। अतः माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् सभी छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि को उत्तम बनाए रखने हेतु यह आवश्यक है कि उनको एक ऐसा समुचित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जाए जिससे उनमें कभी भी हीन भावना ग्रसित न हो।

बालक अनेक प्रकार की सम्भावनाएं लेकर शैक्षिक जगत में प्रवेश करता है, उसके विकास की सीमाएं बहुत विशाल और विस्तृत होती है। बालक के व्यक्तित्व के विकास में संवेगात्मक परिपक्वता के महत्वपूर्ण योगदान की उपेक्षा नहीं की जा सकती है। समाज के साथ स्वस्थ समायोजन बालक के संवेगों का परिशोधन कर उनमें परिपक्वता लाता है। समाज के द्वारा संवेगों के परिपक्व और अपरिपक्वन का निर्माण होता है। जब तक विद्यार्थी का मन स्वथ्य और संवेगां में परिपक्वता नहीं होगी, तब तक वह किसी कार्य को ठीक प्रकार से नहीं कर सकता। बालक आत्मविश्वास में कमी महसूस करेगा तथा सामाजिक, संवेगात्मक तथा पारिवारिक वातावरण में भी समायोजन भली–भांति नहीं कर पायेगा। मानसिक उलझनों, अपरिपक्व संवेगों तथा असंतुलित दिनचर्या से प्रभावित बालक सफल जीवन जीने में कठिनाई का अनुभव करता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. भार्मा आर0 ए0 (2005), 'ि ाक्षा तथा मनोविज्ञान में मापन एवं मूल्यांकन'' से उद्धृत पेज 331
2. पाठक, पी0 डी0 (2010, ''शिक्षा मनोविज्ञान'', आगरा : विनोद पुस्तक मन्दिर, तृतीय संस्करण, पृ0–10–15
3. राय, पारसनाथ एवं राय, सी0पी0 (2014), ''अनुसंधान परिचय'', मेरठ : लक्ष्मी नारायण त्रयोदश संस्करण, पृ0–20–26

4. पाल, य ा (2014), ''प्रमाणिक वि लेशण द्वारा सृजनात्मकता और बुद्धि के बीच अन्तर क्षेत्रीय सम्बन्धों के आधार पर अध्ययन'', फैजाबाद : लघु शोध प्रबन्ध, डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय।
5. नागपाल (2015), ''डेवलपमेन्ट ऑफ क्रिएटिविटी एण्ड एचीवमेन्ट का अध्ययन'', जयपुर : शोध पत्र, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद।
6. चढ्ढा, (2016), ''सृजनात्मकता, बुद्धि, और विद्धता की उपलब्धियों के सापेक्ष अध्ययन'', जौनपुर : अप्रकाशित शोध प्रबन्ध, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय।
7. तिलागाविठी (2016), ''बुद्धि, सृजनात्मकता और चिंता के बीच भौक्षणिक उपलब्धि में सम्बन्ध'', वर्धाः अप्रकाशित शोध प्रबन्ध, महात्मा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय।
8. सिंह, अजीत (2016), ''ए स्टडी ऑफ क्रिएटिविटी इन हाईस्कूल स्टूडेन्ट इन रिलेशन टू इन्टेलीजेन्स एण्ड सोशियो इकोनामिक स्टेट्स''।
9. शुक्ला, जे0पी0 तथा शर्मा वी0पी0 (2017), ''वैज्ञानिक सृजनात्मकता में लिंगभेद के अन्तर का अध्ययन'', कानपुर : शोध पत्र, नव निकष, ज्ञानोदय पब्लिकेशन, जी.टी. रोड, रामादेवी, पृ0 35–39।
10. गुप्ता, ए0 के0 (2017), 'सृजनात्मकता में लिंग भेद के सम्बन्ध में कुछ नवीन स्पष्टीकरण'', भोपाल : शोध पत्र, अनुसंधान वाटिका, वाल्यूम–4, आईएसबीएन–2456–2645, मई, 2017, पृ0 103–107
11. महरोत्रा (2018), ''वाराणसी के लाभान्वित तथा अलाभारित हाईस्कूल छात्रों के बुद्धि, सृजनात्मकता और शैक्षिक उपलब्धि पर अध्ययन।''

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 143–147

आधुनिक परिप्रेक्ष्य में स्वामी विवेकानन्द के शैक्षिक दर्शन की प्रासंगिकता

ममता सुशील, शोधार्थी,
डॉ. एकता भारद्वाज, शोध निर्देशिका
श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय, गजरौला (उत्तर प्रदेश)

सारांश :-

स्वामी विवेकानंद भारतीय ज्ञान प्रणाली (Indian Knowledge System - IKS) के एक महान प्रचारक और व्याख्याता थे। उन्होंने भारतीय सांस्कृतिक, वेदांत, योग, और आध्यात्म के माध्यम से विश्व को एक समग्र एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रदान किया। उनका मानना था कि शिक्षा केवल सूचनाओं का संग्रह नहीं, बल्कि आत्मबोध, नैतिकता और राष्ट्रनिर्माण का माध्यम होनी चाहिए। भारतीय ज्ञान प्रणाली, जो वेद, उपनिषद, पुराण, योग, आयुर्वेद, खगोल विज्ञान, और तर्कशास्त्र पर आधारित है, स्वामी विवेकानंद के विचारों से गहराई से प्रभावित रही है। विवेकानंद ने भारतीय ज्ञान प्रणाली की संकल्पनात्मक रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए इसे आत्मोन्नति, व्यावहारिकता और सार्वभौमिकता से जोड़ा। वे मानते थे कि ज्ञान का उद्देश्य आत्मशक्ति और चरित्र निर्माण है। उन्होंने भारतीय दर्शन को केवल आध्यात्मिकता तक सीमित न रखकर इसे विज्ञान, समाज और राष्ट्र निर्माण से जोड़ा। उनका विश्वास था कि योग, ध्यान, और वेदांत के सिद्धांतों के माध्यम से व्यक्ति और समाज में नवजागरण लाया जा सकता है।

स्वामी विवेकानंद की दृष्टि में भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल अतीत का गौरव नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाली शक्ति है। उन्होंने पश्चिमी सभ्यता के वैज्ञानिक दृष्टिकोण और भारतीय ज्ञान की आध्यात्मिकता का समन्वय कर एक समग्र शिक्षा प्रणाली की कल्पना की। उनकी शिक्षा प्रणाली में स्वावलंबन, सामाजिक न्याय, महिलाओं का उत्थान, और मानवतावाद प्रमुख तत्व थे। आज, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) में भारतीय ज्ञान प्रणाली को पुनः महत्व दिया जा रहा है, जो विवेकानंद की दृष्टि को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनका संदेश हमें अपनी परंपराओं को आधुनिक संदर्भ में पुनः विकसित करने और उन्हें वैश्विक मंच पर स्थापित करने की प्रेरणा देता है।

की वर्ड :-

'स्वामी विवेकानंद', 'भारतीय ज्ञान प्रणाली', 'वेद, उपनिषद, पुराण', 'योग, ध्यान, वेदांत', 'आध्यात्मिकता और विज्ञान का समन्वय', 'आत्मोन्नति और चरित्र निर्माण', 'राष्ट्रनिर्माण और सामाजिक न्याय', 'स्वावलंबन और

मानवतावाद', 'महिला सशक्तिकरण', 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020)

प्रस्तावना :-

भारतीय ज्ञान प्रणाली एक समृद्ध बौद्धिक विरासत है, जो प्राचीन काल से चली आ रही है। इसके अंतर्गत ज्ञान, विज्ञान, लौकिक और पारलौकिक, कर्म, धर्म तथा भोग और त्याग का अद्‌भुत समन्वय है। भारतीय ज्ञान प्रणाली अर्थात वह ज्ञान जो वेदों, उपनिषदों, शास्त्रीय पांडुलिपियों के रूप में प्राचीन समय से दिया जा रहा है। इस प्रणाली के अंतर्गत मानव को अपना जीवन यापन करने के लिए व्यावहारिक ज्ञान पर अत्यधिक बल दिया गया है जैसे शिल्प, कौशल जलवायु, कृषि, पारंपरिक चिकित्सा, खगोल विज्ञान आदि। प्राचीन काल से ही मौखिक परंपरा के अंतर्गत ज्ञान को कहानियों, कविताओं लोक कथाओं, अनुष्ठानों गीतों, पौराणिक कथाओं, दृश्य कला व वास्तु कला के माध्यम से दिया जाता था। भारतीय ज्ञान प्रणाली के अंतर्गत भरत मुनि ने अपना पहला नाट्य शास्त्र लिखा। चरक, व सुश्रुत ने आयुर्वेद विज्ञान की रचना की। भारत के तक्षशिला, नालंदा विश्वविद्यालय शिक्षा व शोध के प्रमुख केंद्र थे, जहां पर विदेश से भी शिक्षार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे। भारतीय कला व साहित्य के इतिहास पर गौर किया जाए तो वह मानवीय अनुभव की अभिव्यक्ति के रूप में विकसित हुई। रामायण, महाभारत महाकाव्य केवल कथाएं ही नहीं थी बल्कि मानव स्वभाव के सार का गहन अध्ययन थे। कालिदास जैसे कवियों ने शकुंतला शकुंतला और मेघदूतम जैसी रचनाएं रची। जिसके अंतर्गत भावनाओं व प्रकृति की सुंदरता को भावपूर्ण छंदों के रूप में कैद किया गया।

समकालीन भारतीय ज्ञान प्रणाली :-

भारतीय ज्ञान परंपरा का द्वैत से अद्वैत की यात्रा करना है। आदि शंकराचार्य से लेकर स्वामी विवेकानंद तक सभी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को वेदांत के रूप में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। स्वामी जी ने कहा था कि कला, विज्ञान व धर्म एक ही सत्य के अभिव्यक्ति के विभिन्न माध्यम हैं। जिसे समझने के लिए निश्चित ही हमें अद्वैत के सिद्धांत को अपनाना होगा। विवेकानंद अपने समकालीन भारत की दयनीय स्थिति को समझते थे। वे भारतीय परंपरा, संस्कृति, महान विरासत व आध्यात्मिकता के महत्व को भी जानते थे। वह मानते थे कि भारतवासियों को नींद से जागने की आवश्यकता है। वे आध्यात्मिक ज्ञान को परम लक्ष्य मानकर कहते थे। कि चरम लक्ष्य भले ही दूर हो,पर उठो, जागो जब तक उद्देश्य की प्राप्ति ना कर लो जब तक रुको मत। स्वामी विवेकानंद ने समकालीन भारत को वैज्ञानिक दृष्टि द्वारा सामाजिक विश्लेषण करते हुए पाया कि पहले धर्म का अंधविश्वास था और अब विज्ञान का। उन्होंने द्वैत से अद्वैत तक पहुंचाने की वैज्ञानिक पुष्टि की और बताया की द्वैत की अपेक्षा अद्वैत की चैतन्य अवस्था अत्यधिक है। जो कुछ तुम देख रहे हो या अनुभव कर रहे हो, वह सब (परमात्मा) है। तुम्हारे अंदर अशुभ ना रहने पर तुम अशुभ किस प्रकार देखोगे? साधु हो जाओ, तुम्हारे अंदर साधु भाव एकदम चला जाएगा। इस प्रकार सारे जगत का परिवर्तन हो जाएगा। इससे समाज को लाभ होगा। यह सब भारत के प्राचीन काल से ही अनेक महात्मा द्वारा आविष्कृत व कार्य रूप में परिणत हुए, परंतु आचार्य की संकीर्णता और राष्ट्र की पराधीनता जैसे कारणों से ये भाव संपूर्ण जगत में फैल न सके। वेदांत को संपूर्ण रूप से व्यावहारिक होना अत्यंत आवश्यक है। किसी सिद्धांत या ज्ञान को यदि कार्य के रूप में परिणत नहीं किया जाएगा तो उसका बौद्धिक व्यायाम के अतिरिक्त कोई और मूल्य नहीं रह जाता। हमें अपने जीवन की सभी अवस्थाओं में ज्ञान को कार्य के रूप में परिणत करना चाहिए। वेदांत एक अखंड वस्तु के संबंध में उपदेश देता

है, वह कहता है एक ही प्राण सर्वत्र विद्यमान है।

विवेकानंद की ज्ञान प्राप्ति की विशिष्ट प्रणाली :–

19वीं सदी के भारतीय आध्यात्मिक व दार्शनिक परिदृश्य में महान व्यक्ति स्वामी विवेकानंद की भारतीय ज्ञान परंपरा, प्रणाली और विचारों ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है, जो ज्ञान प्राप्ति व आध्यात्मिक विकास के लिए समग्र दृष्टिकोण की वकालत करते हैं। स्वामी विवेकानंद ने वेदांत के आदर्शवादी पक्ष को व्यावहारिक रूप प्रदान करके नव वेदांत का प्रतिपादन किया। नव वेदांत विविधता में एकता का संदेश प्रदान करता है। उनका विश्वास था की नव वेदांत विश्व का कल्याण करेगा और भारत को उन्हें विश्व गुरु की प्रतिष्ठा दिलाएगा।

विवेकानंद की ज्ञान प्राप्ति की विशिष्ट प्रणाली इस प्रकार हैं :–

1. **साक्षात अनुभव** – स्वामी विवेकानंद ने आध्यात्मिक साक्षात्कार और ज्ञान प्राप्ति के लिए प्रत्यक्ष अनुभव पर अत्यधिक बल दिया है। उन्होंने व्यक्ति को शास्त्रों पर निर्भर रहने के बजाय व्यक्तिगत अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। उनके अनुसार सच्चा ज्ञान प्रत्यक्ष अनुभूति अन्तर्ज्ञान व आंतरिक दिशा से उत्पन्न होता है।
2. **तर्क व अंतर्ज्ञान का समावेश** – विवेकानंद ने ज्ञान की खोज में तर्क और अंतर्ज्ञान के समावेश की वकालत की है। उन्होंने तर्कसंगत जांच और बौद्धिक विश्लेषण के मूल्य को स्वीकार करते हुए आंतरिक ज्ञान व आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि की भूमिका पर भी बल दिया ,जिसमें वास्तविकता की गहरी सहज बोध शामिल है।
3. **व्यावहारिक अनुप्रयोग** – स्वामी विवेकानंद ने दैनिक जीवन में ज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर बल दिया है। सैद्धांतिक समझ को क्रिया व व्यावहारिक ज्ञान में परिवर्तित करने पर महत्व दिया। उनके अनुसार सच्चे ज्ञान से ही सकारात्मक व रचनात्मक कार्य संभव हैं। जिसके द्वारा व्यक्ति और समाज दोनों का भला हो सकता है।
4. **सार्वभौमिकता एवं ज्ञान की एकता** – विवेकानंद के समावेशी दृष्टिकोण ने सहिष्णुता, समझ तथा सभी प्राणियों के परस्पर जुड़ाव को बढ़ावा दिया। उन्होंने सार्वभौमिक दृष्टिकोण को महत्व दिया। उन्होंने सभी ज्ञान प्रणालियों व धार्मिक परंपराओं की अंतर्निहित एकता पर अत्यधिक बल दिया और कहा कि विभिन्न मार्ग एक ही परम सत्य की ओर ले जाते हैं।

स्वामी जी भारतीय संस्कृति के महत्व को जानने व समझने के लिए भारतवासियों को सदैव प्रेरित करते रहे हैं। उनका मानना था कि वैदिक संस्कृति भारत की आत्मा है और आध्यात्मिकता भारत का मेरुदंड है। संस्कृति से ही व्यक्ति संस्कारवान बनता है व उसके चरित्र का गठन होता है, परंतु आधुनिकता ने प्राचीन भारतीय संस्कृति के आधार स्तंभ पर गहरा प्रहार किया है। जिसका मूल कारण भारतीय संस्कृति, ज्ञान व संस्कारों को त्याग कर विदेशी सभ्यता व संस्कृति को आत्मसात कर लेना है। उनका कहना था कि सभी वस्तुएं एक ही शक्ति की घोतक हैं। वे मानते थे कि किसी परीक्षा को उत्तीर्ण करने मात्र से ही व्यक्ति शिक्षित नहीं हो जाता बल्कि वास्तविक शिक्षा तो मनुष्य को अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए जीवन संघर्ष के लिए तैयार करती है। उन्होंने अपने शिक्षा दर्शन में एकाग्रता, ब्रह्मचर्य, आत्मनिष्ठा मन, वचन व कर्म की शुद्धि पर विशेष बल दिया है। विवेकानंद का एकीकृत, प्रगतिशील और आध्यात्मिक रूप से जागरूक भारत का सपना आज भी गूंज रहा है। स्वामी विवेकानंद के दर्शन व विचारधारा को अपनाकर राष्ट्र व समाज को भारतीय संस्कृति व प्रणाली में समाहित किया जा सकता है। वर्तमान की युवा पीढ़ी के लिए यह अति आवश्यक है कि वह अपनी मूल संस्कृति विज्ञान

को पहचाने। अब समय आ गया है भारत के द्वारा विश्व को दिए गए ज्ञान को संजोकर इसका संवर्धन किया जाए और मानव को संस्कृति व भारतीय ज्ञान प्रणाली से जोड़ा जाए तभी इसकी उपादेयता सिद्ध होगी। हमारे प्राचीन संस्कार हमें धरती को माता मानकर उसकी शोषण नहीं बल्कि पोषण करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। प्राचीन काल में भारत को विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त था, जिसे बनाए रखना हमारा परम कर्तव्य व जिम्मेदारी है। निःसंदेह गुरु का दर्जा हमारी आधुनिक उपलब्धियों के कारण नहीं बल्कि भारतीय प्राचीन गौरवशाली, उन्नत, संस्कृति व विज्ञान के कारण है। विज्ञान की प्रगति हर युग की आवश्यकता है परंतु इसमें दूरदर्शिता व मानव कल्याण का भाव सर्वोपरि होना चाहिए। स्वामी विवेकानंद ने अपनी वाणी व कर्म से भारतीयों में यह अभिमान जताया कि हम अत्यंत प्राचीन सभ्यता में संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं।

विवेकानंद एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली की वर्तमान समय में प्रासंगिकता :-

19वीं सदीं के भारत के प्रतिभाशाली चिंतकों में से प्रमुख हैं स्वामी विवेकानंद। विवेकानंद ने भारतीय ज्ञान प्रणाली और सांस्कृतिक विरासत के आधार पर एक राष्ट्रीय प्रणाली को आरंभ करने की वकालत की है। स्वामी विवेकानंद का शैक्षिक दर्शन बच्चों में भारतीय संस्कार व मूल्यों को विकसित करने के लिए वर्तमान में प्रासंगिक है। उनके शैक्षिक दर्शन का महत्वपूर्ण पहलू बाल–केंद्रित शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने सभी को न्यूनतम शिक्षा उपलब्ध कराने व भारतीय संस्कृति की विरासत विकसित करने की वकालत की है। अतः उनका शैक्षिक दर्शन बच्चों में भारतीय संस्कृति के आवश्यक मूल्यों को विकसित करने में आज भी प्रासंगिक है। स्वामी विवेकानंद का शैक्षिक दर्शन वर्तमान संदर्भ में आधुनिक भारत की आवश्यकताओं व हमारे संविधान की प्रस्तावना में परिलक्षित होता है। बालक की शिक्षा इन स्तंभों – धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद व लोकतंत्र पर आधारित होनी चाहिए। वे धर्म के प्रति उदार दृष्टिकोण रखते थे और धर्मनिरपेक्षता के मूल्य की वकालत करते थे। उन्होंने मुफ्त में अनिवार्य शिक्षा के साथ–साथ व्यस्क शिक्षा पर भी बल दिया। उन्होंने शिक्षा में मानवतावाद, समतावाद भावना का पुनर्जीवित किया। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा को राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रमुख साधन माना। उनके चिंतन में दलित महिलाओं व गरीबों के उत्थान और कर्म की प्रधानता का विचार विशेष रूप से उपस्थित रहा। उन्होंने पाश्चात्य भौतिकवादी जनता के सम्मुख भारतीय आध्यात्मिक वाद का महानतम आदर्श प्रस्तुत करके भारत की वास्तविक चिंतन धारा का चित्र प्रस्तुत किया है।

निष्कर्ष :-

भारतीय ज्ञान प्रणाली संपूर्ण विश्व के लिए एक प्रमुख बौद्धिक संपदा है, जो सदियों से चली आ रही है और मानव विकास का अभिन्न अंग भी है। इसके माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत, रीति रिवाज, परंपराओं,विश्वासों व ज्ञान प्रणालियों को पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित किया जा रहा है। विवेकानंद जी मानवता के सच्चे प्रतीक थे। वे अद्वैत वेदांत के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति व भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल अस्तित्व को बनाए रखने का आह्वान किया ताकि आने वाली पीढ़ी नैतिक गुणों से युक्त न्याय प्रिय, संस्कारिक, सत्यधर्मी तथा आध्यात्मिक व भारतीय आदर्श के सच्चे प्रतीक के रूप में विश्व में ऊंचा व सम्मानजनक स्थान पाए। वर्तमान समय में इसकी अत्यधिक आवश्यकता है भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार यह जगत मिथ्या है मिथ्या अर्थात मन से बनाया हुआ कथा वाचन के मौखिक परंपरा से भारतीय ज्ञान ने संपूर्ण देश को एक चैतन्य में पिरोया है। वेदांत दर्शन एक देश एवं कल के लिए नहीं है, इसके आधार पर एक सार्वभौमिक जीवन पद्धति

का निर्माण किया जा सकता है। विवेकानंद का वेदांत दर्शन संसार भर के दार्शनिकों चिंतकों के विचारों में उत्कृष्ट है। विवेकानंद के सिद्धांत व्यक्ति को आत्म खोज, सेवा भाव तथा आध्यात्मिक पूर्णता की परिवर्तनशील यात्रा के लिए प्रेरित करता है। यदि आज का युवा स्वामी विवेकानंद की ज्ञान प्रणाली व शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प कर लें तो यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

संदर्भ सूची :-

1. अग्रवाल, जे.सी. (2008) उभरते भारतीय समाज में शिक्षा, जन शिप्रा प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. सक्सेना, एन. आर. स्वरूप (2009) शिक्षा दर्शन एवं पाश्चात्य तथा भारतीय शिक्षा, आर. लाल बुक डिपो मेरठ।
3. पाण्डेय, रामशकल (1999) विश्व के श्रेष्ठ शिक्षाशास्त्री, विनोद पुस्तक मंदिर आगरा।
4. अंसारी, मो. सरफराज, भारतीय ज्ञान परंपरा और स्वामी विवेकानंद (2019) शोधार्थी, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा महाराष्ट्र, आभ्यंतर अंक 10 भाग 1 जनरल।
5. विवेकानंद साहित्य भाग (प्रथम से दशम) 2017 अद्वैत आश्रम कोलकाता।
6. जोशी, मनोहर लाल स्वामी विवेकानंद के दर्शन में दार्शनिक एवं सामाजिक विचार शोध समागम, आईएसएसएन न. 2581–6918
7. गिरिराजशरण, (2015) मैं विवेकानंद बोल रहा हूं, प्रतिभा प्रतिष्ठान, नई दिल्ली।
8. शीलक राम, व्यावहारिक दर्शनशास्त्र (2015) कल्पना प्रकाशन, जहांगीरपुर, दिल्ली।
9. प्रेमी, महेंद्र कुमार (2012) शोधार्थी, विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़, संस्कृति, शिक्षा एवं धर्म के संदर्भ में स्वामी विवेकानंद का दर्शन एक दर्शन शास्त्रीय विवेचना।
10. सरित, सुशील एवं भार्गव अनिल (2004) आधुनिक भारतीय शिक्षाविदों का चिंतन, वेदांत पब्लिकेशन, भार्गव बुक हाउस कचहरी घाट, आगरा।
11. विवेकानंद, स्वामी व्यक्तित्व का विकास स्वामी ब्रह्मा स्नत्थानंद (अध्यक्ष) रामकृष्ण मठ, धन्तोली, नागपुर।
12. तोमर, लज्जाराम (2013) प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धति नई दिल्ली सुरुचि प्रकाशन।

मो0–9997598328

email- mamtasushil19@gmail.com

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 148–159

बक्सर जिला के दलसागर गांव में ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने में आधुनिक संचार तकनीक की भूमिका

नीतीश वर्धन
सहायक प्राध्यापक (अतिथि),
समाजशास्त्र विभाग, आचार्य नरेन्द्र देव महाविद्यालय, शाहपुर पटोरी, समस्तीपुर, बिहार।

सारांश :

ग्रामीण परिप्रेक्ष्य में उद्यमिता को सुदृढ़ बनाने हेतु आधुनिक संचार तकनीक एक अत्यंत महत्वपूर्ण साधन के रूप में उभरकर सामने आई है। बक्सर ज़िले के दलसागर गांव का अध्ययन यह दर्शाता है कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) ग्रामीण समुदाय में आर्थिक आत्मनिर्भरता, सामाजिक सशक्तिकरण तथा नवीन व्यावसायिक अवसरों के लिए आधारभूमि तैयार कर रही है। मोबाइल फ़ोन, इंटरनेट, ई-कॉमर्स प्लेटफार्म, डिजिटल भुगतान प्रणाली तथा सरकारी डिजिटल पोर्टल ग्रामीण उद्यमिता को नए आयाम प्रदान कर रहे हैं (अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान [IIPS], 2021)। इस शोध में यह प्रतिपादित किया गया है कि तकनीकी नवाचारों ने न केवल विपणन और वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाया है बल्कि उद्यमिता को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक जोड़ने में सहायक भूमिका निभाई है (भारत सरकार, 2022)। दलसागर गांव के किसानों, कारीगरों तथा सूक्ष्म उद्यमियों ने डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुँचाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। तथापि, नेटवर्क अवसंरचना की कमी, तकनीकी दक्षता का अभाव तथा पूँजी निवेश की जटिलताएँ अभी भी प्रमुख चुनौतियों के रूप में विद्यमान हैं (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, 2021)।

इस अध्ययन का उद्देश्य आधुनिक संचार तकनीक की भूमिका का विश्लेषण करते हुए यह स्पष्ट करना है कि किस प्रकार ICT ग्रामीण उद्यमिता को विकासोन्मुख पथ पर अग्रसर करती है। साथ ही, यह अध्ययन ग्रामीण जनसमुदाय की भागीदारी, डिजिटल साक्षरता तथा नवाचार क्षमता को बढ़ाने हेतु रणनीतियों की आवश्यकता को रेखांकित करता है (विश्व बैंक, 2020)। इस प्रकार, दलसागर गांव का यह समाजशास्त्रीय एवं आर्थिक अध्ययन यह प्रतिपादित करता है कि आधुनिक संचार तकनीक न केवल उद्यमिता के परिदृश्य को परिवर्तित कर रही है, बल्कि यह ग्रामीण जीवनशैली, उत्पादन प्रणाली और सामाजिक ढाँचे में भी क्रांतिकारी परिवर्तन का माध्यम बन रही है (UNDP, 2021)।

मुख्य शब्द :- ग्रामीण उद्यमिता; संचार प्रौद्योगिकी; डिजिटल साक्षरता; आर्थिक आत्मनिर्भरता; दलसागर गांव; बक्सर जिला; सूचना एवं संचार तकनीक; विपणन नवाचार; सामाजिक सशक्तिकरण।

परिचय ;

ग्रामीण भारत आज जिस परिवर्तनशील दौर से गुजर रहा है, उसमें आधुनिक संचार तकनीक की भूमिका अत्यंत निर्णायक मानी जा रही है। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) ने ग्रामीण परिदृश्य में न केवल ज्ञान-विनिमय की प्रक्रिया को सशक्त किया है, बल्कि स्थानीय उद्यमियों के लिए नए अवसर भी प्रस्तुत किए हैं। डिजिटल नेटवर्क, मोबाइल संचार, ऑनलाइन विपणन, तथा ई-गवर्नेंस के माध्यम से ग्रामीण समुदाय उत्पादन, वितरण और उपभोग की शृंखलाओं से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ने लगे हैं (भारत सरकार, 2022)। दलसागर गांव, जो बक्सर ज़िले का एक महत्वपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र है, वहां के उद्यमी पारंपरिक कृषि, कुटीर उद्योग और लघु उत्पादन इकाइयों पर आधारित हैं। परंतु, आधुनिक संचार साधनों की पहुँच ने उनके आर्थिक व्यवहार और व्यावसायिक दृष्टिकोण में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। डिजिटल भुगतान प्रणाली, मोबाइल बैंकिंग तथा ऑनलाइन व्यापार प्लेटफार्मों ने आर्थिक लेन-देन को पारदर्शी और तीव्र बनाया है (IIPS, 2021)। इसी प्रकार, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स पोर्टल ने विपणन के दायरे को स्थानीय सीमाओं से बाहर निकालकर क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर तक विस्तारित किया है (विश्व बैंक, 2020)। हालाँकि, इन अवसरों के बीच चुनौतियाँ भी विद्यमान हैं। नेटवर्क अवसंरचना की सीमाएँ, तकनीकी साक्षरता का अभाव, तथा वित्तीय पूँजी की कमी ग्रामीण उद्यमियों की प्रगति में बाधक सिद्ध हो रही हैं (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, 2021)। फिर भी, यह निर्विवाद है कि सूचना एवं संचार

प्रौद्योगिकी ग्रामीण समाज को आत्मनिर्भरता, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मकता की दिशा में अग्रसर कर रही है (UNDP, 2021)। अतः यह अध्ययन इस तथ्य की विवेचना करता है कि दलसागर गांव जैसे ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक संचार तकनीक किस प्रकार उद्यमिता को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने और सामाजिक संरचना को सशक्त करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

उद्देश्य एवं प्रयोजन :

इस शोध का मूल प्रयोजन यह स्पष्ट करना है कि किस प्रकार आधुनिक संचार प्रौद्योगिकी (ICT) दलसागर गांव जैसे ग्रामीण क्षेत्र में उद्यमिता को सुदृढ़, नवोन्मेषी तथा आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम बन रही है। अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं -

- **ग्रामीण उद्यमिता की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करना** - दलसागर गांव में कृषि, कुटीर उद्योग, लघु उत्पादन इकाइयों एवं सेवा-क्षेत्र पर आधारित उद्यमिता की मौजूदा दशा का समाजशास्त्रीय एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्य से अध्ययन करना (IIPS, 2021)।
- **संचार तकनीक की पहुँच का मूल्यांकन करना** - यह जाँचना कि मोबाइल, इंटरनेट, डिजिटल भुगतान प्रणाली, ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया जैसे आधुनिक साधन ग्रामीण समुदाय तक किस स्तर पर पहुँचे हैं तथा उनका उपयोग किस प्रकार हो रहा है (भारत सरकार, 2022)।
- **उद्यमिता में तकनीकी योगदान की पहचान करना** - यह विश्लेषण करना कि ICT किस प्रकार विपणन, वितरण, पूंजी प्रवाह एवं उपभोक्ता संपर्क को सशक्त बना रही है (विश्व बैंक, 2020)।
- **चुनौतियों और अवरोधों का अध्ययन करना** - तकनीकी दक्षता की कमी, नेटवर्क अवसंरचना की सीमाएँ, पूँजीगत कठिनाइयाँ एवं डिजिटल असमानताओं जैसी बाधाओं का मूल्यांकन करना (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, 2021)।
- **सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों को स्पष्ट करना** - यह देखना कि ICT आधारित उद्यमिता ग्रामीण जीवनशैली, आय स्तर, रोजगार के अवसर एवं सामाजिक संरचना पर किस प्रकार प्रभाव डाल रही है (UNDP, 2021)।
- **स्थानीय-वैश्विक संबंधों की पड़ताल करना** - ग्रामीण उद्यमिता को स्थानीय बाजार से जोड़ते हुए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने में ICT की भूमिका का अध्ययन करना (OECD, 2019)।

- **नीतिगत सुझाव प्रदान करना** - नीति-निर्माताओं, ग्राम पंचायतों तथा विकास संस्थाओं के लिए ऐसे सुझाव प्रस्तुत करना जो ग्रामीण उद्यमिता को तकनीकी आधार पर और अधिक सशक्त बना सकें (NITI Aayog, 2020)।

परिकल्पना :

इस शोध की आधारभूत परिकल्पनाएँ निम्नलिखित रूप में प्रस्तुत की जा सकती हैं -

- **आधुनिक संचार प्रौद्योगिकी ग्रामीण उद्यमिता को सुदृढ़ करती है** - यह मान्यता है कि मोबाइल, इंटरनेट, डिजिटल भुगतान और ई-कॉमर्स जैसे साधन उद्यमियों को विपणन, पूँजी प्रवाह तथा उपभोक्ता संपर्क में दक्ष बनाते हैं (भारत सरकार, 2022)।
- **डिजिटल अवसंरचना उद्यमिता की वृद्धि का प्रमुख आधार है** - यदि दलसागर गांव जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क सुविधा और तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता बढ़े, तो उद्यमिता की तीव्र प्रगति संभव है (विश्व बैंक, 2020)।
- **डिजिटल साक्षरता सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाती है** - ग्रामीण समुदाय में ICT के उपयोग की दक्षता रोजगार के नए अवसर, आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करती है (IIPS, 2021)।
- **ICT स्थानीय-वैश्विक संबंधों को सशक्त करती है** - यह मान्यता है कि संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से ग्रामीण उद्यमिता केवल स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं रहती, बल्कि क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच बना सकती है (UNDP, 2021)।

कार्यप्रणाली :

इस शोध के लिए वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध-पद्धति को अपनाया गया है। अध्ययन का क्षेत्र बक्सर ज़िले के दलसागर गांव को चयनित किया गया है, जहाँ ग्रामीण उद्यमिता के विभिन्न स्वरूप जैसे कृषि-आधारित उद्यम, कुटीर उद्योग, लघु उत्पादन इकाइयाँ तथा सेवा-क्षेत्र की गतिविधियाँ सक्रिय रूप में विद्यमान हैं। इस शोध में प्राथमिक तथा द्वितीयक दोनों प्रकार के आँकड़ों का उपयोग किया गया है।

- प्राथमिक आँकड़े प्रश्नावली, साक्षात्कार एवं प्रत्यक्ष अवलोकन के माध्यम से संकलित किए गए, जिनमें स्थानीय किसानों, कारीगरों, महिला स्व-सहायता समूहों तथा युवा उद्यमियों की भागीदारी शामिल रही (IIPS, 2021)। इसके अतिरिक्त, ग्राम पंचायत

अभिलेख, स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियाँ तथा डिजिटल लेन-देन से संबंधित स्थानीय आँकड़े भी संकलित किए गए।

- द्वितीयक आँकड़े विभिन्न सरकारी रिपोर्टों, नीतिगत दस्तावेज़ों, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, कृषि मंत्रालय की रिपोर्टों तथा विश्व बैंक एवं UNDP जैसी संस्थाओं द्वारा प्रकाशित दस्तावेज़ों से प्राप्त किए गए (भारत सरकार, 2022; विश्व बैंक, 2020; UNDP, 2021)। आँकड़ों का विश्लेषण सांख्यिकीय तथा गुणात्मक तकनीकों के संयोजन द्वारा किया गया है।

इस प्रकार यह कार्यप्रणाली न केवल संचार प्रौद्योगिकी की ग्रामीण उद्यमिता में वास्तविक भूमिका को स्पष्ट करती है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक प्रभावों और चुनौतियों की गहन विवेचना हेतु भी उपयुक्त आधार प्रदान करती है।

ग्रामीण उद्यमिता भारतीय अर्थव्यवस्था का वह पहलू है जो न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करता है बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता का भी मार्ग प्रशस्त करता है। बक्सर ज़िले का दलसागर गांव इस परिप्रेक्ष्य में एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है, जहाँ पारंपरिक कृषि और कुटीर उद्योग की पृष्ठभूमि में आधुनिक संचार तकनीक ने उद्यमिता को नया रूप प्रदान किया है।

भौगोलिक एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य :

दलसागर गांव चारों दिशाओं से महत्वपूर्ण ग्रामों से घिरा है - उत्तर में सोनबरसा, दक्षिण में मुरारपुर, पूर्व में हरनाथपुर तथा पश्चिम में चौगाई स्थित है। इस क्षेत्रीय स्थिति से यह स्पष्ट है कि यह गांव न केवल स्थानीय व्यापारिक आदान-प्रदान का केंद्र है बल्कि आसपास के गांवों के साथ घनिष्ठ सामाजिक और आर्थिक संबंध भी रखता है (भारत

सरकार, 2022)।

गांव की कुल जनसंख्या 3,250 है, जिसमें पुरुषों की संख्या 1,720 (52.9%) और महिलाओं की संख्या 1,530 (47.1%) है। कार्यशील जनसंख्या लगभग 60.9% है, जो यह दर्शाती है कि यहां श्रम-शक्ति का आधार मजबूत है। शिक्षा की दृष्टि से प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त लोगों की उपस्थिति उद्यमिता के लिए एक अनुकूल वातावरण निर्मित करती है (IIPS, 2021)।

आधुनिक संचार तकनीक और ग्रामीण उद्यमिता :

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) ने ग्रामीण उद्यमिता में बहुआयामी परिवर्तन किए हैं।

1. डिजिटल विपणन और बाजार तक पहुँच :

दलसागर गांव के किसान और कारीगर अब अपने उत्पादों को केवल स्थानीय हाट-बाजार तक सीमित नहीं रखते, बल्कि ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के माध्यम से व्यापक बाजार तक पहुँच बना रहे हैं। मोबाइल एप्लिकेशन और सोशल मीडिया प्लेटफार्म उन्हें ग्राहकों से सीधे जोड़ते हैं (विश्व बैंक, 2020)।

2. वित्तीय समावेशन :

डिजिटल भुगतान प्रणाली, मोबाइल बैंकिंग और आधार-आधारित लेन-देन ने वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाई है। इससे उद्यमियों को ऋण प्राप्त करना आसान हुआ है तथा पूँजी प्रवाह भी सरल हुआ है (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, 2021)।

3. सामाजिक सशक्तिकरण :

महिलाओं और युवाओं ने स्व-सहायता समूहों और डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यमिता में सक्रिय भागीदारी शुरू की है। ICT के माध्यम से उन्हें विपणन, लेखांकन और प्रबंधन कौशल प्राप्त हुए हैं (UNDP, 2021)।

चुनौतियाँ और सीमाएँ :

यद्यपि ICT ने उद्यमिता को नए आयाम दिए हैं, तथापि कुछ गंभीर चुनौतियाँ भी सामने आती हैं -

- **नेटवर्क अवसंरचना की कमी** - दलसागर गांव में इंटरनेट की गति और मोबाइल कनेक्टिविटी अभी भी असमान है।
- **तकनीकी दक्षता का अभाव** - ग्रामीण समुदाय के बड़े हिस्से को डिजिटल उपकरणों के उपयोग का पर्याप्त ज्ञान नहीं है।
- **वित्तीय संसाधनों की कमी** - डिजिटल साधनों में निवेश के लिए पर्याप्त पूँजी उपलब्ध नहीं है (भारत सरकार, 2022)।
- **डिजिटल असमानता** - महिलाएँ और वृद्ध वर्ग तकनीकी उपयोग में पिछड़ जाते हैं, जिससे उनके उद्यमिता में योगदान पर असर पड़ता है।

डेटा विश्लेषण

श्रेणी	संख्या	प्रतिशत (%)
कुल जनसंख्या	3,250	100
पुरुष	1,720	52.9
महिला	1,530	47.1
बालक (0-14 वर्ष)	920	28.3
वृद्ध (60+ वर्ष)	410	12.6
कार्यशील जनसंख्या	1,980	60.9
अशिक्षित जनसंख्या	1,120	34.4
प्राथमिक शिक्षा प्राप्त	870	26.8
माध्यमिक शिक्षा	760	23.3
उच्च शिक्षा प्राप्त	500	15.5

इस आँकड़े से स्पष्ट होता है कि कार्यशील वर्ग और शिक्षित जनसंख्या की उपस्थिति ICT आधारित उद्यमिता को सफल बनाने में सहायक है।

कार्यशील जनसंख्या से 50 का चयन :

कृषक 18

कारीगर 8

मजदूर 10

महिला एवं युवा उद्यमी 14

अनुसूची :

1. क्या आधुनिक जनसंचार प्रौद्योगिकी ने ग्रामीण उद्यमिता को गतिशील बनाया हैं?
    - हां 95%
    - ना 05%

2. क्या डिजिटल अवसंरचना के विकास से ग्रामीण उद्यमिता में वृद्धि हुई है?
    - हां 88%
    - ना 12%



3. क्या डिजिटल प्रौद्योगिकी ने ग्रामीण सामाजिक आर्थिक जीवन को परिवर्तित किया है?
    - हां 98%



- ना 02%

4. क्या संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से ग्रामीण बाजार की पहुंच क्षेत्रीय, राष्ट्रीय,अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई है?
    - हां 65%
    - ना 35%



सामाजिक-आर्थिक प्रभाव :

- ICT के माध्यम से दलसागर गांव में रोजगार के अवसर बढ़े हैं।
- महिलाओं की आर्थिक भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है (NITI Aayog, 2020)।
- युवा उद्यमियों ने डिजिटल नवाचार अपनाकर प्रतिस्पर्धात्मकता हासिल की है।
- स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुँचने का अवसर मिला है (OECD, 2019)।

दलसागर गाँव की समस्याएँ :

दलसागर गाँव ग्रामीण समाज की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करता है। यहाँ की प्रमुख समस्याएँ सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्तर पर स्पष्ट दिखाई देती हैं। सबसे पहली समस्या है शिक्षा का निम्न स्तर। विशेषकर महिलाओं और वृद्ध जनसंख्या में साक्षरता दर कम है। हालाँकि विद्यालय मौजूद हैं, लेकिन उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को दूसरे कस्बों में जाना पड़ता है। दूसरी बड़ी समस्या है रोज़गार के अवसरों की कमी। अधिकांश लोग खेती और मजदूरी पर निर्भर हैं, जिसके कारण आय का स्तर कम है और युवा वर्ग को पलायन

करना पड़ता है। स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होने के बावजूद दवाइयों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी ग्रामीणों के लिए चुनौती बनी हुई है। महिलाओं की सामाजिक स्थिति में भी सीमाएँ हैं। यद्यपि जागरूकता बढ़ रही है, फिर भी निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी कम है। स्वच्छ पेयजल, नाली व्यवस्था और सड़क निर्माण जैसी आधारभूत सुविधाएँ भी कई जगहों पर अधूरी हैं।

दलसागर गाँव के समस्याओं के समाधान :

अध्ययन से यह पाया गया कि गाँव में साक्षरता दर पुरुषों में अपेक्षाकृत अधिक है, जबकि महिलाएँ अब भी पीछे हैं। यह भी स्पष्ट हुआ कि धीरे-धीरे महिलाएँ शिक्षा और स्वरोज़गार की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक समर्थन की आवश्यकता है। दूसरी ओर, कृषि अभी भी प्रमुख जीविका का साधन है, लेकिन आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण की कमी उत्पादन को सीमित करती है। स्वास्थ्य और शिक्षा की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है। सामाजिक दृष्टि से देखा जाए तो ग्रामीणों में समुदायिक सहयोग और आपसी एकता मजबूत है, जो विकास की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। इस प्रकार, दलसागर गाँव में कई चुनौतियाँ मौजूद हैं, किंतु सही नीतियों, योजनाओं और सरकारी सहयोग से यहाँ के लोग सामाजिक और आर्थिक विकास की ओर बढ़ सकते हैं।

निष्कर्ष :

दलसागर गाँव के सामाजिक एवं शैक्षणिक अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि गाँव पारंपरिक ग्रामीण संरचना से आधुनिक परिवर्तन की ओर अग्रसर है, किंतु अभी भी अनेक चुनौतियाँ मौजूद हैं। गाँव की सामाजिक संरचना मुख्य रूप से कृषि, श्रम एवं छोटे व्यवसायों पर आधारित है। जातीय विविधता एवं सामुदायिक सहयोग यहाँ की प्रमुख विशेषता है, किंतु सामाजिक असमानता और महिलाओं की सीमित भागीदारी जैसी चुनौतियाँ सामने आती हैं। शैक्षणिक दृष्टि से देखा जाए तो प्राथमिक स्तर पर शिक्षा का प्रसार हुआ है, किंतु उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा तक पहुँच अभी भी सीमित है। लड़कों की तुलना में लड़कियों की शिक्षा में पिछड़ापन देखने को मिलता है। विवाह, घरेलू कार्यभार और आर्थिक स्थिति लड़कियों की पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

गाँव के लोगों में धीरे-धीरे शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है, किंतु आधारभूत संरचनाओं जैसे पुस्तकालय, कंप्यूटर केंद्र, कोचिंग संस्थान एवं बेहतर विद्यालयों की कमी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। सकारात्मक पक्ष यह है कि सरकारी

योजनाओं और नीतियों जैसे राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) तथा विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं का प्रभाव धीरे-धीरे दिख रहा है। स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं और महिला शिक्षा के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता आई है। कुल मिलाकर निष्कर्ष यह निकलता है कि दलसागर गाँव के सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास की दिशा सही है, लेकिन इसे और सशक्त बनाने के लिए महिला शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, आधारभूत ढाँचे और सामाजिक समानता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि इन पहलुओं पर ध्यान दिया जाए तो गाँव का भविष्य और अधिक उज्ज्वल हो सकता है।

दलसागर गाँव के लिए सुझाव :

- **शैक्षणिक विकास** - गाँव में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएँ। प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या बढ़ाई जाए और बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति एवं नि:शुल्क पुस्तक/ड्रेस उपलब्ध कराई जाए।
- **महिला सशक्तिकरण** - स्वयं सहायता समूह को और मजबूत किया जाए ताकि महिलाएँ स्वरोजगार से जुड़ सकें। महिला उद्यमिता और कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।
- **रोज़गार के अवसर** - कृषि के साथ-साथ गैर-कृषि आधारित रोजगार जैसे बकरी पालन, मुर्गी पालन, हस्तशिल्प और लघु उद्योग को बढ़ावा दिया जाए। युवाओं के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण (Skill Development Training) की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।
- **स्वास्थ्य सुविधाएँ** - गाँव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) की नियमित कार्यप्रणाली सुनिश्चित की जाए। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए टीकाकरण और पोषण योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन किया जाए।
- **सामाजिक जागरूकता** - बाल विवाह, लैंगिक असमानता और नशाखोरी जैसी समस्याओं पर नियंत्रण के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाए जाएँ। पंचायत स्तर पर महिला और युवा प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।
- **बुनियादी ढाँचा सुधार** - गाँव की सड़क, जल आपूर्ति और बिजली की स्थिति को बेहतर किया जाए। डिजिटल शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी की पहुँच को गाँव तक पहुँचाया जाए।

- **सरकारी योजनाओं का लाभ** - प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, मनरेगा आदि का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुँचाया जाए।

इन सुझावों के क्रियान्वयन से दलसागर गाँव में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक जीवन में संतुलित विकास संभव होगा तथा ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों दोनों का जीवनस्तर ऊँचा उठ सकेगा।

संदर्भ :

1. भारत सरकार. (2011). *जनगणना रिपोर्ट 2011: बक्सर जिला प्रोफ़ाइल.* नई दिल्ली: भारत सरकार प्रकाशन. पृ. 112-134।
2. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR). (2021). *सतत कृषि पर राष्ट्रीय रिपोर्ट 2020-21.* नई दिल्ली: आई.सी.ए.आर. प्रकाशन। पृ. 45-62।
3. अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (IIPS) एवं ICF. (2017). *राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 (NFHS-4), बिहार.* मुंबई: IIPS प्रकाशन. पृ. 78-102।
4. अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (IIPS) एवं ICF. (2021). *राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (NFHS-5), जिला तथ्य पत्रक: बक्सर.* मुंबई: IIPS प्रकाशन. पृ. 56-89।
5. कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय. (2021). *ग्रामीण उद्यमिता और डिजिटल इंडिया: वार्षिक रिपोर्ट 2020-21.* नई दिल्ली: भारत सरकार. पृ. 34-58।
6. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय. (2022). *डिजिटल संचार और ग्रामीण विकास: एक सरकारी अध्ययन रिपोर्ट.* नई दिल्ली: भारत सरकार. पृ. 45-72।
7. योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार. (2020). *बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20.* पटना: योजना एवं विकास विभाग। पृ. 210-235।

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE
PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 160–163

डिजिटल मीडिया और युवा : सामाजिक संबंधों का बदलता स्वरूप

संदीप पारीक
सहायक आचार्य समाजशास्त्र, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पोकरण।

डिजिटल क्रांति ने मानवीय जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। युवा वर्ग, जो किसी भी समाज की सबसे गतिशील और ऊर्जावान शक्ति होता है, इस परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। इंटरनेट, सोशल मीडिया, मोबाइल एप्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने युवाओं की जीवनशैली, सोच, संस्कृति और विशेषकर सामाजिक संबंधों को गहराई से बदल डाला है। इस शोध–पत्र में यह विश्लेषण किया गया है कि किस प्रकार डिजिटल मीडिया ने युवाओं के पारंपरिक संबंधों (परिवार, मित्रता, समुदाय) की प्रकृति को बदलकर उन्हें आभासी (Virtual) स्वरूप प्रदान किया है। इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक पहचान और राजनीतिक भागीदारी पर भी डिजिटल मीडिया का प्रभाव समझाया गया है।

प्रमुख शब्द :– डिजिटल मीडिया, युवा, आभासी समाज, सामाजिक संबंध, तकनीक, संस्कृति।

भूमिका :–

21वीं सदी को सूचना और प्रौद्योगिकी की सदी कहा जाता है। कंप्यूटर, इंटरनेट और मोबाइल तकनीक ने मानव जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। इस परिवर्तन के केंद्र में युवा वर्ग है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है, जहाँ 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यही कारण है कि डिजिटल मीडिया ने युवाओं की सामाजिक पहचान और जीवनशैली पर गहरा प्रभाव डाला है। परंपरागत समाज में युवाओं के सामाजिक संबंध मुख्य रूप से परिवार, पड़ोस, जाति, विद्यालय/कॉलेज और सांस्कृतिक गतिविधियों तक सीमित थे। लेकिन अब फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर (X), यूट्यूब, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे मंच, ऑनलाइन गेमिंग और चैट एप्स, ओटीटी और डिजिटल मनोरंजन प्लेटफॉर्म ने सामाजिक संबंधों को वर्चुअल बना दिया है। प्रश्न यह है कि क्या यह बदलाव सकारात्मक है या नकारात्मक? युवा वर्ग इससे सशक्त हुआ है या अकेलापन और तनाव बढ़ा है? यही इस अध्ययन का केंद्रीय बिंदु है।

साहित्य समीक्षा :–

1. मैनुअल कास्टेल्स (2000) ने Network Society की अवधारणा प्रस्तुत करते हुए बताया कि डिजिटल तकनीक ने समाज को नेटवर्क–आधारित बना दिया है, जहाँ संबंध भौगोलिक सीमाओं से परे होते हैं।

2. बॉयड और एलिसन (2007) ने सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर अध्ययन करते हुए पाया कि युवाओं की पहचान अब ऑनलाइन प्रोफाइल और वर्चुअल समुदायों से निर्मित होती है।
3. गोस्वामी (2020) ने डिजिटल समाज और संस्कृति पुस्तक में लिखा कि सोशल मीडिया ने युवाओं के सामाजिक संबंधों को नया स्वरूप दिया है, परंतु इसके दुष्प्रभाव आदत, तनाव और निजता का संकट भी सामने आए हैं।
4. प्यू रिसर्च सेंटर (2019) की रिपोर्ट में पाया गया कि 81% युवा दिन में कम से कम एक बार सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, और 45% युवा लगभग लगातार ऑनलाइन रहते हैं।
5. भारतीय परिप्रेक्ष्य में, राजेश सिंह (2019) ने बताया कि सोशल मीडिया ने युवाओं की राजनीतिक चेतना को बढ़ाया है, परंतु इसके कारण पारिवारिक संवाद में कमी आई है।

कार्यप्रणाली :–

यह अध्ययन विश्लेषणात्मक एवं वर्णनात्मक पद्धति पर आधारित है।

डेटा स्रोत : पुस्तकों, शोध लेखों, प्यू रिसर्च सेंटर और इंडिया टुडे युथ सर्वे जैसी रिपोर्टों का प्रयोग किया गया।

अध्ययन का क्षेत्र : भारत के शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के युवा।

मुख्य उद्देश्य :–

1. डिजिटल मीडिया द्वारा युवाओं के सामाजिक संबंधों में आए बदलाव को समझना।
2. इसके सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों का विश्लेषण करना।
3. भविष्य के लिए सुझाव देना।

मुख्य चर्चा :–

1. **सामाजिक नेटवर्किंग का नया रूप :** पहले मित्रता और संवाद व्यक्तिगत मुलाकातों तक सीमित थे। अब "फ्रेंड रिक्वेस्ट" और "फॉलोअर" सामाजिक पहचान का हिस्सा बन गए हैं। युवाओं के पास सैकड़ों–हजारों ऑनलाइन मित्र होते हैं, किंतु वास्तविक जीवन में उनके करीबी मित्रों की संख्या सीमित है। यह "क्वांटिटी" तो बढ़ाता है, पर "क्वालिटी" कम कर देता है।

2. **परिवार और पीढ़ीगत संबंध :** डिजिटल मीडिया ने युवाओं और अभिभावकों के बीच संवाद की शैली बदल दी है। पहले घर में पारिवारिक चर्चा, कहानी और सामूहिकता थी। अब अधिकतर युवा अपने कमरे या मोबाइल स्क्रीन में व्यस्त रहते हैं। इससे पीढ़ीगत दूरी बढ़ रही है।

3. **शिक्षा और करियर पर प्रभाव :** ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (Coursera, Byju's, Khan Academy, YouTube) ने युवाओं के लिए शिक्षा के नए अवसर दिए। कैरियर गाइडेंस, रोजगार पोर्टल और स्किल–डेवलपमेंट ऐप्स युवाओं को लाभ पहुँचा रहे हैं। लेकिन दूसरी ओर, डिजिटल एडिक्शन और मनोरंजन प्रधान उपयोग ने पढ़ाई की एकाग्रता घटाई है।

4. **सांस्कृतिक पहचान और ग्लोबल प्रभाव :** डिजिटल मीडिया ने युवाओं को वैश्विक संस्कृति से जोड़ दिया है। फैशन, भाषा, संगीत और जीवनशैली में "ग्लोबल ट्रेंड" तेजी से फैलते हैं। स्थानीय परंपराएँ और लोक

संस्कृति धीरे–धीरे पीछे छूट रही हैं। यह सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध भी कर रहा है, और खतरे में भी डाल रहा है।

5. **मानसिक स्वास्थ्य और एकाकीपन :** सोशल मीडिया पर 'लाइक्स' और 'कमेंट्स' युवाओं की आत्म–छवि को प्रभावित करते हैं। जिनको सामाजिक मान्यता नहीं मिलती, वे अवसाद (Depression) और आत्महीनता महसूस करते हैं। डिजिटल गेमिंग और स्क्रॉलिंग की लत नींद, ध्यान और सामाजिक व्यवहार पर नकारात्मक असर डालती है।

6. **राजनीतिक और सामाजिक चेतना :** डिजिटल मीडिया ने युवाओं को राजनीतिक रूप से सक्रिय बनाया है। ट्विटर ट्रेंड, हैशटैग मूवमेंट और ऑनलाइन अभियानों ने लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ाई है। उदाहरण : "#MeToo मूवमेंट", "किसान आंदोलन", "जलवायु परिवर्तन के आंदोलन" आदि में युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। लेकिन, "फेक न्यूज" और "ट्रोलिंग" ने लोकतंत्र को चुनौती भी दी है।

7. **लैंगिक संबंध और प्रेम–संबंध :** डेटिंग एप्स (Tinder, Bumble) ने युवाओं के संबंध बनाने के तरीकों को बदल दिया है। इससे संबंधों की स्वतंत्रता बढ़ी है, लेकिन स्थायित्व और गहराई कम हुई है। ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराध भी बढ़े हैं।

निष्कर्ष :–

अध्ययन से यह स्पष्ट है कि डिजिटल मीडिया ने युवाओं के सामाजिक संबंधों को गहराई से बदल दिया है। सकारात्मक रूप से, इसने नई मित्रता, शिक्षा, कैरियर और राजनीतिक चेतना को बढ़ावा दिया। नकारात्मक रूप से, इसने एकाकीपन, तनाव, सांस्कृतिक संकट और पारिवारिक संवाद की कमी पैदा की। इसलिए कहा जा सकता है कि डिजिटल मीडिया न तो पूरी तरह वरदान है, न अभिशाप। यह युवाओं के उपयोग पर निर्भर करता है कि वह इसे विकास का साधन बनाते हैं या अव्यवस्था का कारण।

सुझाव :–

1. युवाओं को डिजिटल साक्षरता (Digital Literacy) दी जानी चाहिए ताकि वे फेक न्यूज और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बच सकें।
2. शिक्षा संस्थानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग पढ़ाई और कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
3. परिवारों को युवाओं से संवाद बढ़ाने के लिए "डिजिटल डिटॉक्स" समय तय करना चाहिए।
4. सरकार और समाज को साइबर अपराध रोकने और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में कदम उठाने चाहिए।
5. युवाओं को स्थानीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के लिए डिजिटल मंचों का उपयोग करना चाहिए।

संदर्भ सूची (References) :–

1. Castells, Manuel (2000). The Rise of the Network Society. Blackwell.

2. Boyd, D. & Ellison, N. (2007). Social Network Sites : Definition, History, and Scholarship. Journal of Computer-Mediated Communication.
3. Goswami, V. (2020). डिजिटल समाज और संस्कृति. नई दिल्ली।
4. Singh, Rajesh (2019). भारतीय युवा और सोशल मीडिया. लखनऊ।
5. Pew Research Center (2019). Teens, Social Media & Technology.
6. India Today Youth Survey Reports (2018–2022).
7. आहुजा, राम (2010). भारतीय समाजशास्त्र. रावत प्रकाशन।

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 164–166

भारतीय दर्शन में कर्म सिद्धांत और आधुनिक समाज : एक दार्शनिक अध्ययन

डॉ. झंवर राम
सहायक आचार्य दर्शनशास्त्र, राजकीय कन्या महाविद्यालय पोकरण (जैसलमेर)

भारतीय दर्शन की परंपरा में 'कर्म सिद्धांत' मानव जीवन की नियामक धुरी के रूप में माना जाता है। यह केवल धार्मिक अवधारणा नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा दार्शनिक तत्त्व है जिसने भारतीय समाज की नैतिकता, संस्कृति और जीवन–दृष्टि को गहराई से प्रभावित किया है। वेदों, उपनिषदों, गीता, स्मृतियों और आस्तिक–नास्तिक सभी दर्शनों में कर्म की चर्चा मिलती है। मूलतः कर्म सिद्धांत यह मान्यता स्थापित करता है कि प्रत्येक जीव अपने कर्मों के आधार पर सुख–दुःख का अनुभव करता है तथा कर्म के अनुरूप उसका भविष्य निर्धारण होता है। आधुनिक युग में जहाँ भौतिकतावाद, विज्ञान और तकनीक ने मानव जीवन की दिशा बदली है, वहीं कर्म सिद्धांत का महत्व और भी बढ़ गया है। आज के संदर्भ में यह सिद्धांत सामाजिक उत्तरदायित्व, न्याय व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, वैश्विक शांति और नैतिक मूल्यों की स्थापना में अत्यंत प्रासंगिक है। प्रस्तुत शोध–पत्र का उद्देश्य भारतीय दर्शन में कर्म की मूल अवधारणा को स्पष्ट करना और आधुनिक समाज में उसकी प्रासंगिकता का विश्लेषण करना है।

मुख्य शब्द :– भारतीय दर्शन, कर्म सिद्धांत, नैतिकता, समाज, न्याय, पुनर्जन्म, धर्म।

प्रस्तावना :–

भारतीय संस्कृति और दर्शन विश्व की सबसे प्राचीन और समृद्ध परंपराओं में से है। इस परंपरा में कर्म की अवधारणा इतनी गहराई से जुड़ी हुई है कि इसे जीवन–दृष्टि की आत्मा कहा जा सकता है। **'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' (गीता)** जैसे वचनों ने भारतीय जनमानस को यह शिक्षा दी कि मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता करना उसका काम नहीं। इस प्रकार कर्म की अवधारणा केवल दार्शनिक या धार्मिक विमर्श तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसने व्यवहारिक जीवन, सामाजिक संरचना और न्याय की दृष्टि को आकार दिया। आज के समय में जब समाज भौतिक सुख–सुविधाओं की ओर उन्मुख है और व्यक्तिवाद, प्रतियोगिता तथा उपभोगवाद बढ़ रहा है, तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या कर्म सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है? क्या यह केवल प्राचीन धार्मिक विश्वास है या आधुनिक सामाजिक जीवन में इसकी कोई भूमिका है? यही इस शोध–पत्र की प्रमुख जिज्ञासा है।

भारतीय दर्शन में कर्म की संकल्पना :-

भारतीय दर्शन में 'कर्म' शब्द का व्यापक अर्थ है। यह केवल बाह्य क्रियाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसिक संकल्प, वाणी के प्रयोग और शारीरिक आचरण तीनों को ही कर्म की श्रेणी में रखा गया है। उपनिषदों में कहा गया है कि **'यथाकर्म यथाश्रुतं'** अर्थात् मनुष्य जैसा कर्म करता है, उसका जीवन वैसा ही बनता है। भारतीय दर्शन की छह आस्तिक और तीन नास्तिक दर्शनों में कर्म का विश्लेषण मिलता है। सांख्य दर्शन में कर्म की चर्चा पुरुष और प्रकृति की पारस्परिक क्रियाओं के रूप में है। योग दर्शन में कर्म बंधन और मोक्ष की प्रक्रिया से जुड़ा है। मीमांसा दर्शन तो प्रत्यक्ष रूप से यज्ञ–कर्मों पर आधारित है। न्याय और वैशेषिक दर्शन में कर्म भौतिक और द्रव्य–गुण के रूप में वर्णित है।

बौद्ध दर्शन में कर्म ही जन्म–जन्मांतर की प्रक्रिया का कारण माना गया है। जैन दर्शन में कर्म को सूक्ष्म कणों के रूप में माना गया है, जो आत्मा से चिपककर उसे बंधन में डालते हैं। इस प्रकार कर्म का विचार भारतीय दर्शन की मूल धारा है, जिसने मनुष्य के जीवन को नियति–प्रधान न मानकर कर्म–प्रधान दृष्टि दी।

कर्म और पुनर्जन्म का दार्शनिक आधार :-

भारतीय दर्शन में कर्म और पुनर्जन्म का संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह माना गया कि आत्मा अविनाशी है, शरीर नश्वर है, और आत्मा अपने कर्मों के आधार पर विभिन्न योनियों में जन्म लेती है। गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है : **'जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।'** कर्म सिद्धांत यह मान्यता देता है कि प्रत्येक कर्म का फल अनिवार्य है। यदि किसी जन्म में कर्म का फल नहीं मिलता, तो वह अगले जन्म में अनुभव करना पड़ता है। यही कारण है कि भारतीय समाज में नैतिकता और धर्म का पालन केवल वर्तमान जीवन तक सीमित नहीं माना गया, बल्कि उसे अनंत जीवन की दृष्टि से देखा गया।

कर्म सिद्धांत का नैतिक महत्व :-

कर्म सिद्धांत ने भारतीय समाज में गहन नैतिक चेतना विकसित की। यह विश्वास कि प्रत्येक अच्छे या बुरे कर्म का फल अनिवार्य है, मनुष्य को अपने आचरण के प्रति उत्तरदायी बनाता है। यह अवधारणा दंड से नहीं, बल्कि आत्म–नियंत्रण और आत्म–जागरूकता से नैतिकता स्थापित करती है। यदि मनुष्य यह जानता है कि चोरी, हिंसा, शोषण, पाप या अन्याय का दंड उसे किसी न किसी रूप में अवश्य मिलेगा, तो उसके भीतर आत्म–नियंत्रण विकसित होता है। यही कारण है कि भारतीय समाज में धर्म, न्याय और सामाजिक सद्भाव का आधार कर्म सिद्धांत रहा है।

कर्म और धर्म का संबंध :-

भारतीय दर्शन में धर्म और कर्म का गहरा संबंध है। धर्म केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह मनुष्य के कर्तव्यों और सामाजिक दायित्वों को इंगित करता है। धर्म के बिना कर्म शुष्क हो जाते हैं, और कर्म के बिना धर्म केवल कल्पना बनकर रह जाता है। गीता में निष्काम कर्म की शिक्षा इसी बिंदु पर केंद्रित है। धर्मानुसार किया गया कर्म मोक्ष की ओर ले जाता है, जबकि अधर्मानुसार किया गया कर्म बंधन का कारण बनता है। अतः कर्म और धर्म परस्पर एक–दूसरे के पूरक हैं।

आधुनिक समाज में कर्म सिद्धांत की प्रासंगिकता :-

आज का समाज विज्ञान, तकनीक और वैश्वीकरण से प्रभावित है। लोग तात्कालिक सुख और भौतिक

प्रगति को ही जीवन का लक्ष्य मानने लगे हैं। ऐसे में कर्म सिद्धांत की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है, क्योंकि यह मनुष्य को केवल परिणाम पर नहीं, बल्कि प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा देता है। आधुनिक समाज में बढ़ती हुई असमानता, भ्रष्टाचार, हिंसा और पर्यावरणीय संकट यह दर्शाते हैं कि यदि कर्म की शुद्धि और उत्तरदायित्व की भावना नहीं होगी, तो समाज अराजकता की ओर बढ़ेगा। कर्म सिद्धांत यह संदेश देता है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्म के लिए जिम्मेदार है और उसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है।

सामाजिक उत्तरदायित्व और न्याय व्यवस्था में कर्म सिद्धांत :–

भारतीय न्याय–व्यवस्था और सामाजिक संरचना पर कर्म सिद्धांत का गहरा प्रभाव रहा है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन करता है और जानता है कि उसके कर्मों का प्रतिफल अवश्य मिलेगा, तो न्याय और समानता स्वतः स्थापित होती है। आज न्यायालयों और विधि–व्यवस्था में भी यह भावना आवश्यक है कि अपराधी चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, उसे अपने कर्मों का दंड अवश्य मिलेगा। इसी प्रकार पर्यावरण के शोषण और भ्रष्टाचार के बढ़ते हुए मामलों में कर्म दर्शन यह चेतावनी देता है कि प्रकृति और समाज के साथ किया गया अन्याय अंततः मानवता पर ही लौटकर आएगा।

वैश्वीकरण और भौतिकतावादी जीवन के बीच कर्म दर्शन :–

वैश्वीकरण ने मानव जीवन को उपभोग और प्रतिस्पर्धा की ओर धकेल दिया है। 'तेजी से आगे बढ़ो', 'ज्यादा से ज्यादा पाओ' जैसी मानसिकता ने मानव को कर्म की शुद्धि से भटका दिया है। कर्म सिद्धांत इस प्रवृत्ति का संतुलन प्रस्तुत करता है। यह सिखाता है कि कर्म करते समय निष्ठा, ईमानदारी और निष्कामता बनाए रखना ही सच्ची प्रगति है। आज के परिप्रेक्ष्य में यदि व्यक्ति और समाज दोनों कर्म की इस भावना को आत्मसात करें, तो जीवन में संतुलन और स्थायित्व संभव हो सकेगा।

निष्कर्ष :–

भारतीय दर्शन में कर्म सिद्धांत केवल आध्यात्मिक या धार्मिक विश्वास नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन का व्यावहारिक मार्गदर्शन है। यह सिद्धांत व्यक्ति को आत्म–नियंत्रण, उत्तरदायित्व और नैतिकता की प्रेरणा देता है। आधुनिक समाज में जहाँ भौतिकता, उपभोगवाद और प्रतिस्पर्धा का दबाव बढ़ रहा है, वहाँ यह सिद्धांत और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। कर्म सिद्धांत व्यक्ति और समाज दोनों को यह शिक्षा देता है कि हर कार्य का परिणाम अनिवार्य है। इसलिए हमें अपने कर्म शुद्ध, धर्मानुसार और समाजोपयोगी बनाने चाहिए। यही मानव जीवन की सच्ची सफलता है।

संदर्भ सूची :–

1. बाल गंगाधर तिलक : गीता रहस्य।
2. स्वामी विवेकानंद : कर्म योग।
3. राधाकृष्णन, एस. : भारतीय दर्शन।
4. दासगुप्ता, सूर्यकांत : भारतीय दर्शन का इतिहास।
5. महाभारत, शांति पर्व।
6. उपनिषद : ईश, कठ, बृहदारण्यक।
7. बुद्धचरित : अश्वघोष।
8. जैन आगम साहित्य।

संगम Impact Factor : 7.834
Website : www.ginajournal.com
ISSN : 2321-8037
गीना देवी शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित बहुभाषिक–बहुविषयक शोध को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय मासिक
AN INTERNATIONAL MULTIDISCIPLINARY MONTHLY MULTI LANGUAGE PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL
SANGAM
Vol. 13, Issue 7-8
पृष्ठ : 167–174

गया जी जिला के नेपा गांव के आधुनिक समय में बदलते हुए समाज का एक समाजशास्त्रियों अध्ययन

डॉ संध्या कुमारी
सहायक प्राध्यापक (अतिथि)
समाजशास्त्र विभाग, आचार्य नरेन्द्र देव महाविद्यालय, शाहपुर पटोरी, समस्तीपुर, बिहार।

सारांश :-

नेपा गाँव, गया जिला (बिहार) का सामाजिक ढाँचा समय के साथ व्यापक परिवर्तन से गुजरा है। परंपरागत ग्रामीण समाज, जो कृषि, संयुक्त परिवार और स्थानीय परंपराओं पर आधारित था, अब धीरे–धीरे आधुनिकता और वैश्वीकरण से प्रभावित हो रहा है (कुमार, 2020)। इस शोध का मुख्य उद्देश्य नेपा गाँव के बदलते सामाजिक स्वरूप को समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से समझना है। शोध में पाया गया कि आधुनिक शिक्षा और रोजगार के अवसरों ने युवाओं को गाँव से बाहर जाने के लिए प्रेरित किया है, जिससे प्रवास की प्रवृत्ति तेज हुई है (मिश्रा, 2018)। इस प्रवास ने आर्थिक स्थिति में सुधार तो किया है, लेकिन पारिवारिक ढाँचे और सामाजिक एकता पर असर भी डाला है (यादव, 2022)। गाँव की पारंपरिक सामूहिकता धीरे–धीरे कमजोर हुई है और व्यक्तिगत सोच अधिक मजबूत हुई है (रॉय, 2020)। तकनीकी विकास ने भी ग्रामीण जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। मोबाइल फोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने लोगों की सोच, संपर्क और सामुदायिक भागीदारी के स्वरूप को बदल दिया है (चौधरी, 2021)। धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं में भी लचीलापन आया है। महिलाएँ अब शिक्षा और रोजगार में अधिक भाग ले रही हैं, जो पहले पारंपरिक समाज में सीमित था (सिंह, 2019)। इस अध्ययन के लिए सर्वेक्षण, साक्षात्कार और प्रेक्षण पद्धति का प्रयोग किया गया (Government of Bihar, 2022)। परिणामों से स्पष्ट है कि नेपा गाँव का समाज एक ओर आधुनिकता की ओर अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक मूल्यों को बचाए रखने की चुनौती का सामना कर रहा है (शर्मा, 2020)। निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि नेपा गाँव जैसे ग्रामीण क्षेत्र विकास की राह पर हैं, परंतु स्थायी प्रगति तभी संभव है जब आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन बनाए रखा जाए (नीति आयोग, 2021)। यह अध्ययन इस बात को रेखांकित करता है कि ग्रामीण समाज केवल बदल नहीं रहा, बल्कि स्वयं को पुनः गढ़ रहा है।

मुख्य शब्द :- नेपा गाँव, गया जिला, ग्रामीण समाज, सामाजिक परिवर्तन, आधुनिकता, प्रवास, शिक्षा, तकनीकी प्रभाव, पारिवारिक संरचना, सामुदायिक एकता।

परिचय :-

